# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹79839/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹97510/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹106441/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur


- नेपाल की राजनीति में एक नया मोड़, शांति की ओर बढ़ रहे कदम
- भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ भड़का है आक्रोश
- भारतीय विमानन कंपनियों ने दूसरे दिन भी काठमांडू की उड़ानें रद्द कीं
- नेपाल में 'जेन-जी' प्रदर्शन में 25 लोगों की मौत, 600 से अधिक घायल

# सेना के कब्जे में नेपाल, देशभर में कर्फ्यू, पूर्व जस्टिस सुशीला को मिल सकती है कमान



*नेपाल की सेना ने विरोध प्रदर्शन की आड़ में संभावित हिंसा को रोकने के लिए देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिए और कर्फ्यू लगा दिया है। इस बीच, नेपाल की राजनीति में एक नया मोड़ आता दिख रहा है। हिंसा और सत्ता संकट के बीच अब देश की कमान कौन संभालेगा, इसे लेकर जेन-जीआंदोलनकारियों ने वर्चुअल बैठक बुलाई। इस ऑनलाइन सभा में सबसे ज़्यादा समर्थन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को मिला।*

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

देशभर में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं के बाद मंगलवार रात से सुरक्षा अभियानों की कमान संभालने वाली सेना ने कहा कि प्रतिबंधात्मक आदेश बुधवार शाम पांच बजे तक प्रभावी रहेंगे और उसके बाद गुरुवार सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। सेना ने सड़कों पर पहरा दिया और लोगों को घर पर ही रहने का आदेश दिया जिससे नेपाल की राजधानी काठमांडू में सन्नाटा पसरा रहा। इससे एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन, राष्ट्रपति कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास, सरकारी भवनों, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जारी किए आपातकालीन नंबर

काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास से +977-980 860 2881 (व्हाट्सएप कॉल भी) और +977-981 032 6134 (व्हाट्सएप कॉल भी) पर संपर्क किया जा सकता है।

### दिल्ली-काठमांडू बस सेवा स्थगित की

नेपाल में अशांति के बीच दिल्ली परिवहन निगम ने दिल्ली-काठमांडू बस सेवा स्थगित की।




### ओली बोले-अयोध्या लिपुलेख पर रुख की कीमत चुकानी पड़ी


नेपाल के अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सत्ता से बेदखल होने के बाद अपनी भड़ास भारत पर निकाल रहे हैं। ओली ने भारत पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया है कि उन्हें अयोध्या और भगवान राम पर उनके रुख की उन्हें राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ी है। उन्होंने कहा, मैंने अयोध्या में राम के जन्म का विरोध करने के कारण सत्ता खो दी।

### पहली महिला मुख्य न्यायाधीश



सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। सुशीला कार्की का जन्म सात जून 1952 को विराटनगर में हुआ था। उन्होंने राजनीति शास्त्र और कानून की पढ़ाई की और उसके बाद वकालत और कानूनी सुधारों के क्षेत्र में अपने करियर की शुरुआत की। सुप्रीम कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक मामलों की सुनवाई की, जिनमें चुनावी विवाद भी शामिल थे।





### मैं स्पा में थी, भीड़ ने होटल जला दिया

नेपाल में विरोध प्रदर्शनों के बीच एक भारतीय महिला पर्यटक उपास्था गिल का दर्दनाक वीडियो सामने आया है। उपास्था गिल ने बताया कि जब वे होटल के स्पा में थीं, तभी भीड़ अंदर घुसी और उन्हें लाठी-डंडों से दौड़ाने लगी। किसी तरह वह जान बचाकर भागीं। महिला ने बताया कि उनके कमरे में रखा सारा सामान और लगेज भी आग में जल गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हमें अपने संविधान पर गर्व

नेपाल के हालात पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है. प्रेसिडेंशियल रेफरेंस पर सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई ने कहा, हमें अपने संविधान पर गर्व है, पड़ोसी देशों की ओर देखिए नेपाल में हमने देखा। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा, और बांग्लादेश में भी। दरअसल हुआ कुछ यूं कि प्रेसिडेंश यिल रेफरेंस मामले की सुनवाई के दौरान संविधान पीठ अलग-अलग पक्षों को सुन रही थी।



## इधर, फ्रांस में बगावत!

## सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारी मुश्किल में मैक्रों

- प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प
- 300 से अधिक गिरफ्तार
- 80000 पुलिसकर्मियों की तैनाती



एजेंसी ▶▶| पेरिस

नेपाल में सोमवार से शुरू हुआ जेन-जी प्रदर्शन अभी खत्म नहीं हुआ है। इस बीच यूरोपीय देश फ्रांस में एक और राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन शुरू हुआ है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की नीतियों के खिलाफ फ्रांस के लोग सड़कों पर उतर आए हैं और इस प्रोटेस्ट को 'ब्लॉक एवरीथिंग' नाम दिया गया है।

फ्रांस में प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू की सरकार गिरने के एक दिन बाद राजधानी पेरिस और अन्य स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने सड़कें अवरुद्ध कर दीं, आगजनी की और पुलिस ने उन पर आंसू गैस के गोले दागे। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के शुरुआती घंटों में लगभग 300 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी की घोषणा की। विरोध प्रदर्शन हालांकि ऑनलाइन शुरू हुआ था, लेकिन बाद में यह तीव्र होता गया और 80,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती को चुनौती देते हुए प्रदर्शनकारियों ने अवरोधकों को तोड़ दिया जिसके बाद पुलिस ने तेजी से गिरफ्तारियां कीं।

### लेकोर्नू नए प्रधानमंत्री

*फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार देर रात रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। लगभग एक साल में देश को चौथी बार नया प्रधानमंत्री मिला है। ये विरोध प्रदर्शन अब तक मैक्रों के पहले और दूसरे कार्यकाल में छिटपुट रूप से हुए पिछले प्रदर्शनों की तुलना में कम तीव्र दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2022 में अपने पुनर्निर्वाचन के बाद, मैक्रों को पेंशन सुधारों को लेकर लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा था।*

### क्या है ब्लॉक एवरीथिंग प्रोटेस्ट?

*सोशल मीडिया और एनक्रिप्टेड चैट्स के जरिए 'ब्लॉक एवरीथिंग' प्रोटेस्ट का आह्वान किया गया था, लेकिन देखते ही देखते हजारों लोग सड़कों पर उतरकर मैक्रों की नीतियों का विरोध करने लगे। कई शहरों में नाकेबंदी, हड़ताल और प्रदर्शन हुए हैं।*

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज उत्तराखंड का करेंगे हवाई सर्वेक्षण



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। प्रधानमंत्री शाम को सवा चार बजे राज्य के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। शाम को पांच बजे एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### इस्लामिक स्टेट के दो संदिग्ध आतंकियों को एटीएस ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ, झारखंड के एटीएस और रांची पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में इस्लामिक स्टेट के दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि बोकारो के रहने वाले मुख्य आरोपी अशर दानिश को रांची से गिरफ्तार किया गया है। वह इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक मॉड्यूल से संबंधित, दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज मामले में वांछित था। पुलिस के अनुसार, सभी टीमों द्वारा एक साथ की गई समन्वित कार्रवाई के दौरान एक अन्य संदिग्ध आफताब को दिल्ली से पकड़ा गया।

### मनमोहन को पीवी नरसिम्हा राव स्मृति सम्मान



**नई दिल्ली।** दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह को भारत के आर्थिक बदलाव और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पीवी नरसिम्हा राव स्मृति अर्थशास्त्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में उनकी पत्नी गुरशरण कौर ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। मोंटेक सिंह अहलूवालिया द्वारा प्रदान किया गया।

तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था मृतक छात्र

## फुटबॉल खेल रहे दसवीं के छात्र पर गिरी बिजली, कई और को झटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में 10वीं के एक छात्र की बिजली गिरने से मौत हो गई। घटना के समय छात्र लंच टाइम में अपने सहपाठियों के साथ स्कूल मैदान पर फुटबाल खेल रहा था। मृतक छात्र के पिता पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। मृतक तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था, मृतक की दो बहनें हैं। मृत छात्र का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक के माता-पिता जशपुर के रहने वाले हैं, रायपुर में विजेता कांपलेक्स में रहते हैं।

पुलिस के अनुसार बिजली गिरने से प्रभात साहू (16) की मौत हुई है। घटना दोपहर साढ़े 12 से एक बजे के बीच की है। पुलिस को स्कूल प्रबंधन ने जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक लंच टाइम के समय बच्चे लंच लेने के बाद स्कूल के मैदान पर क्रिकेट, वालीबाल तथा फुटबाल खेल रहे थे। प्रभात फुटबाल खेल रहा था। मैदान पर बच्चों के साथ स्पोर्ट्स टीचर भी थे। इस दौरान अचानक जोर से बिजली कड़की। बिजली कड़कने से स्पोर्ट्स टीचर ने सभी बच्चों को जल्दी से स्कूल के अंदर जाने के लिए आवाज दी।

### मृतक मूलरूप से जशपुर जिले का रहने वाला, पिता पुलिस विभाग में



### टीचर ने देखा चित्त लेटा है

*मैदान पर 30-35 के करीब बच्चे खेल रहे थे। सभी बच्चे स्कूल के अंदर दाखिल हो गए, तब स्पोर्ट्स टीचर सहित अन्य की नजर प्रभात पर पड़ी। बच्चों ने प्रभात को आवाज लगाई। किसी भी प्रकार से जवाब नहीं मिलने पर स्कूल के टीचर प्रभात के पास पहुंचे और शरीर में किसी भी प्रकार से हरकत नहीं होने पर उसे स्कूल के नजदीक एक निजी चिकित्सालय उपचार कराने के लिए ले गए, जहां डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।*

### एक शिक्षक के साथ कई बच्चों को लगा झटका

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जब बिजली गिरने की घटना हुई, उस समय मैदान पर खेल रहे कुछ बच्चों के साथ एक टीचर को बिजली का झटका लगा है। हालांकि इससे किसी को कोई नुकसान नहीं ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बहन के साथ मां का रो रोकर हुआ बुरा हाल

घटना की जानकारी मिलने पर प्रभात के पिता शिव शरण साहू आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे, तब उन्हें अपने बेटे की मौत की जानकारी मिली। ▶▶|शेष पेज 7 पर

कोलकाता, दिल्ली हैदराबाद, पुणे मुंबई की फ्लाइट दूसरे एयरपोर्ट पहुंची

## एयरपोर्ट के टेक्निकल जोन पर बिजली गिरी, संपर्क टूटा, पांच विमान डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दोपहर मौसम का मिजाज बदलने के बाद जमकर बादल गरजे और एयरपोर्ट के टेक्निकल जोन वीएचएफ पर आकाशीय बिजली गिर गई। इससे लैंडिंग होने वाले विमानों से संपर्क टूट गया और हवा में चक्कर लगाने के बाद पांच विमानों को दूसरे शहर डायवर्ट करना पड़ गया। कोलकाता और हैदराबाद से आई फ्लाइट को भुवनेश्वर, दिल्ली के विमान को भोपाल और मुंबई और पुणे की फ्लाइट को नागपुर भेजा गया। इस घटना के बाद एयरपोर्ट की परिचालन व्यवस्था प्रभावित



हो गई, जिसे सामान्य करने में वक्त लगने की संभावना है। जानकारी के अनुसार बुधवार को राजधानी का मौसम एकाएक बदला और बादलों में जोरों की गड़गड़ाहट के साथ वज्रपात जैसी स्थिति बनी। रायपुर शहर में आकाशीय ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सुधार में वक्त लगने की संभावना

एयरपोर्ट के डायरेक्टर केके लहरे ने बताया कि बिजली गिरने से प्रभावित उपकरण के सुधार में वक्त लगने की संभावना है। जब तक लैंडिंग के लिए जरूरी उपकरण नहीं बन जाते, तब तक रायपुर एयरपोर्ट पर पायलट विजुअल यानी एयरपोर्ट की नाइट लैंडिंग लाइट्स के सहारे ही उतर पाएंगे। मौसम ख़राब हो, बारिश या धुंधलापन हो, तो पायलट विजुअल लैंडिंग के विकल्प का उपयोग नहीं करते। यही वजह है कि उपकरण बंद रहने तक फ्लाइट का रायपुर में लैंड होना मुश्किल माना जा रहा है।

### शाम को भी प्रभावित हुआ आवागमन

दोपहर काफी देर तक आवाजाही प्रभावित रहने के बाद विमानों की आवाजाही थोड़ी सामान्य हुई। इसी बीच शाम होते ही एक बार फिर मौसम बिगड़ गया। इसका असर भी विमानों के संचालन पर हुआ। इस दौरान कोई फ्लाइट डायवर्ट तो नहीं हुई, मगर विमान अपने निर्धारित समय से विलंब से आवाजाही करते रहे।

एशिया कप में बेहतरीन जीत

## भारत ने यूएई को नौ विकेट से हराया



**दुबई।** भारतीय टीम ने एशिया कप 2025 में अपने अभियान का आगाज संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ धमाकेदार जीत के साथ किया है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने यूएई को 9 विकेट से हराया। भारत की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज कुलदीप यादव रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए।

- 27 गेंदों में जीता मैच
- 4 विकेट सूर्यकुमार ने झटके

## पुराने समय पर ही कक्षाएं, शनिवार को सुबह स्कूल जाएंगे नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अब शनिवार को कक्षाएं पुराने समय में ही संचालित होंगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में बुधवार को आदेश जारी कर दिया गया है। जारी किए गए आदेश के अनुसार, जिन विद्यालयों में एक ही पाली में कक्षाओं का संचालन होता है वहां शनिवार को सभी छात्रों को प्रातःकाल 7.30 से 11.30 बजे तक बुलाया ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इसलिए विरोध

बीते माह आदेश जारी कर शनिवार को शाला संचालन के समय में परिवर्तन किया गया था। जिन स्कूलों में एक पाली में कक्षाओं का संचालन होता है, वहां शनिवार को सुबह की पाली में कक्षाएं लगती थी। बीते माह आदेश जारी कर शनिवार को ▶▶|शेष पेज 7 पर

मामला जुनवानी नाले का

## मछली पकड़ने गए दो बहे, एक का शव मिला, दूसरे की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जुनवानी स्थित नाले में मछली पकड़ने गए दो तेज बहाव में बह गए। खोजबीन के बाद एक का शव बरामद किया गया है। वहीं, दूसरे की तलाश में एसडीआरएफ की टीम जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक जुनवानी रोड एमजे कॉलेज के पास के नाले की है। जहां परिया पारा विनोबा नगर जुनवानी निवासी पीलू निषाद (55) और पवन खुटेल दोनों अपने घर से मंगलवार रात को मछली पकड़ने के लिए गए हुए थे। अचानक तेज बारिश आने पर नाला उफान पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### नाले में जाल बिछाकर बैठे थे

बताया जा रहा है कि पीलू और पवन दोनों नाले में जाल बिछा रखे थे, तभी एक का पैर फिसला और वह बहने लगा। बचाने के चक्कर में दूसरा भी बहाव में कूदा, लेकिन दोनों तेज बहाव में बह गए। नाले में बीएसपी का गंदा पानी कुठेला भाटा के ट्रीटमेंट प्लांट में साफ होता है। इन दिनों ▶▶|शेष पेज 7 पर

कैबिनेट का फैसला: भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट रेलवे लाइन होगी डबल

## चुनावी राज्य के लिए खोला पिटारा, बिहार को दिए 7616 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बिहार को विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार की ओर से दो बड़े इंफ्रा प्रोजेक्ट मिले हैं। इनकी लागत 7616 करोड़ रुपए है।

इनमें पहला प्रोजेक्ट राजमार्ग का है और दूसरा रेलमार्ग का। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में इन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधिक करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री





अश्विनी वैष्णव ने इन प्रोजेक्ट की जानकारी दी। आज जिन प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिली, उनमें पहला प्रोजेक्ट मोकामा से मुंगेर के बीच का है। यह सड़क मार्ग प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट पर 4447 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं दूसरा प्रोजेक्ट भागलपुर से दुमका होते हुए रामपुरहाट तक रेलवे लाइन की डबलिंग। इस प्रोजेक्ट में 3169 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### मोकामा-मुंगेर ग्रीनफील्ड सेक्शन

यह बक्सर-भागलपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर ग्रीनफील्ड सेक्शन है। यह 4 लेन का कॉरिडोर है। कुल प्रोजेक्ट की लंबाई 82.40 किमी लंबा होगा। यह सेक्शन मोकामा, बड़हिया, लखीसराय, जमालपुर, मुंगेर से होते हुए भगलपुर को कनेक्ट करेगा। इस पर 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन दौड़ सकेंगे।

### भागलपुर-दुमका प्रोजेक्ट

बैठक में जो भागलपुर-दुमकार रेलवे लाइन के दोहरीकरण की योजना को मंजूरी दी गई। वह रेल लाइन प्रोजेक्ट 3 राज्यों के 5 जिलों से होकर गुजरेगा। यह लाइन डबल होगी। इसके शुरू होने से भारतीय रेलवे का नेटवर्क 177 किमी और बढ़ जाएगा। इससे करीब 29 लाख लोग कनेक्ट होंगे। साथ ही इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से देवघर (बाबा वैद्यनाथ धाम) और तारापीठ (शक्तिपीठ) जाने वाले तीर्थयात्रियों को भी फायदा होगा।



लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200


# नक्सलियों ने माना- उनके 366 साथी मारे गए, कहा- कठिन समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी की ओर से जारी पर्चे में 21 से 27 सितम्बर तक 21 वां स्थापना वार्षिकोत्सव मनाने का एलान किया गया है। इन वर्षों में 3 केंद्रीय कमेटी सदस्य और 17 राज्य कमेटी सदस्य समेत 366 नक्सली अलग अलग मुठभेड़ में ढेर हो चुके है। पर्चे में इस बात का भी खुलासा किया गया कि फिलीपींस में भी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी का एक सदस्य भी मारा गया है।

जारी पर्चे में केन्द्रीय समिति ने कहा है कि संगठन के 53 वर्ष में पहली बार महासचिव स्तर का नेता एनकाउण्टर में ढेर हुआ है। पर्चे में संगठन की वर्तमान स्थिति और आने वाले दिनों की योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यक्रमों का ऐलान किया है। बड़े नुकसान को भी स्वीकार किया है। माड़ में 21 मई को हुए मुठभेड़ में पहली बार सगंठन के महासचिव बसवराज के मारे जाने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि वर्ष 1972 में चारू मजूमदार की मौत के बाद यह पहली बार हुआ है कि संगठन का कोई महासचिव ढेर हुआ। यह घटना 21 मई को अबूझमाड़ इलाके में हुई थी। महासचिव बसवराजु को मार गिराया था। पिछले कुछ समय में संगठन को काफी नुकसान झेलना पड़ा है।



## 21 से नक्सली मनाएंगे 21 वां स्थापना वार्षिकोत्सव



### कमजोर हो रहा नक्सल संगठन

केन्द्रीय कमेटी द्वारा जारी पर्चे से इस बात का पता चलता है कि हाल के वर्षों में नक्सल संगठन को काफी बड़ा नुकसान हुआ है। संगठन इस समय अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है और लगातार कमजोर हो रहा है। एक तरफ संगठन स्थापना वर्षगांठ और वार्षिकोत्सव की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ लगातार हो रहे एनकाउंटर और वरिष्ठ नेताओं के मारे जाने से उनकी जमीनी पकड़ कमजोर होती जा रही है।

### हाल के वर्षों में मारे गए शीर्ष नक्सलियों के नाम का खुलासा

पर्चे में इस बात का खुलासा किया गया है कि बीते वर्षों में देश में नवजनवादी क्रांति को सफल बनाने की लक्ष्य को लेकर काम करते हुए पार्टी महासचिव बसवराजु (नंबाला केशवराव) केंद्रीय कमेटी सदस्य के अलावा कामरेड चलपति, विवेक, उदय, राज्य कमेटी कामरेड्स शर्मा (जगजीत सिंह सोहल), गौतम, मधु (सज्जा वेंकटा नागेश्वर राव), जया, रूपेश, नीति, कार्तिक, चैते, गुड्डु, सत्यम, अलोक, पापन्ना, मधु (एगोलपु मल्लय्या), भास्कर, जगन, अरुणा, विजय शहीद हुए हैं। इसी अवधि में जिला कमेटी व कंपनी पार्टी कमेटी के 26, एरिया कमेटी व प्लाटुन पार्टी कमेटी के 86, पार्टी सदस्य और पीएलजीए सदस्य 152, स्थानीय जन निर्माण सदस्य 38 की मौत हुई है। वहीं मारे गए 43 सदस्यों का विवरण नहीं मिल सका है। इस तरह देश के अलग अलग राज्यों में 366 साथी मारे गए हैं। इसके अलावा फिलिप्पीन्स कम्युनिस्ट पार्टी का केंद्रीय कमेटी सदस्य नेशनल डेमाक्राटिक फ्रंट आफ फिलिप्पीन्स का नेता कामरेड लूई जलंदानी ने 7 जून को 90 साल की उम्र में बीमारी के चलते अंतिम सांस ली।

## खबर संक्षेप

### गेड़ाबेड़ा मुठभेड़ में नौ लाख का नक्सली ढेर



**कांकेर।** डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त टीम को एक नक्सली मार गिराने में सफलता मिली है। मुठभेड़ स्थल से एक 303 रायफल, वाकी टॉकी सेट 01 नग एवं अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया। उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर अमित तुकाराम कामले, उप महानिरीक्षक बीएसएफ भानुप्रतापपुर सेक्टर विपुल मोहन बाला एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने बताया कि डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त टीम के सर्चिंग अभियान के दौरान 9 सितंबर को परतापुर के गेड़ाबेड़ा जंगल के पहाड़ पर नक्सली उनको देख फायरिंग करने लगे। कई घंटे तक चली फायरिंग रूकने के उपरांत टीम ने मुठभेड़ स्थल से एक पुरूष नक्सली का शव बरामद किया। माओवादी की शिनाख्त पीएलजीए मिलिट्री कंपनी 05 का सदस्य मासा के रूप में हुई है, जिसके ऊपर 8 लाख का ईनाम घोषित है।

### 9 किलो गांजा बरामद आरोपी मां-बेटा गिरफ्तार



**फिंगेश्वर।** पुलिस को 9 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक महिला को बाइक में बैठाकर महासमुंद से फिंगेश्वर की ओर गांजा लेकर आ रहा है। थाना प्रभारी की टीम ने ग्राम बासीन के पास घेराबंदी की। सूचना के मुताबिक एक काली पल्सर बाइक जैसे ही बासीन मंदिर के पास पहुंची, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन आरोपियों ने वाहन तेजी से भगाने की कोशिश की। पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया। आरोपियों की पहचान शेख इमरान (23) और उसकी मां अकीला बेगम (50), निवासी रामनगर, राजनांदगांव के रूप में हुई। तलाशी में दो प्लास्टिक बोरियों से कुल 8.916 किलोग्राम गांजा, धारदार चाकू, मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपियों के पास गांजा रखने का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। दो सफेद प्लास्टिक की बोरियों से 8 किलो 916 ग्राम गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 89,000 रुपए आंकी गई है, बरामद की गई। साथ ही एक बजाज पल्सर बाइक, दो मोबाइल फोन और एक लोहे का धारदार चाकू भी जब्त किया गया।

## बालक बालिकाओं के लिए खेल परिसर व जनजाति छात्रों के लिए खुलेगा आवासीय विद्यालय

# प्रदेश की 115 अधूरी सिंचाई योजनाओं को पूरा करने मुख्यमंत्री साय ने दी 28 सौ करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक लेते हुए प्रदेश की बीते 10 वर्षों से अधूरी पड़ी 115 सिंचाई योजनाओं के लिए 28 सौ करोड़ रुपए की घोषणा की है। इससे प्रदेश में 76 हजार हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने जिले में बालक बालिकाओं के लिए खेल परिसर तथा पिछड़ी संरक्षित जनजाति छात्रों के लिए आवासीय विद्यालय खोले जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय बुधवार को कोरबा जिले के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ उपस्थित थे। मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक ली। बैठक में बताया गया कि आदिवासी अंचलों के लिए सरगुजा, बस्तर और मध्य क्षेत्र के अलग-अलग विकास प्राधिकरण गठित किए गए हैं, जिससे क्षेत्रवार योजनाओं को तेज़ी से लागू किया जा सके। बैठक में शिक्षा और खेल को बढ़ावा, आधारभूत संरचना और पर्यटन को बढ़ावा, सिंचाई परियोजनाओं के साथ बढ़ा प्राधिकरण का बजट 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ किया है। बैठक में श्री साय ने जिले में आदिवासी बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए विशेष घोषणाएं की गईं। बालक-बालिका क्रीड़ा परिसर के निर्माण और संचालन के लिए 10-10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। विशेष पिछड़ी जनजातियों के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने हेतु भी 10-10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय बनाने 5 करोड़ स्वीकृत किए गए।

### घोषणाएं

- सुनालिया पुल के लिए 9 करोड़
- बुका–सतरेंगा पर्यटन के लिए 2 महीने में प्रोजेक्ट तैयार करने वन विभाग को निर्देश
- एक्वा पार्क स्थापना के लिए 37 करोड़, पार्क से मत्स्य व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा




### उद्योग मंत्री के प्रस्ताव पर सुनालिया में और पुल निर्माण हेत 9 करोड़ की स्वीकृति

नगर विधायक, कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रस्ताव पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुनालिया पुल के समानंतर पुल निर्माण के लिए 9 करोड़ और बालक बालिका क्रीड़ा परिसर के लिए 10-10 करोड़ की स्वीकृति दी। बुधवार को कोरबा में हुई मध्य क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण की बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु अनुरोध पत्र दिया। मंत्री श्री देवांगन ने शहर के संकरे सुनालिया पुल पर लगने वाले जाम की समस्या से निदान हेतु समानंतर पुल के निर्माण की मांग की। मुख्यमंत्री ने तत्काल इसकी घोषणा की। गौरतलब है की मंत्री श्री देवांगन के विशेष पहल पर सुनालिया अंडरब्रिज हेतु 34 करोड़ की स्वीकृति दिलाई थी। इसके साथ ही पुल पर लग रहे जाम की समस्या का अब नए पुल बनने के बाद पूरी तरह से निदान मिल जाएगी।

### विकास एवं संस्कृति के लिए प्राधिकरण का गठन : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश में तीन प्राधिकरण का गठन किया गया है। बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण, उत्तर क्षेत्रीय सरगुजा विकास प्राधिकरण, मध्यक्षेत्रीय आदिवासी विकास प्राधिकरण शामिल हैं। प्राधिकरण के पुनर्गठन। के बाद पहली बैठक मध्यक्षेत्रीय आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक कोरबा में रखी गई थी जिसमें प्रदेश के सभी मंत्री उपस्थित थे। आदिवासी क्षेत्रों के विकास और संस्कृति की रक्षा के लिए प्राधिकरण का गठन किया गया है। सभी प्राधिकरण के सभी सदस्यों में सुझाव दिये हैं। विकास के लिए सार्थक चर्चा हुई है। उद्योग मंत्री देवांगन की मांग पर बालक बालिका खेल परिसर तथा प्रधानमंत्री के दत्तक पुत्र पीजीबीटी क्षेत्र के युवाओं के लिए आवासीय विद्यालय की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण का बजट जो 50 करोड़ था उसे बढ़ाकर 75 करोड़ किया गया है। वहीं 2015 के पूर्व अधूरी सिंचाई योजनाओं के पूर्व 28 सौ करोड़ जारी किये गये हैं। कोरबा में औद्योगिक पार्क पर कहा कि आने वाले समय में इसे बता दिया जाएगा।

### जारा में दिल दहला देने वाली घटना

## होटल चलाने वाले दंपति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

पलारी विकासखंड के ग्राम जारा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मंगलवार की सुबह एक होटल चलाने वाले दंपति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति का शव फांसी पर लटका हुआ मिला, जबकि पत्नी का शव पलंग पर मृत अवस्था में पड़ा था। इस घटना ने पूरे गांव में सनसनी और शोक का माहौल पैदा कर दिया।

मृतकों की पहचान जगमोहन देवांगन (40) और जमुना बाई (40) के रूप में हुई। दोनों लंबे समय से ग्राम जारा में रहकर एक छोटा होटल चला रहे थे। पड़ोसियों के अनुसार, दंपति शांत और मिलनसार स्वभाव के थे और किसी से कोई विवाद की जानकारी नहीं थी। सुबह करीब 7 बजे पड़ोसियों ने घर के अंदर झांककर देखा। पति दुपट्टे के सहारे पंखे से झूल रहा था, जबकि पत्नी पलंग पर मृत अवस्था में पड़ी थी। महिला के गले में भी दुपट्टा कसा हुआ था। पड़ोसियों ने तुरंत गांव वालों और पुलिस को सूचना दी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की हत्या की पुष्टि

पलारी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बीएमओ डॉ. ध्रुव की रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि महिला की मौत गला घोटने के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि अब यह स्पष्ट है कि महिला की मौत स्वाभाविक या आत्महत्या नहीं थी। वहीं पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और पति के फांसी पर लटकने और पत्नी की हत्या के बीच संबंधों की जांच कर रही है। सभी एंगल से छानबीन की जा रही है।

# अमरजीत के 'अपमान' पर सियासी घमासान

## बिलासपुर की सभा में पूर्व मंत्री भगत का माइक छिनने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बिलासपुर सभा में कांग्रेस की वोट चार गद्दी छोड़ आमसभा के दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के माइक छिनने का वीडियो वायरल हुआ है। आमसभा में कई लोगों ने अपनी बात रखी। पूर्व मंत्री अमरजीत जब अपनी बात रख रहे थे, उस दौरान समय को देखते हुए एनाऊसंर की भूमिका में प्रदेश महासचिव सुबोध हरितवाल जल्दी अपनी बात खत्म करने का अनुरोध कर रहे थे। इसी दौरान प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड बात पूरी होने के पहले तेजी से आए और माइक लेकर सचिन पायलट के पधारने की घोषणा करने लगे। यह वीडियो वायरल होने पर मंत्री राजेश अग्रवाल ने इसे आदिवासी नेता का अपमान बताया। मामले को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा, बाहर से आये लोगों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति का ज्ञान नहीं होता। जानबूझकर कोई ऐसा नहीं करता।

**अमरजीत भगत हमारे वरिष्ठ नेता- जांगिड़ः** वहीं सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने भी वायरल वीडियो पर भाजपा पर हमला करते हुए कहा, सभा में लोगों की भीड़ आने से भाजपा भयभीत है। मंच पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ था। अमरजीत भगत हमारे वरिष्ठ नेता हैं।

**जांगिड़ पर कार्रवाई की मांगः** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर इस घटना के संदर्भ में कहा आपसे आग्रह है कि पूर्व मंत्री अमरजीत का साथ देते हुए सह प्रभारी विजय जांगिड पर कार्रवाई करवाएं।

### यह अपमान निंदनीय इसकी आलोचना होनी चाहिए -राजेश

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने वायरल वीडियों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, अमरजीत भगत सरगुजा के वरिष्ठ नेता हैं। सीतापुर विधानसभा से चार बार विधायक रह चुके हैं। क्षेत्र में उनका नाम और बहुत सम्मान है। उनके साथ जो व्यवहार हुआ, वह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज का अपमान है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह उनकी पार्टी का आंतरिक मामला हो सकता है, लेकिन जब बात आदिवासी समाज के सम्मान की हो, तो हम चुप नहीं रह सकते। यह अपमान निंदनीय है।




## जमीन बंटवारा के लिए पटवारी ने मांगे 13 हजार, अनुरेखक 65 सौ लेते पकड़ाया

# एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते पटवारी व अनुरेखक को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर/सूरजपुर





एंटी करप्शन ब्यूरो ने बलरामपुर और सूरजपुर जिले में बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने जमीन बंटवारा के एवज में रिश्वत मांगते हुए पटवारी और भू-अभिलेख शाखा के अनुरेखक को पकड़ा है। वाड्रफनगर में एसीबी ने पटवारी को 13 हजार की रिश्वत को भू-अभिलेख शाखा में अनुरेखक को 65 सौ रुपए के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर के ग्राम पंडरी निवासी प्रियांशु दुबे के पिता विजय कुमार दुबे व बड़े पिटा पारसनाथ दुबे के नाम पर गांव में 24 एकड़ पैतृक कृषि भूमि है। उक्त भूमि का दोनों भाई आपसी सहमति से बंटवारा कर अलग अलग ऋण पुस्तिका बनवाना चाहते थे। भूमि के आपसी सहमती से खसरा एवं नक्शा बंटवारा कर अभिषेक दुरुस्त कर ऋण पुस्तिका प्रदान करने के लिए प्रियांशु दुबे ने पंडरी के पटवारी मोहन राम से मुलाकात की थी। इस दौरान पटवारी मोहन राम ने बंटवारा के एवज में 13 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। जब युवक ने रुपए कम करने को कहा तो पटवारी तैयार नहीं हुआ। लगभग एक माह तक पटवारी के पास दौड़ने के बाद परेशान होकर प्रियांशु दुबे ने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी। शिकायत के बाद एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया। इस दौरान पटवारी 13 हजार रुपए लेने को राजी हुआ जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की। जैसे ही पटवारी ने अपने हाथ में 13 हजार रुपए रिश्वत ली एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### चौहद्दी नक्शा काटने मांगे 8 हजार

बुधवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने सूरजपुर भू-राजस्व कार्यालय में पदस्थ अनुरेखक को 10 हजार की रिश्वत के साथ पकड़ा है। बताया जा रहा है कि प्रतापपुर अंतर्गत खैरागढ़ निवासी सौरभ सिंह आडिल ने ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम खैरागढ़ में उसके पिता के नाम पर संयुक्त खाते की पैतृक भूमि है। पैतृक भूमि का पारिवारिक बंटवारा करने के लिए भूमि के पुराने चौहद्दी नक्शा की जरुरत थी। ऐसे में सौरभ सिंह आडिल चौहद्दी नक्शा के लिए सूरजपुर भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ अनुरेखक प्रमोद नारायण यादव के पास गया हुआ था। जब उसने अनुरेखक से अपने भूमि के चौहद्दी नक्शा काटने की मांग की तो अनुरेखक प्रमोद नारायण यादव ने 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। कई दिनों तक परेशान होने के बाद सौरभ सिंह ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में की थी। शिकायत की सत्यापन के दौरान मोलभाव करने पर अनुरेखक 8 हजार रुपए रिश्वत लेने पर राजी हुआ और 14 सौ रुपए एडवांस ले लिया लेकिन उसके बाद भी काम नहीं किया। ऐसे में बुधवार को एसीबी की टीम ने ट्रेप कार्रवाई कर अनुरेखक प्रमोद नारायण यादव को 65 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


मरम्मत होने से यात्रियों को मिलेगी सुविधा और चलने लगेंगी नियमित बसें





**राष्ट्रीय राजमार्ग और ओरछा मार्ग का मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण होगाः कलेक्टर**

## दलदली सड़क पर धंस रही थीं बसें, हरिभूमि की खबर के बाद 24 घंटे के भीतर बनी एक किलोमीटर सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

नारायणपुर से कोंडागांव और ओरछा मार्ग की जर्जर हो चुकी सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। हरिभूमि ने इस समस्या को लेकर बुधवार के अंक में प्रमुखता से समाचार का प्रकाशन किया था, जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे से भी कम समय में करीब 1 किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कर दिया है। कलेक्टर ▶▶शेष पेज 7 पर

खबर का असर




### लोगों को हो रही थी परेशानी

सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आमजन, विशेषकर ग्रामीणों को यातायात में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो गई थी। बेहतर सड़क सुविधा से न केवल आवागमन आसान होगा बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा में सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### मरम्मत कार्य प्रारंभ

ग्राम गरावण्ड से मुंजमेटा तक लगभग एक किलोमीटर सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आगामी दिनों में शेष खराब सड़कों पर भी कार्य जारी रहेगा। इसी प्रकार राजमार्ग एसएच क्रमांक-5 ओरछा मार्ग का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। यह मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त हो गया था। कलेक्टर के निर्देशन में 10 सितम्बर को मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे लोगो को आवागमन में सुविधा मिलने लगेगी। इस मार्ग की मरम्मत की मांग स्थानीय लोगों द्वारा लगातार की जा रही थी। अब लोक निर्माण विभाग द्वारा तत्काल पहल करते हुए मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

\- संजय चौहान
कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बेटी के जन्मदिन पर दीपिका ने साझा की पोस्ट



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ के पहले जन्मदिन पर बुधवार को एक पोस्ट साझा की। अभिनेत्री (39) ने अपनी बेटी के पहले जन्मदिन पर बनाए गए चॉकलेट केक की तस्वीर साझा करते हुए कहा, यह मेरे प्यार की भाषा?

### सड़क पर पलट गई बस, दो की मौत

**नई टिहरी।** उत्तराखंड में टिहरी जिले के चंबा क्षेत्र में एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई जिससे उसमें सवार दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी और 18 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना ऋषिकेश-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर नागणी व आमसेरा के बीच सुबह करीब सवा दस बजे हुई। बस अचानक अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर से टकरा गई।

**एक तरफ इंडिया से दोस्ती की बात, दूसरी ओर ईयू को 100% टैरिफ लगाने का मंत्र**

**वरिष्ठ अमेरिकी और यूरोपीय अधिकारियों की एक बैठक**

*अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर कड़े तेवर दिखाए। एक तरफ भारत से दोस्ती की बात कही और दूसरी ईयू से 100 फीसदी टैरिफ लगाने को कहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय संघ से आग्रह किया है कि वो भारत और चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए ताकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर आर्थिक दबाव बढ़ाया जा सके*

# ट्रंप ने यूरोपीय संघ से कहा, भारत चीन पर लगाएं 100 फीसदी टैरिफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय संघ से भारत एवं चीन पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अनुरोध किया है, ताकि रूस पर यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए आर्थिक दबाव बढ़ाया जा सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने मंगलवार को वॉशिंगटन में वरिष्ठ अमेरिकी और यूरोपीय अधिकारियों की एक बैठक में शुल्क बढ़ाने का आह्वान किया।

इस बैठक में रूस पर युद्ध का आर्थिक भार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई। 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा कि अमेरिका यूरोपीय संघ द्वारा भारत एवं चीन पर लगाए गए किसी भी शुल्क को 'समान रूप से लागू करने' के लिए तैयार है। यह कदम ऐसे समय में आया है जब ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर भारत-अमेरिका संबंधों के सकारात्मक दृष्टिकोण पर चर्चा ▶▶शेष पेज 7 पर

### अमेरिकी दल का भारत दौरा स्थगित

अमेरिकी दल को छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को भारत आना था लेकिन वह दौरा स्थगित हो गया और अब तक नई तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। इस बीच, ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर ऐसे संकेत दिए हैं कि संबंधों को पटरी पर लाने के लिए कुछ प्रयास किए जाएंगे।

### नवारो ने भी भारत पर कसा था तंज

व्यापार सलाहकार पीटर नवारो जैसे ट्रंप प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। भारत ने इन सभी आलोचनाओं को दरकिनार करते हुए कहा है कि उसने अपने राष्ट्रीय हित और बाजार की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए रूस से सस्ता तेल खरीदा है।



### रूस पर लगाए थे कई तरह के प्रतिबंध

वर्ष 2022 में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए थे। ऐसे में रियायती कीमत पर उपलब्ध कच्चे तेल की भारत ने खरीद बढ़ा दी। वित्त वर्ष 2019-20 में भारत के कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी केवल 1.7 प्रतिशत थी, जो 2024-25 में बढ़कर 35.1 प्रतिशत तक पहुंच गई और रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया।

### पहले कहा था, जल्द 'अपने अच्छे दोस्त' से करेंगे बात

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के 'सफल निष्कर्ष' पर पहुंचने में 'कोई मुश्किल' नहीं होगी और वह जल्द ही 'अपने अच्छे दोस्त' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करेंगे। इसे भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में जो बाधाएं हैं, उन्हें दूर करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने कहा, 'मैं आने वाले हफ्तों में अपने सबसे अच्छे दोस्त, प्रधानमंत्री मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे भरोसा है कि हमारे दोनों देशों के बीच वार्ता ठीक तरह से पूरी हो जाएगी, कोई मुश्किल नहीं आएगी।'

**परिजनों ने किया चक्काजाम**

## जवान ने साली और चाचा ससुर को गोलियों से किया छलनी, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शहर में मुख्यमंत्री प्रवास के मद्देनजर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था थी। जिसमें 13वीं बटालियन के एक जवान की भी ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन ड्यूटी से जवान अचानक गायब हो गया और वह अपने ससुराल जा पहुंचा।



पारिवारिक विवाद के चलते उसने अपने इंसास राइफल से ससुराल में मौजूद साली व चाचा ससुर पर ताबड़तोड़ ▶▶शेष पेज 7 पर

### आरोपी को फांसी देने की मांग

घटना के बाद परिवार के सदस्यों व ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और भिलाईबाजार मुख्य मार्ग में घटना के समीप आरोपी को फांसी की सजा व 1 करोड़ रुपए मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया गया है, जो सुबह से देर शाम तक चला।

### पारिवारिक कलह हो सकती है वजह

सीएएफ के जवान ने अपनी साली व अपने चाचा ससुर के सीने में अपनी सर्विस इंसास राइफल से तीन-तीन गोलियां दागी है। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई है। आखिरकार जवान ने इस हृदय विदारक घटना को क्यों और किसलिए अंजाम दिया है यह भी परिवार के सदस्यों को समझ में नहीं आ रहा है। संभावना जताई जा रही है कि पारिवारिक कलह इस हत्या की वजह हो सकती है। फिलहाल आरोपी को हरदीबाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर दीपका पुलिस में बतौर सुरक्षित रखा गया है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट होगा कि आखिरकार जवान ने इस हृदय विदारक घटना को क्यों और किसलिए अंजाम दिया है।

**रायबरेली दौरे पर गांधी**

## राहुल बोले-नारा 'वोट चोर गद्दी छोड़' पूरे देश में प्रभावी

एजेंसी ▶▶ रायबरेली/ लखनऊ

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा पूरे देश में प्रभावी सिद्ध हुआ है। पार्टी इसे 'और भी प्रभावशाली तरीकों से' स्थापित करेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता



राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे हैं। इससे पहले वह दिन में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा पहुंचे, जहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया।

### राहुल ने लगाए आरोप

गांधी ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में भी इसी प्रकार की अनियमितताएं सामने आईं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र के एक विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की जांच की, जहां दो लाख नकली मतदाता पाए गए, जिससे वहां भाजपा की जीत सुनिश्चित हुई। बैठक में गांधी ने कहा, बेंगलुरु मध्य (लोकसभा सीट) में सात विधानसभा सीट हैं। हमारे कार्यकर्ताओं ने सिर्फ एक की पड़ताल में चार महीने बिताए और उन्हें यह मिला।

## पांच और हवाई अड्डों पर होगा इमिग्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार लखनऊ और तिरुवनंतपुरम समेत पांच और शहरों में एक विशेष कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। इसके तहत भारतीय नागरिकों और 'ओसीआई' कार्ड धारकों की आव्रजन मंजूरी प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। शाह एक विशेष कार्यक्रम में लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कोझीकोड और अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई-टीटीपी) की ऑनलाइन तरीके से शुरुआत करेंगे। एफटीआई-टीटीपी सरकार की एक दूरदर्शी पहल है जिसे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्ड धारकों के लिए तैयार किया गया है।

## 346 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा स्थित एक बिजली कंपनी और उसके प्रवर्तकों द्वारा कथित तौर पर 346 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली-एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक में छापेमारी की। यह जांच गुरुग्राम स्थित हाइथ्रो पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के खिलाफ ▶▶शेष पेज 7 पर



### किस बैंक से कितने का फ्राड

शिकायतकर्ता बैंकों द्वारा घोषित कथित धोखाधड़ी की राशि 346.08 करोड़ रुपए है, जिसमें पीएनबी द्वारा 168.07 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक द्वारा 77.81 करोड़ रुपए, कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा 44.49 करोड़ रुपए और यूनियन बैंक द्वारा 55.71 करोड़ रुपये शामिल हैं।

**विद्युत कंपनी से जुड़ा मामला**

विद्युत पारेषण एवं वितरण क्षेत्र की कंपनी एचपीसीएल, विद्युत पारेषण लाइन के लिए डिजाइन और विनिर्माण परियोजनाओं से जुड़ी हुई थी। आरोप है कि कंपनी के प्रवर्तकों और निदेशकों ने पंजाब नेशनल बैंक से कुल 165.71 करोड़ रुपए की ऋण सुविधाएं प्राप्त कीं।

**सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

## पड़ोसियों के बीच झगड़े का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पड़ोसियों के बीच बहस या हाथापाई जैसी घटनाएं भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के दायरे में नहीं आतीं। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने



एक महिला द्वारा अपनी पड़ोसी को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में उसे कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सुनाई गई तीन साल की सजा को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि आईपीसी की धारा 306 लागू ▶▶शेष पेज 7 पर

### क्या है मामला

मामले के अनुसार, वर्ष 2008 में आरोपी महिला और पीड़िता के बीच एक मामूली विवाद शुरू हुआ था, जो लगभग छह महीने तक चला। आरोप है कि पीड़िता निजी शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी, और उसने आरोपी द्वारा कथित रूप से लगातार किए जा रहे उत्पीड़न को सहन नहीं कर पाने के कारण आत्महत्या कर ली थी।




# उपराष्ट्रपति के पद के लिए नहीं है कोई नियमित वेतन का प्रावधान


## एनडीए के राधाकृष्णन बने हैं भारत के नए उपराष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनडीए के सीपी राधाकृष्णन भारत के नए उपराष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने इस रेस में शामिल 'इंडिया' ब्लॉक के सुदर्शन रेड्डी को शिकस्त दी है। क्या आप जानते हैं कि इस पद पर आसीन होने के बाद अब उन्हें क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी और उनकी सैलरी कितनी होगी? तो बता दें, कि देश के उपराष्ट्रपति को नियमित वेतन नहीं दिया जाता है, बल्कि उन्हें राज्यसभा के कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका निभाने के लिए सैलरी दी जाती है और इसी के तहत बंगला, गाड़ी से लेकर तमाम सुविधाएं दी जाती हैं।

### 4 लाख मिलेंगे प्रतिमाह

जैसा कि बताया कि उपराष्ट्रपति के पद के लिए कोई नियमित वेतन का प्रावधान नहीं है, लेकिन राज्यसभा के सभापति का वेतन 4 लाख रुपए प्रति माह तय है, जो भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को ये जिम्मेदारी निभाने के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें मिलने वाली अन्य सुविधाओं की बात करें, तो शानदार बंगला, सरकारी बुलेटप्रूफ गाड़ी, जेड प्लस सिक्योरिटी, देश-विदेश की फ्री यात्रा और दैनिक भत्तों के साथ ही सभी चिकित्सा सुविधाएं भी दी जाती हैं।




### पद छोड़ने के बाद इतनी पेंशन

पद छोड़ने के बाद भी पूर्व उपराष्ट्रपति को सरकार की ओर से तमाम तरह की सुविधाएं दी जाती हैं, जिसमें जीवन भर के अलावा बंगला, सुरक्षा, मेडिकल सर्विसेज समेत पद पर रहते हुए मिलने वाली ज्यादा सुविधाएं शामिल होती हैं। अगर उपराष्ट्रपति को पद छोड़ने के बाद मिलने वाली मंथली पेंशन की बात करें, तो ये भी उन्हें राज्यसभा के पूर्व सभापति के तौर पर दी जाती है, तो सैलरी की आधी रहती है यानी 2 लाख रुपए प्रतिमाह। इसके अलावा उन्हें टाइप-8 बंगला, पर्सनल सेक्रेटरी, और अन्य स्टाफ भी सरकारी की ओर से मुहैया कराया जाता है। वहीं अगर पूर्व राष्ट्रपति का निधन हो जाता है तो फिर उनकी पत्नी को भी टाइप-7 बंगला समेत अन्य कई सुविधाएं जीवनभर मिलती रहती हैं।

### 452 वोटों के साथ बने 17वें उपराष्ट्रपति

मंगलवार 9 सितंबर को संपन्न हुए उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में एनडीए की ओर से उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को 427 वोटों के मुकाबले 25 वोट ज्यादा हासिल हुए और कुल मिलाकर उनके पक्ष में 452 वोट आए। वहीं उनके सामने खड़े इंडिया ब्लॉक के कैंडिडेट सुदर्शन रेड्डी को बड़ा झटका लगा और उन्हें कुल 315 वोट की तुलना में 15 वोट क्रॉस वोटिंग के चलते कम हासिल हो सके, उन्हें मिले कुल वोटों की संख्या 300 रही. राधाकृष्णन 152 वोटों की बढ़त के साथ देश के 17वें उपराष्ट्रपति बन गए।

### 12 सितंबर को ले सकते हैं उपराष्ट्रपति पद की शपथ

राधाकृष्णन के कुर्सी पर बैठने की तारीख भी सामने आ गई है। सूत्रों के मुताबिक वे 12 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ले सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। राधाकृष्णन अभी महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं और उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार थे।

#### पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दी बधाई

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी अपने कार्यकाल से हटने के बाद पहली बार सार्वजनिक बयान में राधाकृष्णन को बधाई दी। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि नए उपराष्ट्रपति की यह उपलब्धि देश के प्रतिनिधियों का विश्वास दर्शाती है। धनखड़ ने यह भी कहा कि राधाकृष्णन के सार्वजनिक जीवन का अनुभव उपराष्ट्रपति पद को और गरिमा प्रदान करेगा। धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारण बताते हुए अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। 50 दिन बाद चुनाव हुआ और एनडीए ने जीत हासिल की। वोटिंग आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि विपक्ष में भी कुछ सांसदों ने क्रॉस वोटिंग की, जिससे राधाकृष्णन को बड़ी जीत मिली।

---

## खबर संक्षेप

### हार्दिक की बढ़ी मुश्किलें गिरफ्तारी वारंट जारी



**अहमदाबाद।** गुजरात की राजनीति में पाटीदार आंदोलन का कभी प्रमुख चेहरा रहे और वर्तमान में भाजपा विधायक हार्दिक पटेल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अहमदाबाद की ग्राम्य कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई 2018 में पाटीदार आरक्षण आंदोलन के दौरान दर्ज एक अपराध से संबंधित है जिसमें हार्दिक पटेल और अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। वर्ष 2018 में आंदोलनकारियों ने कई विरोध प्रदर्शन किए थे, जिसके तहत हार्दिक पटेल, गीता पटेल, किरण पटेल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### छेड़छाड़ मामले में आप विधायक दोषी करार



**नई दिल्ली।** पंजाब में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें शांत होने का नाम नहीं ले रही हैं। खडूर साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा समेत 7 आरोपियों को अदालत द्वारा दोषी करार दिया गया है। तरनतारन जिला कोर्ट ने विधायक समेत सभी को लड़की से मारपीट और छेड़छाड़ मामले में दोषी ठहराते हुए सजा सुरक्षित रख ली है। इसी के साथ ही पुलिस सभी दोषियों को हिरासत में ले लिया है।

### आजम को मिली बड़ी राहत, जमानत मंजूर



**इलाहाबाद।** समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री आजम खां को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। चर्चित डुंगरपुर केस में एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खान 10 साल की सजा सुनाई थी। सपा नेता ने इसके खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दाखिल की थी। अपील लंबित रहने तक जमानत की गुहार कोर्ट से लगाई थी। 12 अगस्त को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

---

नेपाल में तख्ता पलट के बाद हालात में अपेक्षाकृत सुधार

# दो दिन बाद खुला काठमांडू एयरपोर्ट, फंसे हैं भारतीय समेत सैकड़ों विदेशी पर्यटक

*नेपाल में बड़े पैमाने पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सैकड़ों विदेशी नागरिक फंसे हुए हैं। हिंसक प्रदर्शन के कारण दो दिनों तक बंद रहने के बाद त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (टीआईए) बुधवार को आधिकारिक तौर पर फिर से खोल दिया गया है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/काठमांडू

मंगलवार को हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद जब प्रदर्शनकारियों ने हवाई अड्डे के परिसर में घुसने की कोशिश की, तो प्रशासन ने हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं आंशिक रूप से निलंबित कर दी थीं। टीआईए नागरिक उड्डयन कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार, हवाई अड्डे की सुरक्षा समिति की बुधवार को हुई बैठक के बाद परिचालन फिर से शुरू करने का फैसला लिया गया। 9 सितंबर से निलंबित सभी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को अब परिचालन की अनुमति दे दी गई है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी संबंधित एयरलाइनों से उड़ान कार्यक्रम की जानकारी लें और टिकट व सामान की व्यवस्था की पुष्टि कर लें।

**बड़े पैमाने पर हुआ है हिंसक विरोध-प्रदर्शन**




### नेपाली सेना ने लगा दिया है कर्फ्यू

नेपाल सेना ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन की आड़ में संभावित हिंसा को रोकने के लिए देशव्यापी प्रतिबंधात्मक आदेश और उसके बाद कर्फ्यू लगा दिया है। हवाई अड्डे के बंद होने से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों उड़ानें प्रभावित हुई हैं। जिससे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। एयरलाइनों ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपडेट के लिए अपनी संबंधित एयरलाइन कंपनियों के संपर्क में रहें।

### होटल एसोसिएशन नेपाल ने मांगी मदद

नेपाल सेना ने एक बयान में कहा है कि मौजूदा कठिन परिस्थितियों के कारण फंसे विदेशी नागरिक अपने बचाव या किसी अन्य मदद के लिए नजदीकी सुरक्षा चौकी या सुरक्षाकर्मियों से संपर्क करें। इसने होटलों, पर्यटन उद्यमियों और संबंधित एजेंसियों से भी जरूरतमंद विदेशी नागरिकों को जरूरी मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया है। होटल एसोसिएशन नेपाल ने बुधवार को सभी हितधारकों से पर्यटकों की आवाजाही के लिए एक पर्यटक-अनुकूल माहौल बनाने में मदद करने का आग्रह किया।

### पर्यटकों के लिए जारी किया हॉटलाइन संपर्क नंबर

एचएएन ने कहा कि वह पर्यटकों के आवश्यक प्रबंधन और सुविधा के लिए नेपाल पर्यटन बोर्ड और नेपाल सेना के साथ समन्वय कर रहा है। उसने फंसे हुए पर्यटकों के आवास की सुविधा के लिए एक हॉटलाइन संपर्क नंबर 9851031495 भी जारी किया है। मंगलवार रात प्रदर्शनकारियों द्वारा हवाई अड्डे में घुसने की कोशिश के बाद नेपाल सेना ने हवाई अड्डे को अपने कब्जे में ले लिया था। एयर इंडिया नई दिल्ली और काठमांडू के बीच प्रतिदिन छह उड़ानें संचालित करती है, लेकिन मंगलवार को उसने चार उड़ानें रद्द कर दीं।

### 400 से अधिक फंसे भारतीयों को विशेष विमान से लाने की तैयारी

एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों को भारत सरकार दिल्ली वापस बुलाने के लिए विशेष विमान भेजने की तैयारी कर रही है। मौजूदा समय में 400 से अधिक भारतीय नागरिक काठमांडू हवाईअड्डे पर फंसे हैं। दिल्ली से काठमांडू विमान भेजने के लिए नेपाली सेना से समन्वय का प्रयास किया जा रहा है। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी नेपाली सेना से संपर्क कर उनके समन्वय में विमान को काठमांडू लाने और भारतीय नागरिकों को सुरक्षित ले जाने की तैयारी में हैं। भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार नेपाल में प्रवासी भारतीयों की आबादी लगभग 7 लाख होने का अनुमान लगाया है। इसके अलावा सीमा से लगने वाले भारतीय राज्यों के लोग बड़े पैमाने पर घूमने भी नेपाल जाते हैं।

---

*इस्तीफे के बाद आया पहला रिएक्शन*

# भारत के खिलाफ पूर्व पीएम ओली की नफरत बरकरार

एजेंसी ▶▶| काठमांडू



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया है। नेपाल में चल रहे हैं हिंसक प्रदर्शन के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पद से ओली ने इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के बाद ओली ने पहले बयान दिया है। उन्होंने दावा किया है कि भारत पर तीखा हमला करने के कारण उन्हें सत्ता से बाहर होना पड़ा।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार केपी शर्मा ओली ने अपनी पार्टी के ही महासचिव को एक पत्र भेजा और इसमें उन्होंने भारत के खिलाफ बातें की। ओली ने कहा कि अगर उन्होंने लिपुलेख पर सवाल नहीं उठाया होता तो वह पद पर बने रहते। ओली ने यह भी कहा कि संवेदनशील मुद्दों पर भारत को चुनौती देने की हिम्मत मैंने दिखाई थी और उसका नतीजा यह है।

ओली यही नहीं रुके। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि अयोध्या और भगवान राम पर उनके रुख की वजह से उन्हें राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ी है। ओली ने कहा कि मैंने अयोध्या में राम के जन्म का विरोध करने के कारण अपनी सत्ता खो दी। केपी शर्मा ओली ने आगे बताया कि वह अभी नेपाली सेना की सुरक्षा में शिवपुरी बैरक में रुके हुए हैं।

### ओली ने क्या कहा था?

*बता दें कि साल 2020 में केपी शर्मा ओली नेपाल के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने तब विवादित बयान देते हुए कहा था कि भगवान राम भारतीय नहीं, बल्कि नेपाली थे। उन्होंने कहा था कि भगवान राम का राज्य अयोध्या नेपाल में बीरगंज के पश्चिम में स्थित है और भारत ने एक विवादित अयोध्या का निर्माण किया है। लिपुलेख पर भी केपी शर्मा ओली नेपाल के होने का दावा करते रहे हैं। लिपुलेख दर्रा विवाद भारत और नेपाल के बीच सीमा विवादों में से एक है। यह दर्रा कलापानी के इर्द-गिर्द घूमता है और काली नदी के उद्गम को लेकर दोनों देशों में असहमति है। नेपाल कहता रहा है कि यह नदी लिपुलेख के उत्तर पश्चिम में लिपियाधुरा से निकलती है, जिसके कारण कालापानी और लिपुलेख उसके क्षेत्र का हिस्सा है। हालांकि भारत का स्पष्ट रुख है कि नदी कालापानी गांव के पास से शुरू होती है, जिससे यह क्षेत्र उत्तराखंड का हिस्सा है।*

---

पुणे में 500 करोड़ का टैक्स रिफंड घोटाला

# 10 हजार से ज्यादा आयकर रिटर्न के दावे निकले फर्जी

एजेंसी ▶▶| पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में आयकर निदेशालय ने बड़ा खुलासा करते हुए 500 करोड़ रुपये के टैक्स रिफंड घोटाले का पर्दाफाश किया है। यह घोटाला पेशेवरों के एक गिरोह ने मिलकर किया, जो खुद को रिफंड विशेषज्ञ बताकर लोगों को झांसा देते थे। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने पांच साल से अधिक समय तक काम किया और 10,000 से ज्यादा आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनके निशाने पर ज्यादातर प्राइवेट और मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वाले सैलरीड कर्मचारी थे। गिरोह अपने क्लाइंट्स को असामान्य रूप से ज्यादा टैक्स रिफंड दिलाने का लालच देता था। रिटर्न की जांच में एक जैसा पैटर्न सामने आया। ज्यादातर मामलों में हाउसिंग लोन का ब्याज और मूलधन चुकौती, मेडिकल खर्च, इंश्योरेंस प्रीमियम, शिक्षा ऋण और एचआरए जैसे दावों को बढ़ा-चढ़ाकर या पूरी तरह फर्जी दिखाया गया। इन दावों के लिए कोई दस्तावेज नहीं दिए गए थे। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कोई इक्का-दुक्का मामला नहीं बल्कि एक संगठित रैकेट था, जिसने पुराने फाइलिंग सिस्टम की खामियों का फायदा उठाया।




### ये थे निशाने पर

आयकर विभाग ने पेशेवरों पर कार्रवाई शुरू कर दी है और अब उन टैक्सपेयर्स की पहचान की जा रही है जिन्होंने इस धोखाधड़ी से फायदा उठाया। विभाग ने साफ किया है कि करदाता जिम्मेदारी से नहीं बच सकते और उन पर जुर्माना व मुकदमा चलाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, यह हाल के वर्षों में पकड़े गए सबसे बड़े रिफंड घोटालों में से एक है। पहले भी पैन, टीडीएस क्रेडिट और फर्जी ट्रस्ट से जुड़ी गड़बड़ियां सामने आई थीं,।

---

अमेरिका ने रूसी कार्रवाई को बताया 'एक्ट ऑफ वार'

# पोलैंड में घुसे रूसी ड्रोन, नाटो के डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया

एजेंसी ▶▶| वारसा

पोलैंड ने बुधवार को रूसी ड्रोनों को मार गिराया। युद्ध शुरू होने के बाद से यह पहली बार है जब पोलैंड ने अपने हवाई क्षेत्र में रूसी ड्रोनों को मार गिराया है। पोलैंड ने इसके लिए अपनी और नाटो वायु रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल किया है। पोलैंड की सैन्य कमान के अनुसार, यूक्रेन की सीमा पार रूसी हमले के दौरान ड्रोन जैसी वस्तुओं द्वारा पोलिश हवाई क्षेत्र का बार-बार उल्लंघन किया गया। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने एक्स पर एक बयान में कहा, 'मुझे सशस्त्र बलों की शाखाओं के ऑपरेशनल कमांडर से एक रिपोर्ट मिली है जिसमें उन ड्रोनों को मार गिराने की बात कही गई है जो हमारे हवाई क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे थे और ख़तरा पैदा कर सकते थे। ऑपरेशन जारी है। मैंने नाटो महासचिव को वर्तमान स्थिति और हमारे हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने वाली वस्तुओं के संबंध में की गई कार्रवाई से अवगत कराया है। हम लगातार संपर्क में हैं।' वहीं, पोलैंड की ऑपरेशनल कमान ने एक्स पर एक बयान में कहा, 'हमारे हवाई क्षेत्र में घुसे कुछ ड्रोनों को मार गिराया गया।



### नाटो के संकल्प की परीक्षा ले रहे पुतिन : अमेरिका

अमेरिका में, डेमोक्रेटिक सीनेटर डिक डर्बिन ने कहा कि पुतिन नाटो के संकल्प की परीक्षा ले रहे हैं। रिपब्लिकन जो विल्सन ने इसे आक्रामक युद्ध जैसी कार्रवाई करार दिया। विल्सन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़े प्रतिबंधों के साथ जवाब देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, 'पुतिन अब सिर्फ़ यूक्रेन में हारकर और माँ-बच्चों पर बमबारी करके संतुष्ट नहीं हैं अब वह नाटो क्षेत्र में हमारे संकल्प की सीधी परीक्षा ले रहे हैं।'

---

महागठबंधन में सीट बंटवारे पर चल रही रस्साकशी के बीच बोले बिहार प्रभारी

# कांग्रेस का लालू और तेजस्वी को संदेश- सबको मिले 'अच्छी सीट'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के तहत 70 विधानसभा लड़कर 19 सीट जीती कांग्रेस ने 2025 के चुनाव में सहयोगी पार्टियों के बीच 'अच्छी सीटों' और 'खराब सीटों' के संतुलित बंटवारे पर जोर दिया है। राहुल गांधी की यात्रा से उत्साहित कांग्रेस का यह संदेश लालू यादव और तेजस्वी यादव के लिए चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि 2020 में मात्र 12 सीट से सरकार बनाने से चूकने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता कांग्रेस के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार मानते हैं। लालू और तेजस्वी ने इस बार कांग्रेस पर सीट कटौती का दबाव बना रखा है।



बिहार में इस साल के आखिर में होने हैं विस चुनाव

### सभी को देना होगा योगदान

कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा- 'गठबंधन में नए दल शामिल होंगे तो सबको अपने हिस्से (सीट) से योगदान देना होगा, तभी नए लोगों को जगह मिलेगी। हर प्रदेश में 'अच्छी' और 'खराब' सीटें होती हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी को सब अच्छी सीट मिले और किसी को सभी खराब सीट।' अल्लावरु ने जोर देकर कहा है कि सीट बंटवारे में 'अच्छी' और 'खराब' सीट का संतुलन होना चाहिए।

### 19 से शुरू होगी स्क्रीनिंग

अल्लावरू ने कहा- 'कौन पार्टी कितनी सीटें त्याग रही है, उससे पहले यह जानना जरूरी है कि कितने नए दल महागठबंधन में आ रहे हैं और उन्हें कितनी सीटें दी जा रही हैं। हमारा मानना है कि हर पार्टी को अपने हिस्से से उचित अनुपात में सीट देनी होंगी।' उन्होंने कहा कि समय रहते सीट बंटवारे पर बातचीत को सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ाने में सफलता मिल रही है। राज्य प्रभारी ने बताया कि ब्लॉक और जिला से दावेदारों के नाम 14 सितंबर तक आ जाएंगे और फिर 19 सितंबर से स्क्रीनिंग कमेटी का काम शुरू हो जाएगा।

### कश्मीर में 41% अधिक बारिश, 2024 था सूखा वर्ष

नई दिल्ली। लगातार बाढ़ के खतरों के बीच, जम्मू-कश्मीर में इस साल जून से सितंबर तक 41 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस — मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये। सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*
पताः सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

## कल से 14 तारीख तक होगा 'समुद्री खेल' महोत्सव, यहां अंतरराष्ट्रीय भागीदारी दिखेगी

एजेंसी ▶▶ तूतीकोरिन

देश के सबसे रोमांचक समुद्री खेल उत्सवों में से एक 'कदल कोंडट्टम 2025' 12 से 14 सितंबर तक तमिलनाडु के तटीय शहर तूतीकोरिन में धूम मचाने के लिए तैयार है। यह रोमांच से भरपूर समुद्री खेलों, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी और तमिलनाडु की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा, जो समुद्र के प्रति एक अनूठा उत्सव होगा। इसमें स्टैंड-अप पैडलिंग, काइटबोर्डिंग, काइटसर्फिंग, कयाकिंग और बीच ऑब्स्टेकल रेस में आयोजित की जाएंगी।

SEBI

**भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड**

**सेबी भवन II, प्लॉट सं.- सी 7, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051**

**डिजिटल फॉरेंसिक्स के लिए "अभिरुचि की अभिव्यक्ति" (ई. ओ. आई.) आमंत्रित किए जाने के संबंध में**

डिजिटल फॉरेंसिक सेवाओं के क्षेत्र के अनुभवी सेवाप्रदाताओं (बोली लगाने वालों) को सूची में शामिल किए जाने हेतु निर्धारित फॉर्मेट में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

उपरोक्त अभिरुचि की अभिव्यक्ति' (ई.ओ.आई.) के ब्यौरे हमारे वेबसाइट (www.sebi.gov.in) पर "निविदाएँ" ["Tenders"] शीर्षक के अंतर्गत और केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (http://eprocure.gov.in/cppp) पर दिए हुए हैं।

एजेंसियाँ अपने आवेदन ( विधिवत रूप से भरे हुए) इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से 21 दिनों के भीतर अवश्य प्रस्तुत कर दें।

CBC- 15204/11/0154/2526

## हरिभूमि से बातचीत में सुरक्षा विशेषज्ञों ने दी यह प्रतिक्रिया

# नेपाल के हालात चिंताजनक, 1751 किमी. लंबी खुली सीमा पर बढ़ानी होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



वो कहते हैं न जब पड़ोस में आग लगी होती है तो अपना घर बचाने की चुनौती तो रहती ही है...यह पंक्ति भारत पर पूरी तरह से फिट बैठती हुई नजर आ रही है। क्योंकि वर्तमान में चीन को छोड़कर उसके तमाम पड़ोस देशों में अस्थिरता का चिंताजनक माहौल बना हुआ है। ताजा उदाहरण नेपाल का है। जहां पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा अपनी ही सरकार के नुमाइंदों के खिलाफ सड़कों पर आक्रोशित नजर आ रहे हैं। कुछ समय पहले बांग्लादेश और उससे थोड़ा पहले श्रीलंका और म्यांमार का भी यही हाल था। इस परिदृश्य के बीच भारत की सीमाई सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता के साथ सवालों का उठना लाजमी है। जिनके सुरक्षा विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में जवाब देने की कोशिश की है। उनका कहना है कि भारत की नेपाल के साथ कुल करीब 1 हजार 751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा लगती है। जिसकी सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए एसएसबी सहित अन्य सैन्य-सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट के साथ अपनी निगरानी को चाक-चौबंद बनाना पड़ेगा।

### दूसरा मणिपुर नहीं बनना चाहिए नेपाल

सेना के पूर्व अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि भारत की नेपाल के साथ कुल करीब 1 हजार 751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा लगती है। जिस पर कोई बाड़ (फेंस) लगी हुई नहीं हैं। केवल बॉर्डर पिलर्स के जरिए दोनों देश अपनी-अपनी सीमाओं की पहचान करते हुए गश्त करते हैं। अभी वहां पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। जिसे देखते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट के साथ सरहदी निगरानी को पुख्ता बनाने की जरूरत है।

### पाक को मिलेगा घुसपैठ बढ़ाने का मौका

कुलकर्णी ने कहा कि भारत के पाकिस्तान के साथ संबंध अच्छे नहीं हैं। नेपाल में मुसलमानों के साथ ही पाकिस्तान का भी बोलबाला हो गया है। काठमांडू की मौजूदा अशांति आईएसआई के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्योंकि बीते वक्त में हमने देखा है कि जब भारत ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी घुसपैठ पर रोक लगाई। तो पाकिस्तान ने नेपाल के रास्ते घुसपैठ को बढ़ावा दिया।

### अस्थिर नेपाल के पीछे अमेरिका?

सेना के पूर्व अधिकारी मेजर जनरल एस.बी.एस अस्थाना ने कहा कि हालिया नेपाल और उससे पहले भारत के अन्य पड़ोसी देशों में बनी हुई अस्थिरता के पीछे मुझे लगता है कि कहीं न कहीं पश्चिम यानी अमेरिका का हाथ हो सकता है। क्योंकि पाकिस्तान से लेकर बांग्लादेश और फिर नेपाल में बदलाव का जो एक खतरनाक पैटर्न हमें दिखता है। उसके पीछे अमेरिका, चीन की पावर पालिटिक्स बड़ी वजह हो सकती है। दोनों प्रतिद्वंदी हैं। भारत को अमेरिका अपने भविष्य के प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखता है। यूएसएसआर के समय अमेरिका ने चीन को मदद दी थी, लेकिन आज वो उससे भी बड़ा हो गया है। जिसे देखते हुए अमेरिका भारत के साथ वही गलती नहीं दोहराना चाहता है। चीन को घेरने के लिए अमेरिका को भारत की जरूरत भर है।

# मोदी और मेलोनी वार्ता में शामिल रहा यूक्रेन में जल्द युद्ध समाप्ति का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भारत के निकट पड़ोसी देश नेपाल सहित दुनिया के कई भागों में जारी संघर्षों से बने हुए अत्यंत तनावपूर्ण माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इटली और कतर के राष्ट्राध्यक्षों के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। एक्स पर की गई अपनी कुछ पोस्ट के जरिए उन्होंने यह जानकारी दी है। जिसमें सबसे पहले इतालवी प्रधानमंत्री के साथ हुई बातचीत को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने भारत और इटली की रणनीतिक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने की अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता दोहराई और यूक्रेन में जारी संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने में साझा रुचि जताई है।

### दोहा में हमलों से चिंतित भारत

एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अलथानी के साथ हुई बातचीत का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि हमारी चर्चा में मैंने दोहा में हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई है। भारत कतर के भाईचारे वाले राज्य की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। हम बातचीत और कूटनीति के जरिए मुद्दों के समाधान और तनाव को बढ़ने से रोकने का समर्थन करते हैं। इसके अलावा भारत क्षेत्र में शांति-स्थिरता और आतंकवाद के सभी रूपों, अभिव्यक्तियों के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है।

## राम जन्मभूमि ट्रस्ट में पूर्व आईएफएस अफसर

**अयोध्या।** पूर्व भारतीय वन सेवा अधिकारी कृष्ण मोहन को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का नया सदस्य नियुक्त किया गया है। यह निर्णय मंगलवार को ट्रस्ट की बैठक में लिया गया। 73 वर्षीय कृष्ण मोहन आरएसएस पदाधिकारी भी हैं। हरदोई जिले के रहने वाले मोहन पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए आरएसएस के क्षेत्र संघ चालक (क्षेत्र प्रभारी) हैं। कृष्ण मोहन, कामेश्वर चौपाल का स्थान लेंगे जिनका इस साल की शुरुआत में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

# देशभर में मतदाता सूची पुनरीक्षण की कवायद, आयोग ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। इस बीच, इसे देशभर में लागू करने की तैयारी हो रही है। तैयारियों पर चर्चा के लिए बुधवार को चुनाव आयोग राज्यों के अपने अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आयोग के वरिष्ठ अधिकारी एसआईआर नीति पर प्रस्तुति दी। बताया जा रहा है कि बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एसआईआर लागू करने में राज्य के अनुभव साझा किए। फरवरी में ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदभार संभालने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की यह तीसरी बैठक है। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को दिन भर चलने वाली बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें पूरे देश में एसआईआर की तैयारियों पर चर्चा की जा रही है। आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद, एसआईआर पूरे देश में लागू किया जाएगा।

- बिहार के बाद पूरे देश में लागू होगा एसआईआर, राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
**Regd.Office:2nd Floor,JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony,Doranda,Ranchi-834002**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 391/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply of Materials/ Equipments, Erection, Testing and Commissioning of LILO of one circuit from 132 KV D/C Chandankiyari - Govindpur Transmission Line at GSS Sindri (19 KM) on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 72,49,37,764.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 1,44,98,760.00 On line mode |
| Completion Period | 18 Months |
| e-Tender fee | Rs. 20,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 15.09.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 15.09.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 08.10.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 09.10.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager C&M (NWBP)

PR 361532 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D

**ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, साहेबगंज**
ई०मेल आई०डी०. exenbcd816109@gmail.com मो० नं०– 7903452842

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**
**पुनः निविदा आमंत्रण पत्र**

पी0आर0 नं0– 358974 Building(25-26)_D के माध्यम से आमंत्रित Construction of JSFC Godown 1000 MT at Rajmahal, Barhait and Pathna के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना में निम्न संशोधन किया जाता है।

e – Tender reference no. BCD, SAHIBGANJ/08/F2/01/2025-26 Date- 10.09.2025

1. कार्य की विवरणीः–

| क | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा खोलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Construction of JSFC Godown 1000 MT Rajmahal | 2,76,60,911/- | 2,77, 000/- | 10,000/- | 13.09.2025 (03:00 PM) | 26.09.2025 (02:00 PM) | 27.09.2025 (02:00 PM) | 11 माह | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड़, राँची। |
| 2 | Construction of JSFC Godown 1000 MT Barhait | 2,91,28,636/- | 2,92,000/- | 10,000/- | | | | 11 माह | |
| 3 | Construction of JSFC Godown 1000 MT Pathna | 2,90,50,110/- | 2,91,000/- | 10,000/- | | | | 11 माह | |

शेष निविदा की शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, साहेबगंज।

PR.NO.361533 Building(25-26):D

**नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण**
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492002
दूरभाषः 0771-2512500, फैक्स 2512400 ई-मेल ceo.nranvp@cg.gov.in

क्रमांक 7475/6 (1) / भू-प्रभाग / 2025, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 09/09/2025

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सूची में अंकित व्यक्तियों ने अपनी भूमिस्वामित्व हक की भूमि को उनके समक्ष दर्शाये अनुसार नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण रायपुर के पक्ष में "नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण अटल नगर, आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2017" के तहत विक्रय करने हेतु आवेदन दिया गया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति, फार्म, संस्था, बैंक, महाजन शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय आदि की कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण नवा रायपुर में लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

| ग्राम - उपरवारा, प.ह.नं.-15, रा.नि.मं.- केन्द्री, तहसील - अभनपुर, जिला - रायपुर | | | |
|---|---|---|---|
| क्रमांक | आवेदक का नाम | खसरा | रकबा हे. में |
| 1 | मनोज कुमार पिता आत्माराम, उमेश, पवन, नैनाप्रकाश पिता आत्माराम | 543 | 0.45 |
| | | 544 | 0.04 |
| | | 548 | 0.47 |
| | योग | 03 | 0.96 |
| 2 | मनोज कुमार पिता आत्माराम | 542 | 1.35 |
| 3 | भारतीदेवी पति मनोज कुमार | 530 | 0.04 |
| | | 531 | 0.46 |
| | | 557/2 | 0.72 |
| | | 571 | 0.32 |
| | योग | 04 | 1.90 |
| ग्राम-केन्द्री, प.ह.नं.-16, रा.नि.मं.- केन्द्री, तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर | | | |
| 1 | प्रमोदकुमार सिन्हा पिता जनकलाल | 710/8 | 0.273 |
| 2 | सैय्यद इनसान अली पिता स्व. सैय्यद मोहम्मद अली | 766 | 0.069 |
| | | 775/1 | 0.032 |
| | | 775/2 | 0.032 |
| | | 793/2 | 0.049 |
| | | 809/2 | 0.045 |
| | योग | 05 | 0.227 |
| 3 | सनतकुमार पिता विमल वगैरह | 735/2 | 0.182 |

प्रबंधक (भूमि)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर (छ.ग.)

S-45190/1

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :-** कांकेर जिले के चारमा आवर्धन जल प्रदाय योजना अंतर्गत विकासखण्ड चारमा में जैकवेल की डिजाईन, ड्राईंग, निर्माण, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का सम्पूर्ण कार्य मय समस्त सिविल कार्य एवं पाईप फिटिंग्स इत्यादि योजना का निर्माण कार्य।

| क्र. | निविदा क्रमांक / सिस्टम टेण्डर क्रमांक | योजना का नाम | विकासखण्ड | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 921/175037 | जल प्रदाय योजना अंतर्गत विकासखण्ड चारमा में जैकवेल की डिजाईन, ड्राईंग, निर्माण, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का सम्पूर्ण कार्य | चारामा | 40.94 |

निविदा की समान्य समान्य शर्तें एवं विस्तृत विवरण तथा अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.inपरदर्शित है। उपरोक्त सम्पूर्ण निविदाओं की निविदा तिथि 09.09.2025 है तथा उक्त निविदाओं को दिनांक 10.09.2025 से 09.10.2025 तक भरी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

G-252603396/1

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email- sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन /सड़क कार्य हेतु दिनाँक 22.09.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 112 | 174885 | जिला जेल कांकेर में 01 बैरक (50 बंदी क्षमता भूतल एवं 50 बंदी क्षमता प्रथम तल) भवन हेतु विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 118.79 लाख |
| 02 | 113 | 175016 | कोण्डागांव के ग्राम-बफना में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 120.13 लाख |
| 03 | 114 | 175017 | भानुप्रतापपुर अनुविभाग अंतर्गत मार्गो का विशेष मरम्मत कार्य। | 20.00 लाख |
| 04 | 115 | 175019 | उपसंभाग कोण्डागांव क्रमांक 02 अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 24.97 लाख |
| 05 | 116 | 175020 | अनुविभाग पखांजूर मे कर्मचारियों हेतु 02 नग "एच" टाईप एवं 02 नग ₹जी₹ टाईप आवासगृह निर्माण कार्य। | 49.66 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। (स.क्र.03 एवं 04)

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 22.09.2025 है।**

**नोटः-** चतुर्थ आमंत्रण (स.क्र.01 से 03)
तृतीय आमंत्रण (स.क्र.04)
पंचम आमंत्रण (स.क्र.05)

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
कांकेर मण्डल कांकेर

G-252603386/3

**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-**

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 174782 प्रथम आमंत्रण 03.09.2025 | केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला बलौदाबाजार भाटापारा के हथबंद से सिमगा मार्ग के लेवल क्रांसिग क्र. 392 (रिंगनी गेट) पर मुम्बई- हावड़ा रेलवे लाईन पर रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य। | 4072.07 |
| 2 | 174802 प्रथम आमंत्रण 03.09.2025 | जमा मद अंतर्गत चांपा- गेवरा रेल लाईन के लेवल क्रांसिग सी.जी.-28 में सुनालिया ज्वेलर्स कोरबा के पास आर. यू. बी. का निर्माण कार्य। | 1828.32 |
| 3 | 174813 प्रथम आमंत्रण 03.09.2025 | जिला गरियाबंद के कासाबाय-पतोदादार (सातधार) मार्ग में चचंगी (हलफली) नाला पर उच्चस्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 349.52 |
| 4 | 174808 प्रथम आमंत्रण 04.09.2025 | जिला कोरिया के पेन्ड्री से मंगोरा मार्ग पर हसदेव नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 728.63 |
| 5 | 174867 प्रथम आमंत्रण 04.09.2025 | जमा मद अंतर्गत दीपका जवाली - चाकाबुड़ा मार्ग में खोलार नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (शेष कार्य )। | 174.82 |
| 6 | 174873 प्रथम आमंत्रण 04.09.2025 | सीलीभुडु कुदरीचिंगार मार्ग लंबाई 5.80 कि.मी. का मजबूतीकरण एवं उन्नतिकरण का कार्य। जमा मद। | 429.77 |
| 7 | 174877 प्रथम आमंत्रण 04.09.2025 | दुल्लापुर से बोरेमुडा मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। जमा मद। | 380.88 |
| 8 | 174876 प्रथम आमंत्रण 04.09.2025 | बिनोरी से हरदी भगवानपाली नहर सड़क मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 454.48 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 01 से सं.क्र. 03 दिनांक 26.09.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 29.09.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता,
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G- 252603374/3



## चिंतन

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बाद रक्षा क्षेत्र का सिरमौर बनता भारत

वो भी समय था, जब भारत अपनी रक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से रूस व अन्य देशों पर निर्भर था। यहां तक कि गोला बारूद तक के लिए विदेशी रक्षा उपकरण निर्माताओं की तरफ झोली फैलानी पड़ती थी। इतना ही नहीं, भारी भरकम रकम देने के बाद भी रक्षा उपकरण देने में भी लगातार देरी सहन करनी पड़ती थी। अब हालात बदलने लगे हैं। ऐसा भी नहीं है कि हम सौ फीसदी आत्मनिर्भर हो गए हैं, लेकिन हालात वो भी नहीं रहे, जो दो दशक पहले तक थे। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, रक्षा उत्पादन और निर्यात संवर्धन नीति जैसे बड़े रणनीतिक फैसलों के कारण घरेलू रक्षा उत्पादनों को बहुत हद तक प्रोत्साहन मिला है। रक्षा क्षेत्र में निजी भागीदारी भी अपेक्षाकृत बढ़ी है और सार्वजनिक उपक्रमों की उत्पादन क्षमता में खासा सुधार आया है। इसमें एमएसएमई ने भी योगदान दिया। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि इस कारण 2013-14 में जहां 686 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 23,622 करोड़ रुपये हो चुका है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रक्षा निर्यात में भी 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। साफ नजर आता है कि देश रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में तेज से उभर रहा है। इसी कारण वैश्विक मंचों पर भी भारत की छवि मजबूत होती जा रही है। हाल में लोवी इंस्टीट्यूट पावर इंडेक्स की रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि रक्षा क्षेत्र में भारत दुनिया के सिरमौर देशों की कतार में खड़ा होने की तैयारी में है। देश आधुनिक हथियारों और तकनीक के मामले में तेजी से तरक्की कर रहा है, इस तथ्य की पुष्टि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हुई, जब ब्रह्मोस मिसाइलों और ड्रोन रोधी स्वदेशी प्रणाली आकाशतीर ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। अब तक हमें आमतौर पर यही लगता था कि ऑपरेशन सिंदूर ने सैन्य क्षेत्र में भारत की नई और उभरती ताकत से पूरी दुनिया का परिचय करवाया है। जिस तरह से सिर्फ चार दिनों के भीतर भारतीय सशस्त्र सेना ने पाकिस्तान का गेम ओवर किया, उससे खुद को सुपर पावर कहने वाले देश भी हक्के-बक्के रह गए। लेकिन, अब ऐसी रिपोर्ट आ रही हैं कि ऑपरेशन सिंदूर ने सिर्फ हमारी सैन्य ताकत को ही बयां नहीं किया, रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी भारत के लिए नए द्वार खोल दिए हैं। भारत आज अमेरिका, रूस, फ्रांस समेत 100 से ज्यादा देशों को सैन्य हथियार और रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। भारत के जिन हथियारों की अंतरराष्ट्रीय सैन्य बाजार में ज्यादा डिमांड है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनकी फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। ब्रह्मोस मिसाइल को भारत ने रूस के साथ मिलकर बनाया है। फिलीपींस इसका पहले से खरीदार था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में शानदार प्रदर्शन की वजह से करीब 15 देश इसे खरीदने के लिए लालायित हो रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि भारत के रक्षा उपकरण न केवल सटीक हैं बल्कि गुणवत्ता पर भी खरे उतरते हैं। अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो खलता है। इस प्रगति के बावजूद रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता को घटाना अभी भी चुनौती बना हुआ है। इन प्रयासों को बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में मेहनत करनी होगी और निवेश भी बढ़ाना होगा। छोटे और मध्यम उद्यमों को रक्षा उत्पादन में और अवसर देने होंगे। साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार की प्रतिस्पर्धा का भी ध्यान रखना होगा। यह तभी संभव है जब हम रक्षा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन देंगे और सरकारी और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर साझेदारी, नए बाजारों की खोज और रक्षा स्टार्टअपों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनाव की शुचिता जरूरी



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक व्यवस्था वाले देश में चुनाव ही लोकतंत्र की आत्मा है। देश में स्वच्छ और निष्पक्ष कराने की जवाबदेही चुनाव आयोग की है लेकिन चुनावों की शुचिता कायम रखने में राजनीतिक दलों और मतदाताओं की भी महति भूमिका है। हाल के दिनों में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन केंद्रीय चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में कथित फर्जीवाड़े और विशेष गहन पुनरीक्षण 'एसआईआर' के मुद्दे पर लगातार हमलावर है। विपक्ष का आरोप है कि आयोग ने भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए पिछले लोकसभा और महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा विधानसभा चुनाव में फर्जी वोटर जोड़े हैं। विपक्षी गठबंधन ने एसआईआर के मुद्दे पर जहां संसद के पिछले मानसून सत्र में खूब हंगामा मचाया है वहीं अब वह इस मुद्दे पर सड़क की लड़ाई लड़ रही है। विपक्ष ने यह मुद्दा तब उठाया है जब चुनाव आयोग द्वारा बिहार में ऐन विधानसभा चुनाव के पहले 'एसआईआर' किया जा रहा है। खबरों के मुताबिक बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद लगभग 65 लाख वोटर्स के नाम हटने की संभावना है। इस मसले को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई है और अदालत में सुनवाई जारी है। याचिका की सुनवाई करते हुए अदालत ने स्पष्ट किया है कि कोई भी अवैध मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में न हो। विपक्षी गठबंधन ने आयोग पर यह भी आरोप लगाया है कि वह केंद्र सरकार के इशारे पर जानबूझकर चुनींदा राज्यों में ही 'एसआईआर' कर रही है। चुनाव आयोग ने कथित तौर पर फर्जी वोटिंग के जरिए भाजपा को फायदा पहुंचाने संबंधी तमाम आरोपों को बेबुनियाद ठहराया है। अलबत्ता यह पहला मौका नहीं है जब चुनाव आयोग विपक्ष के निशाने पर रहा हो इसके पहले ईवीएम के मुद्दे पर आयोग पर उंगलियां उठती रही हैं। मतदान के लिए ईवीएम की शुरुआत 1982 में हुई जो 15 मार्च 1989 से प्रभावी हुआ।

अलबत्ता 'एसआईआर' पर मचे रार पर गौर करें तो यह कोई पहली मर्तबा नहीं है जब देश में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण पहली बार वर्ष 1952 से 1956 तक किया गया इसके बाद 1957 और 1961 में एसआईआर हुआ। आयोग के मुताबिक साल 1952 से 2004 तक देश में कुल 13 बार एसआईआर किया गया है। बिहार में इसके पहले 2003 में एसआईआर किया गया था। भारत जैसे देश में पलायन एक प्रमुख समस्या है जहां 45 करोड़ से ज्यादा प्रवासी हैं। बिहार, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित अनेक राज्य हैं जहां बड़ी संख्या में लोग रोजगार के लिए दूसरे राज्यों और शहरों में पलायन करते हैं।देश के ग्रामीण इलाकों से महानगरों ,औद्योगिक और वाणिज्यिक शहरों में शिक्षा, रोजगार, व्यापार के लिए पलायन करने वाले अधिकांश आबादी का नाम उनके मूलनिवास के वोटर लिस्ट में बरकरार रहता है। ऐसे लोग शासकीय - गैर सरकारी जरूरतों या किसी योजना का लाभ लेने ऐसे लोग अपना नाम बतौर पहचान अस्थायी निवास वाले शहरों के वोटर लिस्ट में दर्ज कराकर वोटर आईडी हासिल कर लेते हैं।




मतदाताओं के नाम एक से अधिक जगहों के वोटर लिस्ट में शामिल होने और मृतकों के नाम सूची से बाहर नहीं होने के कारण चुनाव आयोग के पास कुल मतदाताओं के वास्तविक आंकड़े उपलब्ध नहीं होते परिणामस्वरूप मतदान का आंकड़ा भी दोषपूर्ण होता है। देश के सभी राजनीतिक दल और आम नागरिक भी चाहते हैं कि किसी भी मतदाता का नाम देश के किसी एक शहर या गांव के वोटर लिस्ट में दर्ज हो लिहाजा एसआईआर का राजनीतिक विरोध अप्रासंगिक है। निर्वाचन आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह मतदाता सूची का पुनरीक्षण करे जिसके लिए सरकारी अमला घर-घर में जाकर सर्वे करता है।इस सर्वे में जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गई है अथवा वे स्थानांतरित हो गए हैं उनका नाम सूची से हटाने और नये नाम जोड़ने का काम किया जाता है। आयोग द्वारा एक निश्चित समय में पोलिंग बूथ पर नये नाम जोड़ने अथवा हटाने का अभियान चलाया जाता है जिसकी सूचना संचार माध्यमों के जरिए दी जाती है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पूर्व दावा-आपत्ति का भी प्रावधान होता है। राजनीतिक दलों की भी जवाबदेही है कि वह समय रहते सूची पर दावा-आपत्ति करें ताकि चुनाव की पवित्रता पर कोई सवाल न उठे।

विचारणीय है कि लोकतंत्र में मताधिकार सबसे बड़ा संवैधानिक अधिकार होता है लेकिन विडंबना है कि आम मतदाता इस अधिकार के कर्तव्यों के प्रति उदासीन हैं। देश में 1952 से लगातार लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हो रहे हैं परंतु जैसे-जैसे हमारा लोकतंत्र बुजुर्ग हो रहा है वैसे-वैसे मतदाताओं में चुनाव के प्रति बेरुखी बढ़ती जा रही है।चुनाव आयोग के तमाम जतन के बावजूद आज भी औसत मतदान 50 से 60 फीसदी तक ही सीमित है जबकि देश में साक्षरता का प्रतिशत काफी बढ़ चुका है। मतदान के प्रति उदासीनता का ही परिणाम है कि चुनावी राजनीति में धनबल, बाहुबल, धर्म , जाति, भाषा, परिवारवाद और क्षेत्रवाद हावी होने लगा है जिसके लिए निश्चित तौर पर मतदाता भी जवाबदेह हैं। राजनीतिक दल चुनाव में वोट हासिल करने के लिए धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र या मुफ्त योजनाओं का 'ट्रंपकार्ड' इस्तेमाल कर रहे हैं जिसके झांसे में मतदाता बड़ी आसानी से आ रहे हैं।

देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए 1962 से ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है बावजूद चुनावों में नफरती भाषणों, वोट के लिए प्रलोभन और धनबल की कुरीति लगातार जारी है। चुनाव आचार संहिता के तहत वोट के लिए मतदाताओं को प्रलोभन देना, रिश्वत देना,जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के नाम पर वोट मांगना गैर कानूनी है लेकिन यह व्यवस्था अभी भी सिर्फ कागजी ही साबित हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग के तमाम कोशिशों के बावजूद सियासी दलों द्वारा मुफ्त चुनावी रेवड़ियां बांटने की होड़ मची हुई है जिसका खामियाजा चुनाव के बाद आम जनता को ही चुकाना पड़ रहा है। चुनाव जीतने के लिए किए जाने वाले मुफ्त घोषणाओं का सीधा असर सरकारी खजाने पर पड़ता है फलस्वरूप रोजगार और विकास योजनाएं ठंडे बस्ते में चली जाती है। मतदाताओं को यह भी समझना होगा कि उनका वोट अनमोल है और इसका सौदा मुफ्त के स्कूटी, कंबल, साड़ी, कूकर, पंखा, सिलाई मशीन, सायकल, शराब या चंद रूपयों के एवज में नहीं किया जा सकता। भारतीय राजनीति इन दिनों संक्रमण के दौर से जूझ रही है जिसका दुष्प्रभाव चुनाव के दौरान परिलक्षित हो रहा है। सियासी दलों के हर हाल में सत्ता हासिल करने के हनक के चलते अमूमन सभी राजनीतिक दल बाहुबलियों और धनाढ्यों को चुनावी टिकट बांट रहे हैं। राजनीति और संसद से लेकर विधानसभा तक दागियों के बढ़ते रसूख का अंदाजा एडीआर के रिपोर्ट से होता है जिसके मुताबिक देश के 46 फीसदी सांसदों और 45 फीसदी विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

आंकड़ों पर गौर करें तो शहरों की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में मतदान हमेशा ज्यादा होता है।शहरी मतदाता जो अपने आपको सुशिक्षित और अभिजात्य समझते हैं वे मतदान के दिन को 'इलेक्शन हॉलीडे' मानकर सैर-सपाटे पर निकल जाते हैं। बहरहाल चुनाव आयोग पर लग रहे तोहमत के बीच आयोग को विपक्ष के शिकायतों और आरोपों की निष्पक्षता से जांच करवाना आवश्यक है ताकि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर कोई आंच न आए। अलबत्ता 'एसआईआर' और फर्जी वोटिंग के नाम पर चुनाव आयोग की ओर उठ रही उंगली के बीच कहावत भी हमारे राजनीतिक दलों और मतदाताओं के लिए सटीक साबित हो रही है कि 'जब आप एक उंगली किसी के तरफ उठाते हैं तो बाकी उंगलियां आपकी तरफ होती है'। राजनीतिक दलों और मतदाताओं की भी जवाबदेही है कि वे आदर्श आचार संहिता और अपने मताधिकार के प्रति आत्म अनुशासित हों ताकि 75 बरस पुराने लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत रहे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## दिवस विशेष
डॉ. योगिता राघव



# विवेकानंद के शिकागो भाषण को अपने जीवन में उतारें

शिकागो में 11 सितम्बर 1893 के ऐतिहासिक दिन विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने अपने अविस्मरणीय, अविश्वसनीय, अद्वितीय व ऐतिहासिक भाषण से न केवल भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर स्थापित किया, बल्कि पूरी दुनिया को सहिष्णुता, सार्वभौमिकता और मानवता का अमूल्य संदेश दिया और भारत के युवाओं में एक नई चेतना और आत्मविश्वास का संचार भी किया। "मेरे अमेरिकी बहनों और भाइयों" कहकर जैसे ही उन्होंने अपना संबोधन प्रारंभ किया, सभागार गगनभेदी तालियों से गूंज उठा। यह भाषण केवल शब्दों का संगम नहीं था, बल्कि भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता, भाईचारे और विश्व बंधुत्व का उद्घोष था। आज, 132 वर्ष बाद भी यह उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। स्वामी विवेकानंद ने स्पष्ट कहा कि भारत केवल सहिष्णुता का ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करने का देश है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भारत ने सदैव सताए गए और शरणार्थी समुदायों, चाहे वे यहूदी हों या पारसी, को खुले हृदय से अपनाया है। यह विचार आज की दुनिया के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जहां कट्टरता और संकीर्णता के बीच शांति और सद्भाव का मार्ग खोजा जा रहा है।



विवेकानंद ने अपने भाषण में कट्टरता और हठधर्मिता को मानव समाज का सबसे बड़ा शत्रु बताया। उन्होंने कहा कि इनसे धरती बार-बार खून से लाल हुई है और सभ्यताएं मिट गई हैं। अब समय आ गया है जब मानवता को ऐसे दानवों से मुक्त होकर भाईचारे और एकता की ओर बढ़ना होगा। विश्व धर्म सम्मेलन दुनिया को यदि कुछ दिखा सकता है तो वह होगा, धर्मों की पवित्रता, शुद्धता और पुण्यता, क्योकि धर्मों से ही इंसान के चरित्र का निर्माण होता है। यदि धार्मिक एकता के समय भी कोई यह सोचता है कि उसी के धर्म का विस्तार हो और दूसरे धर्मों का विनाश हो तो ऐसे लोगों के लिए मुझे दिल से लज्जा महसूस होती है। स्वामी विवेकानंद केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं, बल्कि युवाओं के मार्गदर्शक भी थे। उन्होंने भारत के युवाओं को प्रेरित करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। उनका प्रसिद्ध मंत्रः "उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" आज भी हर युवा के लिए जीवन का मार्गदर्शन है। उनका विश्वास था कि आत्मविश्वास और साहस के बल पर युवा न केवल अपना भविष्य गढ़ सकते हैं, बल्कि राष्ट्र को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं। विवेकानंद का संदेश केवल धार्मिक एकता का आह्वान नहीं था, बल्कि यह युवाओं के लिए भी दिशा-निर्देश था। उन्होंने युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने तथा जाति-धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। वह चाहते थे कि युवा भारत को एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक साथ आएं। आज का युवा डिजिटल युग में अवसरों के साथ-साथ बेरोजगारी, तनाव और पहचान के संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में विवेकानंद का शिकागो भाषण युवाओं को आत्मबल देता है और याद दिलाता है कि वे उस महान संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं, जिसने दुनिया को शांति, सहिष्णुता और मानवता का पाठ पढ़ाया है। उनके विचारों का अनुसरण करके, युवा न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज भी कई संगठन ज़मीनी स्तर पर आगे बढ़ा रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जैसे छात्र संगठन विवेकानंद के इन्हीं विचारों को ज़मीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास कर रहे हैं। एबीवीपी का मूल मंत्र, छात्र शक्ति, राष्ट्र शक्ति, सीधे विवेकानंद के उस दर्शन से जुड़ा है जिसमें उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा उपकरण माना था। एबीवीपी युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण की दिशा में प्रेरित कर रहा है। स्वामी विवेकानंद ने जो विचार दिए, एबीवीपी उन्हें एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रही है। विवेकानंद ने युवाओं को जो सपना दिखाया था, एबीवीपी के कार्यकर्ता उसे साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद का शिकागो भाषण केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि शाश्वत संदेश है जो हर पीढ़ी के भारतीय युवाओं को प्रेरित करता रहेगा। आज उनके शिकागो भाषण की वर्षगांठ पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि उनके विचारों को केवल पढ़ा ही न जाए, बल्कि जीवन में उतारा भी जाए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

(लेखिका अभाविप गुरुग्राम की महानगर अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जन्म व मृत्यु के उपरांत समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

## किसी के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राहुल कांग्रेस के खोए गौरव को लौटाने बेताब

राहुल कांग्रेस के खोए गौरव को लौटाने बेताब राहुल ने उतरप्रदेश में पहला रोड शो अपने बहन प्रियंका गांधी के साथ मिलकर तैयार की गई पठकथा से भटके बिना की हो। लोगो से हाथ मिलाना और जातिविहीन समाज सरीखे उदार मुद्दे उठाना राहुल का क्रम बन चुका है। लेकिन उनको पता लग पाता है तब तक वे कुछ न कुछ ऐसा बोल जाते है, जो मुद्दा बन जाता है। हालांकि, प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने के लिए राहुल को बडी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह आसान भी नही है। राहुल ब्रांड बिहार की धूल घुसरित गलियों में उतार दिया गया। दरअसल,गांधी परिवार होने के बावजूद कांग्रेस को उनसे उम्मीदे बेहिसाब है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### ब्रिटेन में सिख विरासत के संरक्षण का आह्वान



पूर्व राज्यसभा सदस्य सरदार तरलोचन सिंह ने ब्रिटिश सिख सांसदों और उनके साथियों से महाराजा रणजीत सिंह के बिखरे हुए खजानों पर प्रामाणिक शोध कराने का आह्वान किया है ताकि उन्हें उचित रूप से सूचीबद्ध किया जा सके और भावी पीढ़ियों के लिए एक संग्रहालय में संरक्षित किया जा सके। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सोमवार शाम लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में ब्रिटिश सिख एसोसिएशन द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह (92) ने उन खबरों की ओर इशारा किया जिनमें औपनिवेशिक काल की एक फाइल का खुलासा हुआ था जिसमें भारत में सिख साम्राज्य के 19वीं सदी के शासक के कई खजानों का दस्तावेजीकरण किया गया था। सिंह ने कहा, 'महाराजा रणजीत सिंह के तोशाखाने (खजाने) से खजानों की एक सूची जारी की जानी चाहिए ताकि हमारे बच्चे हमारी सिख विरासत पर गर्व कर सकें।' उन्होंने कहा, 'ऐतिहासिक अभिलेखों में उल्लेख है कि गुरु गोबिंद सिंह जी का पवित्र पंख, जो उनकी पगड़ी को सुशोभित करता था, तोशाखाने में रखा जाता था और महाराजा रणजीत सिंह उसे प्रतिदिन छूते थे।'

## ऑफ बीट

### दांतों की दैनिक सफाई में छिपा प्लास्टिक संकट



दांतों की नियमित सफाई, फ्लॉसिंग और छह महीने में एक बार दंत चिकित्सक से दांतों की जांच कराना। ये सभी दांतों की सफाई के लिए जरूरी कदम माने जाते हैं। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि ये दैनिक आदतें अनजाने में पृथ्वी पर माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को बढ़ावा दे रही हैं। शोध से पता चला है कि टूथपेस्ट, फ्लॉस, टूथब्रश और दंत चिकित्सकों द्वारा उपयोग की जाने वाली सामग्री के माध्यम से हर दिन माइक्रोप्लास्टिक के अरबों कण जल प्रणाली में पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि प्लास्टिक माइक्रोबीड पर कई देशों में प्रतिबंध लग चुका है, लेकिन आज भी कई टूथपेस्ट में माइक्रोप्लास्टिक मौजूद होते हैं। वहीं, अधिकांश डेंटल फ्लॉस नायलॉन या टेफ्लॉन जैसे गैर-जैव अपघटनीय पदार्थों से बने होते हैं, जो पर्यावरण में लंबे समय तक बने रहते हैं। टूथब्रश दैनिक जीवन का उपयोगी हिस्सा है। लेकिन ये टूथब्रश भी इस संकट में योगदान दे रहे हैं। सामान्य उपयोग के दौरान उनके नायलॉन ब्रिसल के छोटे-छोटे कण टूटकर पानी के माध्यम से जल प्रणाली में प्रवेश कर जाते हैं। ये कण मलजल में प्रवेश करते हैं, उपचार प्रणालियों से गुजरते हैं और अंततः समुद्री खाद्य श्रृंखलाओं में पहुंच जाते हैं, जहां इन्हें प्लवक, शंख, मछली खा जाते हैं और अंततः यह मनुष्य के शरीर में पहुंच जाते हैं।

## ट्रेंड

### रेल सेवाओं का विस्तार



आत्मनिर्भर और विकसित भारत के विजन के अनुरूप हम देशभर में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए संकल्पबद्ध हैं। इसी दिशा में भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी गई है। इससे यहां के लोगों का जीवन आसान होगा।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रकृति का विकास



हम बीटीआर में न केवल बुनियादी ढाँचे के विकास और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस खूबसूरत क्षेत्र में प्रकृति का विकास हो। सरकार ने प्राकृतिक परिवेश की रक्षा और पशु-पक्षियों की आबादी को संरक्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### युवक को न्याय मिले



निर्मम भाजपा सरकार से हताश होकर एक युवा ने आत्मदाह के द्वारा सरकार को जगाने के लिए जो कोशिश की है वो बेहद दर्दनाक है। भाजपा सरकार घायल युवक को अच्छे से अच्छा इलाज-उपचार सुनिश्चित करे और युवक को न्याय प्रदान करे।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### काठमांडू में फंसे यात्री



यह बेहद चिंताजनक है कि नेपाल में बिगड़े हालातों के बीच, बड़ी संख्या में राजस्थान के यात्री काठमांडू में फंसे हुए हैं। प्रदेश सरकार को वहां फंसे यात्रियों को सुरक्षित राजस्थान लाने का इंतजाम करना चाहिए।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# नवाजुद्दीन ने ब्लाइंड बाबू की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी अगली फिल्म 'ब्लाइंड बाबू' के लिए फिल्म निर्माता रवि वर्मा के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इस पोस्ट में पूरी टीम भी एक ग्रुप फोटो में दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा है, 'अब बम फटेगा या कुछ और? उस अराजकता के लिए तैयार हो जाइए जो आपको रहस्य और डार्क कॉमेडी के साथ बांधे रखेगी... ब्लाइंड बाबू की यात्रा शुरू।'

## लाइफ Style



# दीपिका
## बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तेयार किया। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।

दीपिका पादुकोण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एटली की अगली फिल्म में वे नजर आएंगी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है और अस्थाई तौर पर इसे 'एए22एक्सए6' कहा जा रहा है। मेकर्स ने एनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था, जिसमें दीपिका पादुकोण को तलवारबाजी करते देखा जा रहा था। इससे साफ हो गया है कि अभिनेत्री इस फिल्म में एक्शन अवतार में दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला




# सौतेले बच्चों के संग मजबूत है रिश्ता

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की फेमस सिंगर जेनिफर लोपेज एक बार फिर चर्चा में हैं। वो अपने पति से तलाक ले चुकी हैं, लेकिन बेन एफ्लेक के बेटे के साथ उनका रिश्ता अभी भी मजबूत है। वो दोनों शॉपिंग करते हुए नजर आए। उनकी फोटोज वायरल हो रही है। मालूम हो कि बेन ने जेनिफर गार्डनर से भी शादी की थी। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक को दो साल की शादी के बाद अलग हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया है। अपने रिश्ते के खत्म होने के बावजूद सिंगर की अपने एक्स हसबैंड के बच्चों के साथ अच्छी बॉन्डिंग है।




# मुझे लगा मैं कई साल से एक दायरे में बंधा रहा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर और डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर ड्वेन जॉनसन को दुनिया 'द रॉक' के नाम से जानती है। अपनी पहाड़ जैसी कद-काठी और जबरदस्त बॉडी वाले ड्वेन ने बीते सबको चौंका दिया। अपकमिंग फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के प्रीमियर पर एक्टर के नए दुबले-पतले लुक को देखकर हर कोई दंग रह गया। एक्टर ने अपने अब तक के कॅरियर में निभाए गए किरदारों और 'चिकन मैन' के रूप में अपने ट्रांसफॉर्मेशन पर कहा, 'मुझे लगा कि कुछ साल तक मैं एक ही दायरे में बंधा रहा। मैंने इसे होने दिया। मैंने पहले जो फिल्में बनाई थीं, मुझे वे बहुत पसंद हैं। मैं उन्हें फिर से बनाऊंगा। लेकिन, मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे फिर से वैसा ही रूप बदलने का मौका मिलेगा जैसा 'मैं स्मैशिंग मशीन' में कर पाया था, क्योंकि इसका मतलब है कि मुझे कम चिकन खाना होगा।'



# बेटी के लिए कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

**मुंबई।** आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं। आलिया ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे। आलिया भट्ट आगे कहती हैं, कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं। आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल ए 'अल्फा' कर रही हैं।




# कॉमेडी के साथ दिखेगी किसानों की कहानी

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। 3 मिनट 5 सेकंड के इस ट्रेलर में किसानों का दर्द दिखाया गया है। इस बार कहानी किसानों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक बड़ा आदमी है, जो किसानों की जमीन हड़प रहा है। दूसरी ओर छोटे किसान हैं, जो अपनी जमीन बचाने के लिए जॉली के पास पहुंचते हैं। पहले जहां किसान अक्षय कुमार के पास पहुंचते हैं, वहीं बाद में गेम पलट जाता है। ट्रेलर देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि जॉली 1 यानी अरशद वारसी जहां किसानों का केस लड़ रहे हैं और किसानों के वकील हैं। वहीं, अक्षय कुमार उस बड़े आदमी यानी गजराज राव के वकील हैं।

## टीवी मसाला



# टॉक शो टू मच 25 सितंबर को होगा शुरू

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना एक नया टॉक शो लेकर आ रही हैं। नाम है 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। यह नया टॉक शो आगामी 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। शो की स्ट्रीमिंग डेट के बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। काजोल और ट्विंकल के इस टॉक शो को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इस शो में सेलेब्स गेस्ट होंगे, जिनसे ये दोनों अभिनेत्रियां बात करेंगी और सवाल करेंगी। हालांकि, अभी तक गेस्ट्स को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बीच में ऐसी चर्चाएं चली थीं कि ट्विंकल-काजोल के शो के पहले गेस्ट सलमान खान और आमिर खान हो सकते हैं। हालांकि, ये अभी तक कंफर्म नहीं है। इसके अलावा शो में करण जौहर, जान्हवी कपूर, अक्षय कुमार और अजय देवगन के भी शामिल होने की चर्चाएं हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी नाम की कंफर्मेशन सामने नहीं आई है। इस टॉक शो से इतर वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल हाल ही में ओटीटी पर आई फिल्म सरजमीं में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ इब्राहिम अली खान और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'मां' फिल्म में भी नजर आई थीं। ये एक हॉरर फिल्म थी। वहीं ट्विंकल खन्ना फिल्मों से दूर है। वो एक लेखक के तौर पर काम करती हैं।

## 20-20 कॉल करके मुझे फिल्मों से निकाला



**नई दिल्ली।** बीते दिनों कुनिका सदानंद ने तान्या मित्तल की परवरिश पर टिप्पणी की थी। बिग बॉस 19 के नवीनतम एपिसोड में सिंगर अमाल मलिक ने कुनिका वाले विवाद पर अपने साथी घरवालों के साथ बैठकर बात की। साथ ही बताया कि कैसे उनकी ईमानदारी और स्पष्ट स्वभाव ने अक्सर इंडस्ट्री में उनके खिलाफ काम किया। उन्होंने खुलासा किया कि कई बार ताकतवर लोगों ने उन्हें बॉलीवुड से बाहर करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने संगीत के जरिए मजबूती से वापसी की। अमाल मलिक ने अपने साथी कंटेस्टेंट से कहा, 'देखो भाई, पहली बार मुझे इस शो में आके बुरा लग रहा है, क्योंकि मुझे एक खास तरीका बताया गया है। बड़े आए बड़े गए। बहुत बोला, कहां है कि खतम कर देंगे तुम्हें, देखते हैं कहां तक चलोगे इस इंडस्ट्री में। 20-20 कॉल करके बड़े-बड़े एक्टर्स प्रोड्यूसर्स ने फिल्मों से निकाला है, फिर भी यहीं खड़ा हूं और कल फिर हिट दूंगा। फिर आएंगे भाई गाना दे दो।'

# रेखा की मां ने पाकिस्तानी क्रिकेटर संग बुने थे बेटी की शादी के ख्वाब

**नई दिल्ली।** रेखा बचपन से ही फिल्मों में एक्टिव रही हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म इंटी गुट्टू और रंगूला रत्नम में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी सिनेमा में आने से पहले बतौर युवा अभिनेत्री उन्होंने साल 1969 में 'ऑपरेशन जैकपॉट' की थी, जो कन्नड़ भाषा में बनी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में एवरग्रीन स्टार रेखा को पहला ब्रेक फिल्म सावन भादो से मिला था, जिसमें उन्होंने चंदा का किरदार अदा किया था। जैसे-जैसे वह अपने कॅरियर में आगे बढ़ती गईं, उनकी फिल्मों के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा होती गई। विनोद मेहरा से लेकर अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार जैसे कई सितारों के साथ रेखा का नाम जुड़ा। हालांकि, आपको ये जानकर हैरानी होगी की रेखा की मां पुष्पावल्ली मुकेश या अमिताभ बच्चन को नहीं, बल्कि एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर को अपना दामाद बनाना चाहती है। ऐसा हम नहीं, बल्कि 40 साल पुराना पोस्ट बता रहा है।

### इमरान खान संग मिलाई थी कुंडली?

1980 में रेखा बॉलीवुड के शिखर पर बैठी थीं और उनके रोमांस के चर्चे हर किसी की जुबान पर थे।1985 में स्टार रिपोर्ट ने एक खबर छापी थी, जिसमें रेखा और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान के बीच रिश्ते का जिक्र किया गया था। जर्नल ने अपने स्टेटमेंट में ये भी दावा किया था कि रेखा की मां पुष्पावली को लगता था कि उनकी बेटी के लिए इमरान खान से अच्छा मैच कोई नहीं हो सकता। ऐसा बताया गया कि एक्ट्रेस की मां दिल्ली आईं और उन्होंने नजूमी (ज्योतिष) से मुलाकात की। रेखा की मां ये जानना चाहती थीं कि इमरान उनकी बेटी के लिए आइडियल मैच हैं या नहीं। नजूमी ने उनसे क्या कहा ये तो किसी को नहीं पता, लेकिन एक्ट्रेस की मां को ये क्लियर हो गया कि वह भविष्य में उनके परिवार का हिस्सा जरूर बनेंगे।



### 1980 में हुई थीं स्पॉट?

इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि दोनों के बीच दोस्ती से आगे का रिश्ता था। उस समय पर जिन्होंने रेखा और इमरान को साथ में कभी बीच पर और कभी शूटिंग के सेट पर एक-दूसरे की कम्पनी एन्जॉय करते हुए देखा, जिससे उन्होंने इस बात को मान लिया की वह एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए हैं। उस रिपोर्ट में ये दावा किया गया था कि 1980 के दौर में कई बार रेखा को इमरान खान के साथ घूमते हुए देखा गया है, जिसने उनकी बॉन्डिंग के बीच आग में घी का काम किया और दोनों की शादी की खबरें तेज हो गईं। हालांकि, रेखा या पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कभी भी उड़ रही अफवाहों पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# सोनू निगम ने शेयर की बिजुरिया गाने की 26 साल पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी', जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते कुछ दिन पहले फिल्म का 'बिजुरिया' गाना रिलीज हुआ, जो काफी ट्रेंड कर रहा है। यह गाना साल 1999 में सोनू निगम द्वारा पहली बार गाया गया था, अब इसका रीक्रिएशन किया गया है। गायक ने सोशल मीडिया पर पर अपने ओरिजनल सॉन्ग की शूटिंग के दौरान के कुछ खूबसूरत पलों को साझा किया है। जिसमें वह संगीतकार रवि पवार और अन्य लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में सभी काफी मौज-मस्ती के साथ गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं। अगर सोनू निगम की बात करें, तो वो काफी मासूम लग रहे हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए गायक ने कैप्शन में लिखा, '26 साल पहले बिजुरिया बनाते समय हमें नहीं पता था कि यह गाना समय की कसौटी पर खरा उतरेगा और कैसे? चिल्लाना, सीटियां बजाना, ऐसी बातें कहना जिनकी पिछली कहानियां केवल हम जानते थे। हंसना, नकल करना, सीखना और सबसे बढ़कर लंबे समय तक चलने वाला संगीत बनाना और क्या-क्या। मेरे प्यारे



रवि भाई, तरुण भाई और स्वर्गीय अजय भाई, हमने यह सब इतनी सकारात्मकता और मासूमियत के साथ किया। इतनी खूबसूरत यात्रा के लिए भगवान का शुक्रिया। एक बार फिर बिजुरिया का आनंद लें।'

## रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा का मिलेगा जबरदस्त एंटरटेनमेंट

# इस हफ्ता ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। ओटीटी प्रेमियों के लिए सितंबर का यह हफ्ता जबरदस्त एंटरटेनमेंट लेकर आया है। टॉप साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ कई वेब सीरीज और रोमांटिक-कॉमेडी शो भी इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं।*




**सैयारा** : अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब 12 सितंबर को स्ट्रीम होगी। इस फिल्म की कहानी वाणी (अनीत) और कृष (अहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस से 329 करोड़ और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 570 करोड़ का कलेक्शन किया था।

**कुली** : सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म कुली 400 करोड़ के बजट में बनी और फिर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने 25 दिन में 284 करोड़ का नेट बिजनेस किया। वहीं अब यह फिल्म 11 सितंबर से प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ (फिलहाल हिंदी नहीं) में स्ट्रीम होगी।



**डू यू वाना पार्टनर** : तमन्ना भाटिया, डायना पेंटी और जावेद जाफरी की यह कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 12 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**द गर्लफ्रेंड** : साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज द गर्लफ्रेंड मिशेल फांसेस के उपन्यास पर आधारित है। छह एपिसोड्स वाली ये सीरीज 10 सितंबर से प्राइम वीडियो पर देखी जा रही है।



**द डेड गर्ल्स** : अल्फोंसो हेरेरा, पॉलिना गैटन और जोआक्विन कोसियो स्टारर यह क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 10 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द रॉन्ग पेरिस** : मिरांडा कॉसग्रोव और पियर्सन फोडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 12 सितंबर से नेटफिलक्स पर स्ट्रीम होगी।



**रैम्बो इन लव** : तेलुगू रोमांटिक कॉमेडी सीरीज 'रैम्बो इन लव' एक बदकिस्मत लेकिन, नेकदिल लड़के और उसकी एक्स गर्लफ्रेंड पर आधारित है। ये 12 सितंबर के दिन जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

**टास्क** : 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' के मेकर्स की नई क्राइम-ड्रामा वेब सीरीज एचबीओ और मैक्स पर रिलीज हो गई है।

**ब्यूटी इन ब्लैक सीजन 2** : ग्लैमर और फैमिली पावर स्ट्रगल पर आधारित इस सफल सीरीज का नया सीजन 11 सितंबर से स्ट्रीम होगा।



डॉक्टर्स सजेशन
**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब ना लगे भूख हमेशा फील हो थकान



**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ दिनों से किसी काम में मन नहीं लगता, हमेशा थकान फील करता हूं। भूख भी नहीं लगती। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-अंकित, रायपुर**

सबसे पहले आप अपना ब्लड टेस्ट कराएं। कई बार खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी देखी जाती है। अगर वह नॉर्मल है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि भूख नहीं लग रही और कमजोरी भी लग रही है। इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं। बगैर जांच कराए, कारण जाने कुछ भी सुझाव देना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ समय पहले मुझे चिकनगुनिया हुआ था। ईलाज के बाद भी मुझे कमजोरी महसूस होती है, बोंस में दर्द होता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सर्वेश, बिलासपुर**

चिकनगुनिया ठीक होने के बाद कुछ लोगों में जल्दी दर्द ठीक हो जाता है लेकिन कुछ को लंबे समय तक हड्डियों में दर्द बना रहता है। इसके लिए आपको अपनी डाइट पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रॉपर डाइट लेने से ही सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिलेंगे और दर्द में राहत मिलेगी। फिलहाल परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। अकसर मेरे हाथ-पैरों में सूजन हो जाती है। कभी-कभी तो चेहरा भी सूजा हुआ लगता है। फिर अपने-आप ही ठीक हो जाता है। क्या ये किसी बीमारी के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, रोहतक**

आपको डायबिटीज की प्रॉब्लम तो नहीं है? यह आपने चेक कराया है या नहीं, क्योंकि कई बार शुगर बढ़ने पर इस तरह की समस्या देखी जाती है, इसलिए बगैर देर किए पहले आप शुगर की जांच कराएं। अगर जांच रिपोर्ट नॉर्मल है तो आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए, वो कुछ जांच कराएंगे, जिससे स्वेलिंग का कारण पता चलेगा। उसके बाद ही ट्रीटमेंट हो सकेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से रह-रहकर मेरे सिर में दर्द होने लगता है। कभी माथे पर कभी आधे सिर मे तो कभी पूरे सिर में। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-विकास, भोपाल**

कई बार यह दर्द गैस की वजह से भी होता है, लेकिन इस समय युवाओं में माइग्रेन भी सिर दर्द की एक वजह बन रही है। इसलिए आप इस बात पर गौर करें कि सिर दर्द कब शुरू होता है? मसलन भूख लगने पर, धूप निकलने पर या अन्य कोई खास वजह से। अगर उन वजहों से बच सकें तो बेहतर है। ऐसा नहीं हो पा रहा तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वह वजह जानकर इलाज करेंगे।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बारिश के मौसम में मुझे अकसर जुकाम और खांसी होने लगती है। इससे बचाव के लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-चंद्रकांत, जबलपुर**

बारिश के मौसम में इस तरह की समस्याएं कई लोगों में देखी जाती हैं। जब मौसम चेंज होता है तो सर्दी-जुकाम हो जाता है। इससे बचने के लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी होगी। विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल अधिक खाने चाहिए। साथ ही ध्यान रखें कि इस मौसम में फ्रिज में रखी हुई कोई भी ठंडी चीज ना खाएं। ठंडी चीजें भी सर्दी-जुकाम की वजह बन सकती हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।



डॉक्टर्स एडवाइस
**डॉ. सोनिया लाल गुप्ता**
सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट
डायरेक्टर-मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स
दिल्ली-एनसीआर

वर्टिगो की समस्या के बारे में लोग कम ही जानते हैं, इसलिए इसके लक्षणों को अकसर इग्नोर करते रहते हैं। लेकिन ऐसा करना सीरियस कंडीशन पैदा कर सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप इसके कारणों, लक्षणों, परीक्षण, उपचार और इससे उत्पन्न होने वाली जटिलताओं के बारे में जान लें। यहां बता रहे है डिटेल में।

# वर्टिगोः सही नहीं इग्नोर करना





वर्टिगो अंग्रेजी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है सिर चकराना। वर्टिगो शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'वर्टो' से हुई है, जिसका आशय है-घूमना। वस्तुतः वर्टिगो एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को ऐसा महसूस होता है कि उसके या फिर उसके आस-पास की वस्तुएं घूम रही हैं। आमतौर पर वर्टिगो की समस्या में व्यक्ति को चक्कर आते हैं, लेकिन यह सिर्फ चक्कर आने से ज्यादा है और किसी बीमारी के बजाय कई शारीरिक समस्याओं का लक्षण भी हो सकता है क्योंकि चक्कर आने के अनेक कारण हो सकते हैं।

वैसे वर्टिगो की समस्या में चक्कर आने का एक प्रमुख कारण कान के आंतरिक भाग में किसी समस्या की मौजूदगी है। जैसे मेनिएर्स रोग कान के आंतरिक भाग से संबंधित है, जो चक्कर आना (वर्टिगो), कानों में विशेष ध्वनि (टिनिटस) की समस्या, सुनने की क्षमता में कमी और कान में दबाव की समस्या जैसे लक्षणों का कारण बन सकता है।

## वर्टिगो के प्रकार

वर्टिगो दो प्रकार का हो सकता है।

**पेरिफेरल वर्टिगोः** यह वर्टिगो का सबसे आम प्रकार है। जब कान के अंदरूनी भाग, विशेषकर वेस्टिबुलर नर्व या तंत्रिका में किसी तरह की समस्या होती है, तब व्यक्ति को पेरिफेरल वर्टिगो का सामना करना पड़ता है। वेस्टिबुलर नर्व शरीर को संतुलित बनाए रखने का काम करती है।

**सेंट्रल वर्टिगोः** मस्तिष्क में किसी भी तरह की समस्या जैसे स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर, सिर पर गंभीर चोट लगना, माइग्रेन, इंफेक्शन आदि से भी सेंट्रल वर्टिगो की समस्या संभव है।

## इन लक्षणों पर रखें नजर

**चक्कर आनाः** चक्कर आना वर्टिगो का सबसे प्रमुख लक्षण है। इसके साथ ही अन्य लक्षण भी सामने आ सकते हैं।



**टिनिटसः** टिनिटस का मतलब है कानों में ध्वनि की एक विशेष अनुभूति, जिसका कोई बाहरी स्रोत नहीं होता। टिनिटस में, व्यक्ति को ऐसी आवाजें सुनाई देती हैं, जिन्हें कोई और नहीं सुन सकता। ये आवाजें बजने, क्लिक करने, गुनगुनाने या भागने से संबंधित ध्वनियों की हो सकती हैं।

- एक या दोनों कानों से सुनाई न देना।
- शरीर का संतुलन बिगड़ना।
- बार-बार जी मिचलाना।
- सिरदर्द होना या सिर में भारीपन।
- मितली या वॉमिट होना।
- दृष्टि का धुंधलापन।
- आंखों के आगे अंधेरा छा जाना।
- तेज आवाज से सिरदर्द।
- गिरने का अहसास होते रहना।
- ज्यादा पसीना आना।
- ऐसा महसूस होना कि आप हिल रहे हैं जबकि आप वास्तव में हिल नहीं रहे।

उपरोक्त लक्षण कुछ सेकेंड से लेकर कुछ मिनट तक और कई घंटे तक बने रह सकते हैं।

## वर्टिगो के कारण

कान के आंतरिक भाग की समस्याएं वर्टिगो का प्रमुख कारण बनती हैं। अन्य कारणों में सिर हिलाने-डुलाने पर चक्कर आना, जिसे मेडिकल शब्दावली में बेनाइन पैरॉक्सिस्मल पोजिशनल वर्टिगो (बीपीपीवी), लैबीरिन्थाइटिस और मेनिएर्स डिजीज सरीखी समस्याएं खासतौर पर शुमार की जाती हैं। इसके अलावा माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, सिर की चोट, निम्न रक्तचाप (लो ब्लड प्रेशर), उच्च रक्तचाप, दिल की धड़कन का अनियमित होना, कम रक्त शर्करा (हाइपोग्लाइसीमिया) आदि समस्याएं वर्टिगो का कारण बन सकती हैं।

वर्टिगो के कारण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान शरीर में रक्त की कमी (एनीमिया) होना भी वर्टिगो का कारण बन सकता है। इसी तरह बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप वर्टिगो का कारण बन सकता है।

## वर्टिगो के लिए टेस्ट


**वेस्टिबुलर टेस्ट बैटरीः** इस जांच से यह निर्धारित करने में मदद मिलती है कि मरीज के लक्षण आंतरिक कान की समस्या या मस्तिष्क की समस्या से संबंधित हैं या नहीं।

**इमेजिंग परीक्षणः** इसके अंतर्गत सीटी स्कैन और एमआरआई जांचें कराई जाती हैं।

## उपचार की विधियां

वर्टिगो का उपचार लक्षणों के आधार पर किया जाता है। इसके अलावा विभिन्न मरीजों को किन कारणों से चक्कर आ रहे हैं, उनका पता लगाकर मरीज के बुनियादी रोग का इलाज किया जाता है। मरीज अगर कान के आंतरिक भाग की समस्या से पीड़ित है, तो उसका इलाज किया जाता है। यदि उसे किसी संक्रमण, माइग्रेन या अन्य स्थिति के कारण चक्कर आ रहा है, तो उसका उपचार किया जाता है।

**दवाएंः** चक्कर आना, जी मिचलाना या उल्टी होने की स्थिति में डॉक्टर के परामर्श से दवाएं ली जा सकती हैं। डॉक्टर मरीज की स्थिति के अनुरूप एंटीवर्टीजिनस ड्रग्स का परामर्श देते हैं। डॉक्टर के परामर्श के बगैर ओवर द काउंटर दवाएं कभी भी नहीं लें।



**कैनालिथ रिपोजिशनिंग प्रक्रियाः** इसे 'इप्ले मैन्युवर' के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत आंतरिक कान में कैनालिथ (कैल्शियम क्रिस्टल) को पुनः स्थापित करने के लिए व्यायाम कराए जाते हैं। 'इप्ले मैन्युवर' की सफलता दर अत्यंत संतोषजनक है, जो वर्टिगो से राहत दिलाने में मददगार है।

**सर्जरीः** यदि उपचार की अन्य विधियां वर्टिगो से राहत दिलाने में विफल रहती हैं, तो ऐसे मामलों में सर्जरी का सहारा लिया जाता है। जैसे अगर ब्रेन ट्यूमर या सिर में चोट लगने के कारण वर्टिगो की समस्या है, तो इस स्थिति में विशेषज्ञ डॉक्टर मरीज को सर्जरी की सलाह दे सकते हैं।

**विशेष व्यायामः** शारीरिक संतुलन से संबंधित विशेष व्यायाम आपके मस्तिष्क को असंतुलन से निपटने में मदद करते हैं। कुछ एक्सरसाइज शरीर का संतुलन बनाने में सहायक हैं। डॉक्टर के परामर्श से ऐसे व्यायाम करवाए जाते हैं।

## जटिलताओं से बचे रहें

वर्टिगो की समस्या अचानक गिरने जैसी जटिलताओं को उत्पन्न कर सकती है। इसके परिणामस्वरूप मरीजों, खासकर बुजुर्गों में हड्डी टूटने (बोन फ्रेक्चर) या फिर चोट लगने का खतरा कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए वर्टिगो से ग्रस्त मरीजों को वाहन चलाने से बचना चाहिए। उन्हें तैराकी भी नहीं करनी चाहिए। ऐसे लोगों को वॉशरूम या बाथरूम का दरवाजा भीतर से बंद नहीं करना चाहिए। वस्तुतः वर्टिगो की समस्या के प्रति सजग रहने की जरूरत है। यह ऐसी समस्या नहीं है, जिसका पूरी तरह इलाज न हो। समय रहते न्यूरोलॉजिस्ट से परामर्श लेने पर वर्टिगो की जटिलताओं से बचा जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### ऐसा करने से मिलेगी राहत

- चक्कर आते ही बैठ जाना।
- सहारे के लिए तकिए पर सिर ऊंचा करके सोना।
- वर्टिगो का एहसास होने पर अंधेरी जगह में लेट जाना या लाइट बंद कर देना।
- पर्याप्त मात्रा में नींद लेना।
- तनाव का प्रबंधन करना, जिससे वर्टिगो के लक्षण भी कम हो सकते हैं।
- अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहना यानी पर्याप्त मात्रा में पानी व तरल पदार्थ पीना।
- शराब के सेवन से चक्कर आना, संतुलन की कमी और मतली की समस्या और भी बदतर हो सकती है। इसलिए इससे दूर रहना बेहतर है।






डाइट एडवाइस/ राजकुमार 'दिनकर'

# डेली डाइट में लें अंडा मिलेगा पर्याप्त प्रोटीन

अंडों में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। अंडा हमें उत्तम श्रेणी के प्रोटीन ही उपलब्ध नहीं कराता बल्कि इसमें 11 प्रकार के विटामिन, खनिज लवण, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। अपनी इन तमाम खूबियों के कारण ही अंडे को सुपर फूड माना जाता है। हमें अपनी डेली डाइट में इसे क्यों शामिल करना चाहिए और हमारे स्वास्थ्य को इससे क्या-क्या फायदे होते हैं, आइए जान लेते हैं।

**पोषक तत्वों से भरपूरः** अंडे में विटामिन ए, डी, ई, के, बी5, बी12, बी6, फोलेट, फॉस्फोरस, सिलेनियम, जिंक जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाते हैं।



त्वचा और मस्तिष्क की सेहत सुधारते हैं। अपनी इतनी सारी खूबियों के कारण उन्हें नेचुरल मल्टीविटामिन भी कहा जाता है। इनसे इतर एक अंडे में लगभग 6 ग्राम प्रोटीन और 5 ग्राम स्वस्थ वसा होती है, जो अंडे को पोषक तत्वों का पावर हाउस साबित करती है।

**लंबे समय तक भूख नहीं लगतीः** अंडे में चूंकि प्रोटीन और वसा मौजूद होती है, इसलिए इसको खाने के बाद लंबे समय तक पेट भरा रहता है। यह सुबह के नाश्ते में खाए जाने योग्य कंप्लीट डाइट है। ये सुपाच्य और स्वादिष्ट भी होते हैं। इसलिए यदि आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो प्रतिदिन अपनी डाइट में इन्हें जरूर शामिल करें। किसी भी रूप में चाहे उबले अंडे या ऑमलेट में नाश्ते के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है, जिसको खाने के बाद लंबे समय तक पेट भरा रहता है, जिससे हम अनहेल्दी स्नैक्स खाने से बचे रहते हैं।

**नजरों के लिए फायदेमंदः** अंडे के पीले भाग में मौजूद ल्यूटिन और जेक्सैंथिन ऐसे एंटीऑक्सीडेंट्स हैं, जो ग्लूकोमा और सफेद मोतिया से बचाते हैं। विटामिन ए और ओमेगा-3 फैटी एसिड आंखों की मांसपेशियों को मजबूती देते हैं।

**दिल की सेहत के लिए फायदेमंदः** अंडों में पाया जाने वाला ओमेगा-3, कोलिन जैसे पोषक तत्व हमारी आंखों, मस्तिष्क, हृदय और तंत्रिका तंत्र के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं और यह हमारे दिल की सेहत के लिए भी अच्छे होते हैं।

**स्किन और बालों के लिए लाभकारीः** अंडों में मौजूद ल्यूटिन और प्रोटीन त्वचा की नमी को बनाए रखता है, जिससे त्वचा चमकदार और जवां दिखती है। यही बालों को भी घना और स्वस्थ बनाते हैं।

**डायबिटिक रोगियों के लिए यूजफुलः** अंडे में कार्बोहाइड्रेट कम होता है, इसलिए यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसका ग्लूकोज के स्तर पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। यह वजन कंट्रोल रखने, ब्लड प्रेशर कम करने में कारगर है। *



## जैकेट के शेष

### सेना के कब्जे ....

उच्चतम न्यायालय, राजनीतिक दलों के कार्यालयों और वरिष्ठ नेताओं के घरों में आग लगा दी थी। सेना ने कहा कि 'प्रदर्शन की आड़ में लूटपाट, आगजनी और अन्य विनाशकारी गतिविधियों की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए ये कदम जरूरी हैं। सेना ने चेतावनी दी कि प्रतिबंधात्मक अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, तोड़फोड़, आगजनी या व्यक्तियों और संपत्ति पर हमले को आपराधिक कृत्य माना जाएगा और उचित तरीके से उनसे निपटा जाएगा। बयान में कहा गया है, ''बलात्कार और हिंसक हमलों का भी खतरा है। देश की सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, प्रतिबंधात्मक आदेश और कर्फ्यू लागू कर दिया गया है।'' बयान में स्पष्ट किया गया है कि एम्बुलेंस, दमकल, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और सुरक्षा बलों सहित आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों और कर्मियों को प्रतिबंधात्मक आदेशों और कर्फ्यू के दौरान काम करने की अनुमति होगी। सेना ने एक बयान में कुछ समूहों की कार्रवाइयों पर चिंता व्यक्त की, जो कठिन परिस्थितियों का अनुचित लाभ उठा रहे हैं और 'आम नागरिकों तथा सार्वजनिक संपत्ति को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं'। नेपाल सेना मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, हमने लूटपाट और तोड़फोड़ सहित किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अपने सैनिकों को तैनात किया है। सेना ने अनुरोध किया है कि मौजूदा स्थिति के कारण फंसे विदेशी नागरिक बचाव या किसी अन्य सहायता के लिए निकटतम सुरक्षा चौकी या कर्मियों से संपर्क करें। सेना ने होटलों, पर्यटन उद्यमियों और संबंधित एजेंसियों से भी अनुरोध किया है कि वे जरूरतमंद विदेशी नागरिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करें। उन्होंने बताया कि प्राधिकारियों ने निवासियों को यह आदेश भी जारी किया है कि वे 'अत्यंत आवश्यक' न होने तक घर से बाहर न निकलें, ताकि आगे अशांति को रोका जा सके। सुबह से ही काठमांडू की चहल-पहल वाली सड़कें वीरान दिखीं। कुछ ही लोग घरों से बाहर निकले और वह भी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खरीदने के लिए। सड़कों पर सुरक्षाकर्मियों की कड़ी गश्त है और मंगलवार को प्रदर्शनकारियों द्वारा सरकारी और निजी इमारतों में लगा दी गई आग को बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां देखी गईं। सेना ने लोगों से छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लूटी गई या मिली बंदूकें, हथियार और गोलियां नजदीकी पुलिस चौकी या सुरक्षाकर्मियों को लौटाने का भी आग्रह किया। सेना ने एक अन्य बयान में कहा, 'चूंकि ऐसे हथियारों के दुरुपयोग की आशंका है, इसलिए कृपया अधिकारियों को सूचित करें और उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षा एजेंसियों को लौटा दें। सेना ने चेतावनी दी कि अगर किसी के भी पास ऐसे हथियार या गोला-बारूद बरामद किए गए तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सेना ने नागरिकों से इस संवेदनशील अवधि में सेना की वर्दी न पहनने' की भी अपील की, क्योंकि 'ऐसा करना गैरकानूनी है।काठमांडू का त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बुधवार को बंद कर दिया गया और अगली सूचना तक बंद रहेगा। मंगलवार को हुए विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं आंशिक रूप से निलंबित कर दी गई थीं। एक सार्वजनिक नोटिस में हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि यह बंद मौजूदा गंभीर स्थिति के कारण है। उन्होंने यात्रियों और हितधारकों से अद्यतन जानकारी का इंतजार करने का आग्रह किया। इससे पहले टीआईए ने बुधवार शाम छह बजे तक सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की थी, लेकिन अब पुनः खोलने की कोई समय-सीमा तय किए बिना ही परिचालन रोक दिया गया है। हवाई अड्डे को बंद करने का असर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों पर पड़ा है, जिससे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। एयरलाइनों ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे ताजा जानकारी के लिए अपनी-अपनी एयरलाइन कंपनियों के संपर्क में रहें।

### एक शिक्षक के ...

हुआ है। बिजली का झटका लगने से बच्चों को कुछ समझ में नहीं आया कि आखिर उन लोगों को करंट कैसे लगा।

### बहन के साथ मां का ...

बेटे की मौत की जानकारी मिलने पर प्रभात की मां और उनकी दोनों बहनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभात की मौत की जानकारी मिलने से तथा उनकी दोनों बहनें घटना की जानकारी मिलने पर बेसुध हो गईं। पड़ोसी किसी तरह प्रभात की मां तथा उनकी दोनों बहनों को संभाले रहे। शिव शरण अपनी पत्नी तथा दोनों बेटियों के साथ प्रभात का अंतिम संस्कार करने जशपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

### पुराने समय पर ....

जाएगा। जिन स्कूलों में दो पालियों में कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां शनिवार को प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाएं दोपहर 12 से 4 बजे तक लगाई जाएंगी। वहीं हाईस्कूल और हायरसेकंडरी कक्षाएं सुबह 7.30 से 11.30 तक लगेंगी। आदेश तत्काल रूप से प्रभावी रहेगा। सोमवार से शुक्रवार तक कक्षाओं का समय पूर्ववत ही रहेगा। इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। सभी संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को भी इस संदर्भ में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सूचित कर दिया गया है।

### इसलिए विरोध ....

कक्षाएं सुबह 10 से 4 बजे करने आदेश जारी कर दिया गया। शनिवार को बैगलेस डे होने के कारण इस दिन योग व खेलकूद सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। शिक्षक संघ ने विरोध जताते हुए कहा था कि दोपहर में भोजन के बाद धूप में योग, खेलकूद आदि का आयोजन संभव नही है। इससे छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बड़े पैमाने पर हुए विरोध के बाद एक माह के भीतर ही स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर शनिवार को छोटे बच्चों की कक्षाएं पूर्ववत सुबह की पाली में लगाने निर्देश दिए हैं। हालांकि जिन स्कूलों में दो पालियों में कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां के प्राथमिक और माध्यमिक शाला के छात्रों को दोपहर में ही इन गतिविधियों का हिस्सा बनना होगा।

### मछली पकड़ने गए ....

आ गया और दोनों बहाव में बह गए। सूचना पर स्मृति नगर पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को खबर दी गई। सुबह एसडीआरएफ की टीम काफी देर तक खोजबीन किया गया, लेकिन दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। देर शाम होने पर खम्हरिया झाड़ी के पास पीलू का शव बरामद किया गया। शव पानी में रात भर रहने के कारण अकड़ और फूल गया था। सूचना पर परिजनों ने शिनाख्त किया। शव को पुलिस ने पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। घटना की रात अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू नहीं हो पाया था। बुधवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर खोजबीन करने पर शव बरामद किया। शव पीलू निषाद का है। खबर लिखे जाने तक दूसरे युवक पवन खुटेल को खोजबीन किया जा रहा है।

**एक का शव मिला, दूसरे की तलाश :** एसडीआरएफ की टीम ने खोजबीन कर एक का शव बरामद कर लिया है। दूसरे की तलाश में जुटी हुई है। दोनों मछली पकड़ने गए हुए थे। फिलहाल जांच किया जा रहा है।

- गुरविंदर सिंह संधु, प्रभारी स्मृति नगर चौकी

### नाले में जाल ....

बारिश के कारण नाला उफान पर है। एमजे कॉलेज के पास नाले में एनिकट जैसा बना है। बारिश के कारण यहां बहाव भी काफी तेज है। सी एनिकट पर पवन खुटेल व पीलू मछली पकड़ने पहुंचे थे। दोनों को नहीं पता था कि इनके साथ इतना बड़ा हादसा हो जाएगा। तेज बारिश होने के कारण दोनों स्वयं को संभाल नहीं पाए। नाले में इनका तीसरा साथी नरेंद्र वर्मा ने तेज बहाव को देखते हुए पानी में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। पवन का छोटे भाई कृष्णा ने तुरंत डॉयल 112 पर कॉल कर मदद मांगी थी।

### एयरपोर्ट के टेक्निकल जोन...

बिजली गिरने से एक छात्र की जान चली गई। वहीं मौसम की खराबी के बीच स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में एटीसी टॉवर के समीप स्थित टेक्निकल जोन पर अचानक बिजली गिर पड़ी। बताया जाता है कि इस जोन के जरिए विमानतल प्रबंधन विमानों को लैंडिंग का सिग्नल देता है। आकाशीय बिजली गिरने से यह सिस्टम प्रभावित हो गया।

# कतर पर इजरायली हमले से भारत चिंतित

## हमास का दावा- टॉप लीडर सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ दोहा

कतर की राजधानी दोहा पर हुए इजरायली हमले ने पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ा दिया है। मंगलवार को हुए इस हमले का निशाना हमास का नेतृत्व था। हालांकि शीर्ष नेता सुरक्षित बच गए, लेकिन संगठन के पांच सदस्य मारे गए। इनमें गाजा के लिए हमास नेता खलील अल-हय्या का बेटा भी शामिल था। हमले में कतर के आंतरिक सुरक्षा बल का एक जवान भी मारा गया। धमाके के बाद दोहा के आसमान में काला धुआं छा गया और हालात और तनावपूर्ण हो गए। इस हमले की पुष्टि करते हुए हमास ने कहा कि उसके शीर्ष नेताओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, मगर निचले स्तर के कार्यकर्ताओं की मौत ने संगठन को बड़ा झटका दिया है। कतर ने इसे ''अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन'' बताते हुए कड़ी निंदा की।

### व्हाइट हाउस ने माना हमला दुर्भाग्यपूर्ण है

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय ने भी जानकारी दी कि इजरायल ने हमले से पहले अमेरिका को सूचित कर दिया था और बाद में कतर को भी इस बारे में आगाह किया गया। व्हाइट हाउस ने माना कि यह हमला दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे शांति की कोशिशों को नुकसान पहुंचेगा। भारत ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हमने दोहा में इजरायली हमलों की रिपोर्ट देखी है। इस घटनाक्रम और क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर इसके प्रभाव से हम बेहद चिंतित हैं।'

**वाशिंगटन। अमेरिका में एक खतरनाक बीमारी तेजी से फैल रही है। इसे चागस रोग या 'किसिंग बग' डिजीस कहा जाता है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील करेली बड़ी, जिला धमतरी छ.ग.**

क्रमांक / 324 / उपतह. / वा./2025
करेली बड़ी दिनांक 08/09/2025

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/विक्रेता फगनी बाई पति स्व. पुरूषोत्तम व अन्य 09 जाति गोड़ (आदिवासी) निवासी ग्राम-परेवाडीह, तहसील-मगरलोड, जिला-धमतरी के द्वारा अपने स्वयं के नाम पर ग्राम परेवाडीह, प.ह.न. 03 तहसील मगरलोड स्थित भूमि खसरा नंबर 15, 159, 224, 362, 583, 641, 695/1 रकबा क्रमशः 0.030, 0.480, 0.410, 0.120, 0.200, 0.030, 1.580 हे. कुल खसरा नंबर 07 कुल रकबा 2.85 हे. में से खसरा नंबर 159, रकबा 0.480 हे. को गैर आदिवासी अनावेदक/क्रेता अमित कुमार मिश्रा पिता श्री प्रमोद कुमार मिश्रा निवासी मकान नंबर-64, वार्ड नंबर-66 सुंदर नगर रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर के पास छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अंतर्गत विक्रय अनुमति आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। जो इस न्यायालय में रा.प्र.क्र. 202508130100001 अ-21 (1) में प्रक्रियाधीन है।

उक्त प्रकरण के संबंध में किसी व्यक्ति/अथवा संस्था को आपत्ति है तो वह अपनी आपत्तियों को दिनांक 24.09.2025 तक न्यायालय नायब तहसीलदार करेली बड़ी में प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस उदघोषणा में ऊपर दी गई दिनांक का अवसान हो जाने पर दावों अथवा आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

संलग्न उपरोक्त अनुसार।
स्थान- करेली बड़ी
दिनांक-08.09.2025

नायब तहसीलदार
उपतहसील करेली बड़ी,
जिला धमतरी छ.ग.



# पूर्व तट रेलवे

सूचना सं. eT-Central-WAT-34-2025
दिनांक : 01.09.2025

**कार्य का नाम :** वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता / सेन्ट्रल / वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन के KK-I लाइन में (1) मौजूदा 1675 स्लीपरों के लिए गैल्वनाइज्ड H-बीम स्लीपर जिसमें चेक रेल एवं गार्ड रेल के साथ 8 डिग्री के मोड़ पर ब्रिजों सहित H-बीम स्लीपरों के डिजाइन, ड्रॉइंग, प्रूफ चेकिंग, फैब्रिकेशन एवं फिक्सिंग शामिल हैं। (2) चेक रेल एवं गार्ड रेल के साथ 8 डिग्री के मोड़ पर ब्रिज नं.: 401, 481, 487 एवं 543 पर चैनल स्लीपरों के लिए TRF-1200 संख्यक द्वारा कोत्तवलसा - मालिगुड़ा के बीच ब्रिजों में थ्रू ब्रिज स्लीपर नवीकरण (TBSR) का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 5,95,29,557.56, **EMD :** ₹ 4,47,700/-, **कार्य पूरा होने की अवधि :** 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 24.09.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-575/Q/25-26



**न्यायालय श्रीमान सतीश कुमार जायसवाल जिला न्यायाधीश भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**पेपर प्रकाशन हेतु ईश्तहार**

प्रोसेस क्रमांक 908/2025 विविध व्य.वाद.क्र. अपंजीकृत, पेशी दिनांक 24/09/2025

कार्तिक राम वगै .....वादी

बनाम

रमेशमूर्ति अग्रवाल वगै .....प्रतिवादीगण

प्रति,

रमेशमूर्ति अग्रवाल वल्द रामकुमार अग्रवाल उम्र 67 वर्ष निवासी ग्राम तरेंगा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

वादी कार्तिक राम ध्रुव ने इस न्यायालय में आपके विरूद्ध एक स्वत्व घोषणा, दावा वास्ते आदेश 09 नियम 04 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 वास्ते व्यवहारवाद अपील को अपीलार्थीगण के अनुपस्थिति में किये गये खारिज को अपास्त कर पुर्नस्थापित किए जाने हेतु दावा पेश किया है। प्रस्तुत व्यवहार वाद का जवाब देने के लिये इस न्यायालय में दिनांक 24/09/2025 को 11 बजे हाजिर होने के लिये आपको यह समंस किया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिया गया हो, और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का जवाब दे सके आपको निर्देश दिया जा रहा है कि आप इस दिन सभी दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई या दावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह अपने कब्जे में हो या अपने प्रतिरक्षा या मुजराई या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो, विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि उपर वर्णित की गई **पेशी तारीख 24.09.2025** को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

अतः इस न्यायालय द्वारा आज दिनांक 28.08.2025 को न्यायालय की सील व मुहर लगाकर जारी किया गया।

टीप-यदि किसी कारण वश उक्त पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जाता है तो अगामी कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

तारीख :- 28.08.2025
स्थान- भाटापारा
मुहर
सतीश कुमार जायसवाल
जिला न्यायाधीश भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 3712/लो.क.वि/न.पा.नि./2025 रायगढ़ दिनांक 09/09/25

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सि.नि.क्र | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 175052 | DEVELOPMENT WORK OF KAYAGHAT MUKTIDHAM AT WARD NO. 29 | 78.30 | 03.10.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि, रायगढ़



**BILASPUR SMART CITY LIMITED**
3rd FLOOR, ICCC BUILDING, TARBAHAR
e-mail: tenders.bscl@gmail.com

**दुकानों के विक्रय हेतु निविदा**

No.461/BSCL/2024-25 Bilaspur, Dated 10/09/2025

BSCL invites proposal for following sale of shops on lease basis:

| NIT No. | Name of work | Bid Due Date |
|---|---|---|
| 245 | सिटी कोटवाली मल्टी लेवल कार पार्किंग के भू-तल पर स्थित शेष 25 नग व्यवसायीक दुकानों के विक्रय हेतु ऑफर आमंत्रित किया जाता है। | 26/09/2025 IST 02:00 PM |

इच्छुक व्यक्ति निविदा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र नगर पालिक निगम के औपचारिक वेबसाईट https://www.bilaspurnagarnigam.com से डाउनलोड करें।

Green City, Clean City, Smart City.

MANAGER
BILASPUR SMART CITY LIMITED


## पेज एक के शेष

### दलदली सड़क पर धंस...

प्रतिष्ठा ममगाईं ने पीडब्ल्यूडी अफसरों को सड़क की की मरम्मत जल्द से जल्द करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का बैठक लेकर खराब सड़कों को शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशन में जिले के खराब सड़को को राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के द्वारा नारायणपुर से कोंडागांव राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 130डी का मरम्मत कार्य बखरूपारा से प्रारंभ होकर गढ़बेंगाल तक लगभग एक किलोमीटर का मरम्मत कार्य पूर्ण हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ जीएस सोरी ने बताया है कि बखरूपारा में बिल्डर मशीन से खराब सड़क को लेवल किया जा रहा है, लेवल करने के बाद जीएसबी मांट्रियल गड्ढ़ों को भरने का कार्य किया जा रहा है।

### ट्रंप ने यूरोपीय संघ से कहा...

की और द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयासों का जिक्र किया। भारत और अमेरिका के संबंध पिछले कुछ समय से उठापटक के दौर से गुजर रहे हैं। ट्रंप ने भारतीय उत्पादों के आयात पर शुल्क को बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने के अलावा रूसी तेल की खरीद जारी रखने के एवज में 25 प्रतिशत का अतिरिक्त जुर्माना भी लगा दिया है। इस तरह भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगने लगा है। इस तनाव के बीच दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत भी रुक गई है। अमेरिकी समाचारपत्र की यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब ट्रंप ने यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों को तेज किया है। उन्होंने इस मुद्दे पर पिछले महीने अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता भी की थी।

### जवान ने साली और...

गोलियों से हमला कर दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया। जैसे ही सीएएफ के जवान द्वारा गोलीबारी की घटना में दो लोगों की एक साथ मौत के घाट उतारने की सामने आयी जिले में सनसनी फैल गई और पुलिस अफसरों में हड़कंप मच गया। पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले सीएएफ जवान को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने सुबह से देर शाम तक चक्काजाम किया हुआ है जिससे स्थिति बिगड़ती ही जा रही है। मामला जिले के हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम रलिया निवासी टेसराम बिंझवार पिता स्वर्गीय जगन्नाथ राम बिंझवार की शादी हरदीबाजार के महुआडीह निवासी अवध बाई के साथ हुई थी लेकिन शादी के कुछ महीने बाद ही दोनों पत्नी पति-पत्नी के बीच अक्सर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती थी जिसके बाद सामाजिक बैठक के बाद दोनों का शादी संबंध विच्छेद हो गया था और पिछले दो वर्षों से अवध बाई अपने मायके महुआडीह में थी। बताया जाता है कि अवध बाई का पति टेसराम बिंझवार 13वीं बटालियन में पदस्थ था और बुधवार की सुबह आईजी के फालो गाड़ी में उसकी ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन वह अपनी ड्यूटी छोड़कर सुबह लगभग 10:30 बजे कोरबा से सीधा हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने ससुराल मौहाडीह पहुंच गया और सबसे पहले अपने ससुराल मौहाडीह के घर में घुसकर अपनी साली मदालसा 21 वर्ष को तीन गोली मारकर भागा उसके बाद उसके चाचा राजेश को खबर मिलते ही आरोपी को पकड़ने के लिए भागा की मेन रोड उमेंदीभांठा मंदिर चौक के आगे पुल के पास मिला जिसे नजदीक से सीने में ही तीन गोली मार दिया। जिससे वह औंधेमुंह सड़क पर गिर गया जिसे तत्काल ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाईबाजार ले जाया गया। जहां डॉ पीएस कंवर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल आरोपी टेसराम को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है जिसे दीपका थाना में रखा गया है।

### 346 करोड़ के बैंक...

है, जो परिसमापन (लिक्विडेशन) के दौर से गुजर रही है। इसके निदेशकों अमूल गबरानी और अजय कुमार बिश्नोई के अलावा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ भी जांच जारी है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज ईडी का मामला फरवरी 2025 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज प्राथमिकी से सामने आया है जिसमें प्रवर्तकों पर आरोप है कि उन्होंने ऋण राशि को अपनी कुछ संबद्ध संस्थाओं को 'हस्तांतरित' कर दिया, जिससे बैंकों को नुकसान हुआ। सूत्रों ने बताया कि ईडी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने इस जांच के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पांच परिसरों, चेन्नई में तीन और बेंगलुरु में एक परिसर में छापेमारी की।

### पड़ोसियों के बीच...

करने के लिए यह आवश्यक है कि अभियुक्त ने आत्महत्या के लिए पीड़ित को उकसाया हो, सहायता की हो या उसे आत्महत्या के लिए प्रेरित किया हो। पीठ ने कहा, 'यद्यपि 'अपने पड़ोसी से प्रेम करो' एक आदर्श स्थिति है, लेकिन पड़ोस में झगड़े समाज के लिए कोई नई बात नहीं हैं। ऐसे झगड़े सामुदायिक जीवन में आम हैं। प्रश्न यह है कि क्या तथ्यों के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला बनता


**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद (छ.ग.)**
फैक्स नं. 07749-223918, ई-मेल deobalod@gmail.com

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/5470/जि.ख.न्या.नि. / 2025-26 बालोद, दिनांक 03/09/2025

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 5483 दिनांक 03.09.2025 द्वारा जिले के ग्रामीण एवं वंचित तबकों से आने वाले मेधावी छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे NEET एवं JEE में सफलता दिलाने हेतु एक विशेष आवासीय कोचिंग आयोजित किये जाने इच्छुक फर्मो से मुहर बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु प्रारूप कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बालोद (छ.ग.) से निर्धारित शुल्क राशि रू. 5000/- का डिमांड ड्राफ्ट ("जिला शिक्षा अधिकारी बालोद" के नाम से) जमा कर दिनांक 26.09.2025 समय संध्या 04:00 बजे के पूर्व कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किये जा सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | - | 26.09.2025 समय सायं 04:00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - | 02.10.2025 समय प्रातः 11:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान | - | 02.10.2025 समय दोपहर 12:00 बजे कार्या. जिला शिक्षा अधिकारी बालोद (छ.ग.) |

जिला शिक्षा अधिकारी
बालोद (छ.ग.)

S-45193/2



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि.मि.**
(छ०शासन का एक उपक्रम छराविमं की उत्तरवर्ती कम्पनी)
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
(परि०) संभाग छ०स्टे० पॉ० डिस्ट्री०कं०लि०, जगदलपुर

**// आवश्यक सूचना //**

समस्त जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग छ०स्टे० पॉ० डिस्ट्री०कं०लि० जगदलपुर के अंतर्गत नीचे उल्लेखित नवनिर्मित 33 के०व्ही० लाईन को आज दिनांक 11.09.2025 के बाद कभी भी उर्जीकृत कर दिया जावेगा, अतः उल्लेखित नवनिर्मित 33 के०व्ही० लाईन के तार, स्टे एवं खम्भे आदि से किसी प्रकार की छेडछाड़ न करें एवं लाईन से सुरक्षित दूरी बनावें, उल्लेखित लाईन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हेतु छ०स्टे० पॉ० डिस्ट्री०कं०लि० जवाबदार नही होगा।

| क्र. | नवनिर्मित 33 के०व्ही० लाईन का नाम | लाईन की लंबाई | ग्रामों का नाम जहाँ से होकर लाईन गुजर रही है |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 33/11 के०व्ही० उपकेन्द्र पालनार (जिला-दन्तेवाड़ा) से नवनिर्मित 33/11 के०व्ही० उपकेन्द्र जगरगुन्डा को जोडने हेतु 33 के०व्ही० लाईन | 40 कि०मी० | ग्राम- पालनार, समीरी, मदेंन्ता, अरनपुर, कोण्डापारा, कमलपोस्ट (जिला-दन्तेवाड़ा), कोण्डासावनी, कमारगुडा, जगरगुन्डा (जिला-सुकमा) |

कार्यपालन अभियंता (परि०) संभाग
छ०स्टे० पॉ० डिस्ट्री०कं०लि०, जगदलपुर



# न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

## ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202411210100031/अ-59 / वर्ष 2024-25
ग्राम- तरेंगा प.ह.नं. 01

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (सं/स) संभाग छ.ग. स्टे.पा.डि.कं. लिमिटेड भाटापारा का पत्र क्रमांक 10-20 / 10-25 /कार्य/4928 भाटापारा, दिनांक 19/11/2024 द्वारा ग्राम तरेंगा, तहसील भाटापारा में 33/11 केव्ही सब-स्टेशन निर्माण हेतु शासकीय भूमि खसरा नंबर 2031/1 रकबा 15.070 हे. में से रकबा 0.300 हे. भूमि को आबंटित करने की मांग किया गया है। आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा पांचशाला एवं ग्राम पंचायत तरेंगा की बैठक कार्यवाही की छायाप्रति संलग्न किया गया है। जिसके में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 22/09/2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 22/09/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भाटापारा (छ.ग.)



"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएं"
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड जगदलपुर**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)/(छ.रा.वि.मं.की उत्तरदायी कंपनी)
कार्या.कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग, छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमिर्या. जगदलपुर,

क्र./12-11/ स्था./ 2025 जगदलपुर, दिनांक 10/09/2025

प्रति,

श्री देवेन्द्र कुमार बघेल, लाईन परिचारक (संविदा),
ग्राम छिन्दगांव, पो.- जैबेल,, तहसील-बकावण्ड, जिला बस्तर, पिन-494222 (छ.ग.),

विषयः- कार्य पर उपस्थित होने की सूचना बाबत।


संदर्भः- 01. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 72 दिनांक 18.10.2023, 02. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 4281 दिनांक 21.11.2023, 03. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 6343 दिनांक 27.03.2024।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों का अवलोकन करे जिसके माध्यम से आपको नोटिस जारी किया गया है कि आप दिनांक 05.07.2023 से अपने कार्य पर बिना किसी सूचना/ आवेदन पत्र प्रस्तुत किये बिना ही अपने कार्य पर से अनुपस्थित है। अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के संबंधी युक्तिसंगत कारणों सहित सप्रमाण स्पष्टीकरण के साथ इस कार्यालय में उपस्थित देवें तथापि आपके द्वारा आज दिनांक 10.09.2025 तक उपस्थिति दर्ज नहीं करायी गयी है और न ही किसी प्रकार का आवेदन पत्र / सूचना पत्र ही प्रस्तुत किया गया है। जो कि विद्युत कम्पनी के द्वारा प्रतिपादित अवकाश नियमों के विपरीत है। आपके द्वारा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहना यह दर्शाता है कि आप विद्युत कंपनी को सेवा प्रदान करने के इच्छुक नहीं है।

अतः आपको अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्र के समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के संबंधी युक्तिसंगत कारणों सहित सप्रमाण स्पष्टीकरण के साथ इस कार्यालय में उपस्थित देवें ताकि कर्त्तव्य पर उपस्थिति लिये जाने संबंधी कार्यवाही की जा सके। अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध विद्युत कम्पनी की सेवा से सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होंगें।

कार्यपालन यंत्री (संचा/ संधा) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि, जगदलपुर


## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।


**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।


**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।


**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।



**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।


**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।


**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।


**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5985



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5984 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5995

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5994 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

### मजबूत वृद्धि दर और घरेलू मांग के चलते की गई

# फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.9 फीसदी किया

*फिच रेटिंग्स ने जून तिमाही की मजबूत वृद्धि और घरेलू मांग के चलते चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले फिच ने भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिच पहली वैश्विक रेटिंग एजेंसी है जिसने 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। अपने सितंबर के वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) में रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की मार्च और जून तिमाहियों के बीच आर्थिक गतिविधियों में तेजी से वृद्धि हुई है, और वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर जनवरी-मार्च के 7.4 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल-जून में सालाना आधार पर बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है। यह हमारे जून, जीईओ में 6.7 प्रतिशत के पूर्वानुमान से काफी ज़्यादा है।

### घरेलू मांग वृद्धि को बढ़ावा देने में भूमिका निभाएगी

फिच ने कहा कि अप्रैल-जून के नतीजों के आधार पर, फिच ने मार्च, 2026 (वित्त वर्ष 2025-26) में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने अनुमान को जून के जीईओ के 6.5 प्रतिशत से संशोधित करके 6.9 प्रतिशत कर दिया है। फिच ने कहा कि घरेलू मांग वृद्धि को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाएगी, क्योंकि मजबूत वास्तविक आय गतिशीलता उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देती है और कमजोर वित्तीय स्थिति की भरपाई निवेश से होगी।



### आरबीआई ने 6.5 फीसदी का अनुमान जताया

फिच का चालू वित्त वर्ष की वृद्धि दर का अनुमान अन्य एजेंसियों से अधिक है। वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी दर में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है।

#### *आरबीआई रेपो दर में एक और कटौती करेगा*

*फिच ने आगे कहा, ''हमें अभी भी उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वर्ष के अंत तक रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा। रेपो दर 2026 के अंत तक इसी स्तर पर रहेंगी। हमें उम्मीद है कि आरबीआई 2027 में दरें बढ़ाना शुरू कर देगा।''*

### मूडीज ने 6.3 फीसदी का अनुमान जताया

मूडीज रेटिंग्स का अनुमान है कि 2025 के कैलेंडर साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक का अनुमान है कि जीडीपी वृद्धि क्रमशः 6.4 प्रतिशत और 6.3 प्रतिशत रहेगी। फिच ने कहा कि उसे उम्मीद है कि औसत से अधिक मानसूनी वर्षा और उच्च खाद्य भंडार के संदर्भ में खाद्य कीमतों का दबाव कमजोर रहेगा, जिससे 2025 के अंत तक मुद्रास्फीति केवल 3.2 प्रतिशत और 2026 के अंत तक 4.1 प्रतिशत तक ही बढ़ेगी।

## सीमेंट हो सकती है 30-35 रुपए प्रति बोरी तक सस्ती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीएसटी दरों में किए गए बदलाव से सीमेंट की 50 किलो की बोरी के दाम में 30-35 रुपये तक की कमी आ सकती है जिससे निर्माण लागत कम हो जाएगी। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जीएसटी दरों में कटौती का फैसला सीमेंट क्षेत्र के लिए संरचनात्मक रूप से सकारात्मक साबित होगा।

पिछले हफ्ते जीएसटी परिषद ने मौजूदा चार-स्तरीय कर ढांचे को घटाकर पांच प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत की दो दरों में बदलने का फैसला किया था। इस फैसले के अनुरूप 22 सितंबर से सीमेंट पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी जाएगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के चलते कंपनियां इस लाभ को उपभोक्ताओं तक पहुंचाएंगी जिससे कीमतों में नरमी आएगी और बुनियादी ढांचा एवं आवास परियोजनाओं की लागत घटेगी। हालांकि सीमेंट कंपनियों की वास्तविक प्रति बोरी आय एक दायरे में ही रहने की संभावना है। हालांकि एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष में सीमेंट की मांग में पांच से सात प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बरकरार रखा है।




## व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीदें बढ़ने से सेंसेक्स 324 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 324 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 104 अंक के लाभ में रहा। भारत-अमेरिकी के बीच व्यापार वार्ता सफल होने की उम्मीद फिर से बंधने से बाजार में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 323.83 अंक चढ़कर 81,425.15 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा दिन है जब सेंसेक्स में तेजी रही। कारोबार के दौरान, यह 542.56 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी में लगातार छठे दिन तेजी रही और यह 104.50 अंक बढ़कर 24,973.10 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में आई कड़वाहट दूर होने का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के किसी 'सफल निष्कर्ष' पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी और वह आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी' से बातचीत करने को उत्सुक हैं।



- लगातार तीसरे दिन सेंसेक्स में तेजी रही
- निफ्टी ने भी 104 अंक की छलांग लगाई

**बिजनेस साइट**

## रायपुर में बालको मेडिकल सेंटर का सबसे बड़ा कैंसर कॉन्क्लेव 19-21 सितम्बर तक

- 7 देशों से 10 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और पूरे भारत से 200प्लस ऑन्कोलॉजिस्ट भाग लेंग



**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर का तीसरा वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव 19 से 21 सितम्बर तक नवा रायपुर के मेयफेयर लेक रिज़ॉर्ट में आयोजित होगा। यह कॉन्क्लेव मध्य भारत में कैंसर उपचार पर केंद्रित सबसे बड़ा आयोजन होगा, जिसमें 7 देशों से 10 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और भारतभर से 200 से अधिक ऑन्कोलॉजिस्ट भाग लेंगे। कॉन्क्लेव का विषय 'ड्राइविंग कॉमन सेंस ऑन्कोलॉजीः जीआई, जेनिटोयूरिनरी और लंग कैंसर का मल्टी-डिसिप्लिनरी मैनेजमेंट' है।

तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 20 से अधिक पैनल चर्चा, कार्यशालाएं और लाइव डेमो शामिल होंगी। इस वर्ष की खास बात यह है कि पहली बार कार्ट-टी सेल थेरेपी, सीबीआरटी, मिनी-अकॉर्ड रिसर्च और कैंसर प्रिवेंशन पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही 'वीमेन फॉर ऑन्कोलॉजी' नेटवर्क मीटिंग और रोगियों के परिजनों से संवाद पर आधारित सत्र भी होंगे।

### इनका सहयोग

कॉन्क्लेव में टाटा मेमोरियल सेंटर, ई-कैंसर और नेशनल कैंसर ग्रिड का भी सहयोग है। बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने बताया कि यह आयोजन युवा डॉक्टरों के लिए सीखने और अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से जुड़ने का एक बड़ा मंच है।

## हिअर जॅप हियरिंग केयर सेंटर में निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर 14 सितंबर तक

रायपुर। सुनने में परेशानी झेल रहे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हिअर जॅप हियरिंग केयर सेंटर द्वारा निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर 10 से 14 सितम्बर तक प्रतिदिन सुबह से शाम तक आयोजित होगा। शिविर में आने वाले मरीजों को निशुल्क बहरापन जांच और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, ब्रांडेड श्रवणयंत्रों पर विशेष छूट, कोक्लियर इम्पलांट से संबंधित परामर्श एवं स्पीच थेरेपी जैसी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। यह विशेष शिविर रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों पर एक साथ संचालित किया जाएगा। इनमें शंकर नगर, बैरन बाजार, गुढ़यिारी श्रीनगर, कचहरी चौक (रायपुर), इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला (भिलाई), अम्बे बिजनेस सेंटर, एलआईसी बिल्डिंग के सामने (बिलासपुर), डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, बठेना (धमतरी), मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, बाबूपारा (अंबिकापुर), सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, निहारिका रोड (कोरबा), बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड (जगदलपुर) तथा डॉ. अनूप अग्रवाल, माँ दुर्गा क्लिनिक, अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे (जगदलपुर) शामिल हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

आवश्यकता है- प्रोफेसर कॉलोनी व रावतपुरा स्थित उज्वल पब्लिक स्कूल में नर्सरी से 10वीं (अंग्रेजी माध्यम) तक SST, संस्कृत, अंग्रेजी, पढ़ाने हेतु अनुभवी शिक्षकों व प्रिंसिपल की आवश्यकता है संपर्क करेः- 9827187027, 7000376167.(RO-264)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ऑटो एसेसरीज होलसेल शॉप में कार्य हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क- श्री राम ऑटो एम.जी. रोड. रायपुर मोबाइल- 9300627327. (RO-6704)

**सेल्स कार्य**

आवश्यकता है- मोटर पार्ट्स के छत्तीसगढ़ में विक्रय हेतु सेल्स पर्सन की आवश्यकता है वेतन 10000 से 15000 योग्यतानुसार। आगम एंटरप्राइजेज, वाणिज्य भवन के पास, देवेंद्र नगर चौक , जेल रोड , रायपुर 9827900773. (RO-313)

**हेल्पर/वेल्डर/फिटर**

आवश्यकता है- फैक्ट्री में रोजगार का अवसर बिर्कोनी महासमुंद स्थित फैक्ट्री में लेबर, हेल्पर, वेल्डर, फिटर की सख्त जरूरत! रहने की सुविधा उपलब्ध. संपर्क करे- 6381298638.(RO-6701)

**सर्वेयर**

आवश्यकता है- रायपुर एवं बिलासपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों हेतु सेल्समैन कम सर्वेयर चाहिए महीना आय 21000 रुपए टीए, डीए सहित नियम शर्तें लागू। सम्पर्क- राधाकृष्णा सेवा संस्थान रायपुर बिलासपुर 8109100493. (RO-38668)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आस पास घरेलू कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन -15000, 11 घंटे ड्यूटी, सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक सम्पर्क करे मोबाईल नं.- 97541 60228. (RO-7227)

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.(RO-12)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में काम के लिए लड़के लडकी की आवश्यकता है. रायपुरा चौंक. 8839105162. (RO-398)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करेंः- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइलः- 9329103178.(RO-265)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5-G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 8420549466. (RO-1144)

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+56500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)- 7054311719. (RO-1152)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9229187457. (RO-1137)

**For Rent किराया**

मकान किराये से देना है- 3 बीएचके 519A बी.आर.यादव सुंदर नगर, फुटबॉल हाउस के पीछे रायपुर सरकारी नौकरी व बैंककर्मी को प्राथमिकता संपर्क - 9926115916, 9340292326.(RO-A)

किराये से देना है- वृंदावन धाम श्रीकृष्ण नगरी (U.P.) एसी रूम, गीजर, फ्रिज, टीवी अटैच वॉशरूम, लिफ्ट 5 स्टार रूम मात्र 1200/- प्रतिदिन किराया सभी मन्दिर के पास सम्पर्क करें- श्री उमेश गौतम 8881119584 (RO-38633)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, संपर्क – 9311830460.(RO-268)




CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL-

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नही होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ



डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोंपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोनः 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
24/7 Emergency Services
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्कः 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो के गोल ने पुर्तगाल को हार से बचाया

**लंदन।** किलियन एम्बाप्पे ने फ्रांस को संकट से बाहर निकाला, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रिकॉर्ड गोल करके पुर्तगाल को हार से बचाया जबकि इंग्लैंड ने बड़ी जीत हासिल करके फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। यूरोप की इन तीन फुटबॉल महाशक्तियों ने इस तरह से 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूर कदम बढ़ाए जबकि एर्लिंग हैलैंड ने चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद नार्वे की 11-1 से बड़ी जीत में पांच गोल किए।

### एएफसी अंडर 23 एशियाई कप भारत क्वालीफायर से बाहर

**दोहा।** भारत की अंडर 23 पुरुष फुटबॉल टीम ब्रूनेइ दारुस्सलाम को आखिरी ग्रुप मैच में 6-0 से हराने के बावजूद एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर हो गई। भारतीय टीम के तीन मैचों में छह अंक रहे और उसे ग्रुप एच में कतर और बहरीन के बीच मैच के नतीजे का इंतजार करना पड़ा। कतर ने उस मैच में बहरीन को 2-1 से हराकर भारत के रास्ते बंद कर दिए। कतर ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जिसने तीन मैचों में नौ अंक बनाए। भारत छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा।

## एशिया कप : यूएई टीम 13.1 ओवर में महज 57 रन पर ढेर

# टीम इंडिया का धमाकेदार आगाज, 27 गेंदों में जीता मैच, यूएई को 9 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| दुबई

स्पिनर कुलदीप यादव ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के कमजोर बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने के बाद एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में घरेलू टीम पर 9 विकेट की आसान जीत से अपना अभियान शुरू किया।

कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव की बनाई रणनीति को गेंदबाजों ने बखूबी अंजाम दिया, जिससे भारत ने यूएई को बल्लेबाजी का न्योता देने के बाद 13.1 ओवर में महज 57 रन पर ढेर कर दिया। भारत ने महज 4.3 ओवर में एक विकेट पर 60 रन बनाकर बड़ी जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा ने 30 रन बनाए। उप कप्तान शुभमन गिल ने टी20 क्रिकेट में वापसी करते हुए नाबाद 20 रन बनाए।




### कुलदीप ने सात रन देकर झटके 4 विकेट

कुलदीप यादव यूएई की टीम के लिए सबसे बड़े काल बनकर उभरे। उन्होंने अपने 2.1 ओवर्स में कुल चार विकेट हासिल किए और सिर्फ 7 रन बना दिए। उनके आगे यूएई के बल्लेबाज टिक नहीं पाए और बुरी तरह से फ्लॉप रहे। यहां तक कि लंबे समय बाद गेंदबाजी करने वाले शिवम दुबे ने भी तीन विकेट चटकाए। बुमराह, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट चटकाया।

### स्कोर बोर्ड

| यूएई | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शराफू बो बुमराह | 22 | 17 | 3 | 1 |
| वसीम पगबाधा बो यादव | 19 | 22 | 3 | 0 |
| जोहेब का यादव बो चक्रवर्ती | 02 | 5 | 0 | 0 |
| चोपड़ा का गिल बो यादव | 03 | 7 | 0 | 0 |
| आसिफ का सैमसन बो दुबे | 02 | 7 | 0 | 0 |
| कौशिक बो यादव | 02 | 2 | 0 | 0 |
| पराशर पगबाधा बो पटेल | 01 | 7 | 0 | 0 |
| सिमरनजीत पगबाधा बो पटेल | 01 | 5 | 0 | 0 |
| हैदर अली का सैमसन बो यादव | 01 | 2 | 0 | 0 |
| सिद्दिकी का सूर्यकुमार बो दुबे | 00 | 3 | 0 | 0 |
| रोहिद नाबाद | 02 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 02, कुल : 13.1 ओवर में 57 रन पर सिमटा
गेंदबाजी : हार्दिक पंड्या 1-0-10-0, बुमराह 3-0-19-1, अक्षर पटेल 3-0-13-1, वरुण चक्रवर्ती 2-0-4-1, कुलदीप यादव 2.1-0-7-4, शिवम दुबे 2-0-4-3

| यूएई | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शर्मा का हैदर अली बो सिद्दिकी | 30 | 16 | 2 | 3 |
| गिल नाबाद | 20 | 9 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 07 | 2 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 4.3 ओवर में एक विकेट पर 60 रन
गेंदबाजी : हैदर अली 1-0-10-0, मो.रोहिद 1-0-15-0, पराशर 1-0-13-0, सिद्दिकी 1-0-16-1, सिमरनजीत सिंह 0.3-0-6-0

### टीम इंडिया ने बनाया रिकॉर्ड

इस बीच टीम इंडिया ने भी रिकॉर्ड बना दिया है। भारत ने पहली बार टी20 इंटरनेशनल में किसी विरोधी टीम को 60 रन से पहले आउट कर दिया है। इससे पहले साल 2023 में न्यूजीलैंड की टीम ने 66 रन बनाए थे। लेकिन अब ये रिकॉर्ड टूट गया है। अब भारत के खिलाफ विरोधी टीम का सबसे छोटा स्कोर महज 57 रन हो गया है। साल 2018 में भारत के खिलाफ केवल 70 रन बनाए थे और आउट हो गई थी। इस तरह से देखें तो दोनों टीमों ने अपना अपना रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन एक ने जहां शानदार काम किया है, वहीं यूएई ने शर्मसार किया है।

### यूएई के 8 बल्लेबाज नहीं छू पाए दहाई का आंकड़ा

यूएई के लिए अलीशान शराफू और मुहम्मद वसीम ने कुछ देर क्रीज पर टिकने की कोशिश की। इन दोनों प्लेयर्स ने पहले विकेट के लिए 26 रनों की साझेदारी भी की। लेकिन अलीशान के आउट होते ही यूएई की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। अलीशान 22 रन बनाकर आउट हो गए। यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने 19 रन बनाए। वसीम और अलीशान के अलावा यूएई की टीम का कोई भी खिलाड़ी दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाया। इसी वजह से टीम पूरे 20 ओवर्स भी नहीं खेल पाई और सिर्फ 57 रनों पर सिमट गई।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग

# बिश्नोई और अर्शदीप को फायदा छठे और 10वें स्थान पर पहुंचे




एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह जारी नवीनतम आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए।

वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि बिश्नोई, अर्शदीप और अक्षर पटेल एक-एक स्थान के फायदे के साथ क्रमशः छठे, 10वें और 13वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं।

### ऑलराउंडर की सूची में पंड्या नंबर एक पर काबिज

ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक ऑलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला की समाप्ति के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है।

# ब्रेविस को प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 8.3 करोड़ रुपए में खरीदा






एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस और एडेन मार्करम ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र की खिलाड़ियों की नीलामी में रिकॉर्ड धनराशि हासिल करके नया इतिहास रचा। ब्रेविस को सौरव गांगुली की कोचिंग वाली प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 16.5 मिलियन रैंड (लगभग 8.3 करोड़ रुपए) में खरीदा, जो 2022 में ट्रिस्टन स्टब्स के लिए भुगतान किए गए 9.2 मिलियन रैंड (लगभग 4.6 करोड़ रुपए) के पिछले रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। नए मुख्य कोच गांगुली के नेतृत्व में सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने जोबर्ग सुपर किंग्स के साथ बोली प्रक्रिया में चली कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को अपनी टीम से जोड़ा। एसए20 का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा और अगले साल 25 जनवरी तक चलेगा।

## चामरी अटापट्टू को श्रीलंका टीम की कमान

**कोलंबो।** चामरी अटापट्टू इस महीने के अंत में होने वाले महिलाओं के वनडे विश्व कप में श्रीलंकाई टीम की कप्तानी करेंगी। सह मेजबान टीम पिछले 12 चरण में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंच सकी है और अटापट्टू को उम्मीद है कि इस बार वे इस मिथक को तोड़ देंगे। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

**बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI**
राजनांदगांव शाखा :- फौव्वारा चौक, दिग्विजय कॉलेज रोड, राजनांदगांव (छ.ग.), फोन नं.-07744-406585, 224143, 222168

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि *सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, राजनांदगांव शाखा का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा जमानतदार को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। जमानतदार के यह राशि लौटाने में विफल होने पर जमानतदार/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है। उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। जमानतदार/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, राजनांदगांव शाखा के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता / जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| राजनांदगांव शाखा:- उधारकर्ता:-श्री शम्भूनाथ राय पिता लेफ्टिनेंट केदारनाथ राय | (A) समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त भूमि और भवन का साम्यिक बंधक शामिल है, एसआईएचएस-03, वार्ड क्रमांक 17, प.ह.नं.-46, तुलसीपुर, तहसील एवं जिला - राजनांदगांव, छ.ग. में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 633.83 वर्ग फीट है, जो श्रीमती सुधामीबाई पति लेफ्टिनेंट केदारनाथ राय के नाम पर है, **चौहद्दी** :- उत्तर - विजय शंकर की संपत्ति, दक्षिण - शिव राजपूत की संपत्ति, पूर्व - साजी अब्दुल खान की संपत्ति, पश्चिम - कॉलोनी रोड। | दिनांक 02-03-2025 कब्जा दिनांक 09.09.2025 | ₹ 3,65,585.46/- (तीन लाख पैंसठ हजार पांच सौ पचासी रुपये एवं छियालिस पैसा) + ब्याज + अन्य व्यय |
| राजनांदगांव शाखा:- उधारकर्ता:-मेसर्स लक्ष्मी इंडस्ट्रीज, प्रोप.-श्री संजय श्रीवास्तव | (A) आंशिक एवं पूर्ण भाग वाली भूमि और भवन साम्यिक बंधक, जो खंभा नंबर 124/12 भाग, कौरिनभाटा, पीसी नंबर 36, वार्ड नंबर 39, आरआई सर्कल, तहसील और जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 5.00 डिसमिल है और जो श्री संजय कुमार श्रीवास्तव के नाम पर है, **चौहद्दी:- उत्तर-** शंभू यादव की भूमि, **दक्षिण-** सुषमा नेताम की भूमि, **पूर्व-** अन्य प्लॉट, **पश्चिम-** बरातु यादव की भूमि। | दिनांक 06-06-2025 कब्जा दिनांक 09.09.2025 | ₹20,60,230.41/- (बीस लाख साठ हजार दो सौ तीस रुपये एवं इक्चालिस पैसा) + ब्याज + अन्य व्यय |

दिनांक : 11.09.2025, स्थान : राजनांदगांव — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

**बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI**
रायपुर शाखा:-समवेत शिखर भवन, एकात्म परिसर के सामने, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) 492001

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि *सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत, रायपुर शाखा अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर शाखा के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता/जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| उधारकर्ता:-श्रीमती चित्रा वर्मा पत्नी श्री चंद्रशेखर वर्मा एवं श्रीमती प्रियंका वर्मा पुत्री श्री कृष्ण कुमार वर्मा | अचल संपत्ति आवासीय भूमि और भवन का समतुल्य बंधक खसरा नं. 64/4, मौजा-मठपुरैना, प.ह.नं. 105, रा.नि.मं.-रायपुर-1, चंद्रशेखर वार्ड क्रमांक 52, तहसील और जिला-रायपुर, क्षेत्रफल-2550 वर्ग फीट श्रीमती चित्रा वर्मा पत्नी श्री चंद्रशेखर वर्मा एवं श्रीमती प्रियंका वर्मा पिता श्री कृष्ण कुमार वर्मा के नाम पर, **चौहद्दी** :- पूर्व-नीलकंठ सोनकर की संपत्ति, पश्चिम-दूसरों का घर, उत्तर: सड़क, दक्षिण खुली भूमि। | दिनांक 04.06.2025 कब्जा दिनांक 06.09.2025 | ₹ 19,08,328.35 (उन्नीस लाख आठ हजार तीन सौ अट्ठाईस रुपये और पैंतिस पैसे मात्र) +ब्याज + अन्य खर्च |

दिनांक : 11.09.2025, स्थान : रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

**FORM NO. 14**
[See Regulation 33(2)]
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/3/2025 — 25.08.2025

IDBI BANK
Versus
MUGDHA DEVI CHANDEL CHANDEL

To,
(CD 1) MUGDHA DEVI CHANDEL CHANDEL
MANRAKHAN LAL CHANDEL
H. NO. 157, VILL-HIRENTARA, POST-PENDRAWAN, TEH- DHAMDHA, DURG(C.G.)-491331
(CD 2) MANRAKHAN LAL CHANDEL
H. NO. 157, VILL-HIRETARA, POST-PENDRAWAN, TEH-DHAMDHA, DIST-DURG (CG)-496001

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/651/2022 an amount of Rs. 5207915 (Rupees Fifty Two Lakhs Seven Thousand Nine Hundred Fifteen Only) along with pendentellite and future interest @ 10 % Simple Interest Yearly w.e.f. 23/05/2022 till realization and costs of Rs. 55000 (Rupees Fifty Five Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under. 3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing. 4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 13/11/2025 at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay: (a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings. (b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 25/08/2025

SEAL — Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

## महिला वनडे विश्व कप

# न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, चार नए खिलाड़ियों को मौका




एजेंसी ▶▶| आकलैंड

पांचवीं बार विश्व कप खेल रही अनुभवी हरफनमौला सोफी डेवाइन इस महीने के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले महिला वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड की अगुवाई करेंगी जबकि चार खिलाड़ी पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट खेलेंगे। पंद्रह सदस्यीय टीम की घोषणा की गई, जिसमें छह खिलाड़ी विश्व कप में पदार्पण करेंगे। टीम में अनुभवी सूजी बेट्स और तेज गेंदबाज ली ताहुहू भी हैं, जिनका यह क्रमशः पांचवां और चौथा विश्व कप होगा। मैडी ग्रीन और मेली केर तीन बार विश्व कप खेल चुकी हैं। न्यूजीलैंड के कोच बेन सॉयेर ने कहा ,' मैं टीम के संतुलन से बहुत खुश हूं। हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही मिश्रण है। पिछले चार आईसीसी टूर्नामेंटों से मैं टीम के साथ हूं और इस बार तैयारी सर्वश्रेष्ठ है।' न्यूजीलैंड को पहला मैच एक अक्टूबर को आस्ट्रेलिया से इंदौर में खेलना है।

### न्यूजीलैंड टीम

सोफी डेवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडेन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हालीडे, ब्री इलिंग, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोसमेरी मायेर, जॉर्जिया प्लिमेर, ली ताहुहू ।

**केनरा बैंक Canara Bank** (सिंडिकेट Syndicate)
क्षेत्रीय कार्यालय, प्लॉट सं. 45, सेक्टर 24, नवा रायपुर, अटल नगर, 492101 (छत्तीसगढ़)

**रोशनी राव ने सामान बाहर निकालने के लिए नोटिस प्रकाशित किया**

प्रति,
1. **श्रीमती रोशनी राव पत्नी श्री जी. श्रीनिवास राव**, प्लॉट संख्या 36, वृंदावन कॉलोनी, उम्दा रोड, भिलाई 3, दुर्ग - 490021
2. **श्री जी. श्रीनिवास राव**, मकान संख्या 104, ब्लॉक संख्या एफ, आनंदपुरम फेज-1, कोहका, सुपेला भिलाई दुर्ग, छत्तीसगढ़, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490023

प्रिय महोदय/महोदया,

**विषयः बैंक के कब्जे वाले मकान में घरेलू सामान और अन्य सामान हटाना ।**

जैसा कि आप जानते हैं, मैंने, केनरा बैंक, भिलाई जीई रोड की ओर से **04.07.2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया हैः "आवासीय भवन, प्लॉट संख्या 36, खसरा संख्या 258/1 के एक भाग में स्थित, "वृंदावन" मौजा उम्दा, प.ह.नं 01, आर.आई.सी. भिलाई, तहसील-पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है ।

हालाँकि, सुरक्षा का कब्जा लेते समय, आपने घरेलू सामान और अन्य सामान आदि को खाली करने की व्यवस्था नहीं की है, जो **04.07.2025** से उक्त घर में अभी भी शेष हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर, आपको सलाह दी जाती है कि आप **19.09.2025** तक या उससे पहले उपरोक्त परिसर के अंदर रखे अपने सभी घरेलू सामान और अन्य सामान को हटाकर घर खाली कर दें।

कृपया ध्यान दें कि हमारा बैंक इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा । निर्धारित समय सीमा के बाद छोड़ी गई किसी भी वस्तु की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

यदि निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर वस्तुओं को हटाया नहीं जाता है, तो हमारा बैंक आपको कोई और सूचना दिए बिना, हमारी नीति के अनुसार उनका निपटान करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत हस्ताक्षर

**केनरा बैंक Canara Bank** A Government of India Undertaking (सिंडिकेट Syndicate)
**रायपुर मुख्य शाखा (छ.ग.)**

**अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठित तथा प्रतिभूति हित का **प्रवर्तन अधिनियम 2002** के अधीन **केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2)** के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से **60 दिन** के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एततद्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन **केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा** को देय बकाया राशि एवं उस पर व्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है ।**

| क्र. सं. | ऋणी का नाम | कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना राशि | मांग सूचना तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री संदीप जेठानी पुत्र राजकुमार जेठानी मार्फत. भूषण लाल चंद्राकर** एवं **श्रीमती सोनिया जेठानी पत्नी संदीप जेठानी मार्फत भूषण लाल चंद्राकर**, 1881, डब्ल्यू- 32, ओप्पो भाल, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | खसरा नं. **20/8-9-10**, 1108 वर्गफीट, प.ह.नं. **110/63**, मौजा- शंकर नगर, दूसरी मंजिल, जीटी हाइट्स, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड नं. 29, तह. व जिला- रायपुर । क्षेत्रफल **-1108** वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 204. **चौहद्दीः उत्तर-** फ्लैट नं. 201, **दक्षिण-** खुला क्षेत्र, **पूर्व-** फ्लैट नं. 203, **पश्चिम-** खुला क्षेत्र । | ₹ **46,99,854.93** ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ. | 02/07/2025 कब्जा सूचना तिथि 06/09/2025 |

दिनांक : 10.09.2025, स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India** भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर, प्लॉट नं. 71, सेक्टर- 24 अटल नगर, नया रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492018
परिशिष्ट-IV ए [नियम 6(8) के परंतुक को देखें]
**अचल संपत्ति की विक्रय हेतु बिक्री सूचना**

**ई-नीलामी बिक्री सूचनाः बैंक में बंधक रखे अचल संपतियों का, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, प्रतिभूति-हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित धारा 8 (6) के तहत विक्रय किया जाना है।**

सर्वसाधारण, विशेष रुप से ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिनका **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** लिया है, **"जैसा है, जहां है और जैसा है, जो है"** के आधार पर दिनांक **26.09.2025** समय **(प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक)** पर नीलाम किया जावेगा, जिसका विवरण नीचे दिए अनुसार है । आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि संपत्ति के विरुद्ध नीचे दर्शाये गये तालिका में उल्लेख किया गया है ।

| क्र. | उधारकर्ता एवं जमानतदार/शाखा का नाम | सपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मूल्य / अमानत राशि / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | **महेंद्र सिंह चौहान. शाखाः महाराजा चौक, दुर्ग.** | **स्वामित्व- महेंद्र सिंह चौहान**, मौजा- कुरुद, वार्ड नं. 16, सुंदर विहार, प्लॉट नं. 7बी, पीसी नं. 14/19, आरआईसी- दुर्ग, तहसील- दुर्ग । क्षेत्रफल 770 वर्ग फीट । | ₹ 22,59,095.91 + 01.01.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 23.00 लाख / ₹ 2.30 लाख / ₹ 0.25 लाख |
| 02 | **श्री जीतन कुमार एवं लालिमा वर्मा शाखा- दुर्ग** | ख.नं. 299/368, 252/151, प.ह.नं. 8, सक्ती नगर, वार्ड नं. 18, दुर्ग, 560 वर्ग फीट में शामिल फ्रीहोल्ड डायवर्टेड भूमि, दो मंजिला भवन की संपत्ति । | ₹ 41.75 लाख + 31.03.2025 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 13.50 लाख / ₹ 1.35 लाख / ₹ 0.15 लाख |
| 03 | **नितीन जैन/ शाखा- दुर्ग** | सर्वे नंबर ख. नं. 7215/2, प.ह.नं. 14/19, फ्लैट नंबर 301, तीसरी मंजिल, यूनिट 02, कृष्णा मैरिज पैलेस के पास, शकुंतला अपार्टमेंट, वैशाली नगर, वार्ड नंबर 15, कोहका, भिलाई, तह- दुर्ग, जिला-दुर्ग कुल क्षेत्रफल 1576 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट । | ₹ 33,43,000.00 + 01.01.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 24.50 लाख / ₹ 2.45 लाख / ₹ 0.30 लाख |
| 04 | **मेसर्स पंजाब ऑटो, श्री हरजीत सिंह दुआ, श्री जसप्रीत कौर दुआ शाखा- पण्डरी यूएमएफबी** | **श्रीमती जसप्रीत कौर दुआ** के नाम पर ऑर्चिड ब्लॉक नं. 1, भूतल, ग्रीन अर्थ सिटी, ग्राम- अमलेश्वर, पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 584.22 वर्गफीट में स्थित आवासीय संपत्ति फ्लैट नं. 106. | ₹ 25.82,000.00 + 31.08.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 14.00 लाख / ₹ 1.40 लाख / ₹ 0.15 लाख |
| 05 | **मेसर्स श्री बालाजी ट्रेडर्स एण्ड डेकोरेटर्स प्रोपराईटर- श्री आर. जगदेश्वर रेड्डी, श्री पास्पुलेटी राय कृष्णा** के माध्यम से/ **चरोदा शाखा.** | **प्रोप-1-** ख नं **816/11** मौजा-ग्राम सिरसाकला, प.ह.नं. 02, आरआईसी भिलाई, चरोदा, वार्ड नंबर 37, सिरसा, भाटापारा वार्ड, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग छ.ग. में स्थित खुला प्लॉट। **प्रोप-2-** ख नं **816/12** मौजा-ग्राम सिरसाकला, प.ह.नं. 02, आरआईसी भिलाई, चरोदा, वार्ड नंबर 37, सिरसा भाटापारा वार्ड, तहसील पाटन जिला- दुर्ग छ.ग. में स्थित खुला प्लॉट. | ₹ 10,12,000.00 + 31.08.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 4.10 lacs / ₹ 0.41 lacs / ₹ 0.041 lacs / For prop no. 1 & 2 (separately) |
| 06 | **मेसर्स वी.के. कन्स्ट्रक्शन, प्रोप्राईटर- श्री विजयानंद सिंह, श्रीमती कंचन सिंह पत्नी श्री विजयानंद सिंह** के माध्यम से/ **चरोदा शाखा.** | ख.नं. 177/10, प्लॉट न. 26, प.ह.नं. 02, आरआईसी भिलाई, चरोदा, वार्ड नं. 31, सिरसा, जी केबिन सिरसाकला वार्ड, तहसील- पाटन, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल- 1575 वर्गफीट में स्थित खुला प्लॉट. | ₹ 5,75,000.00 + 31.08.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 4.50 lacs / ₹ 0.45 lacs / ₹ 0.10 lacs |
| 07 | **श्री डी शिव कुमार पुत्र लिंगामुर्ति श्रीमती मधुरिमा पत्नी डी शिव कुमार शाखा- भिलाई सुपेला** | ख.नं. 252, खमरिया, भिलाई, जिला- दुर्ग छ.ग. निर्मित क्षेत्रफल- 590 वर्गफीट में स्थित छः मंजिला फ्लैट नं. एलआईजी- I/603. | ₹ 9.99 लाख + 30.07.2022 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 8.00 लाख / ₹ 0.80 लाख / ₹ 0.10 लाख |
| 08 | **श्री दीपक कुमार पुत्र जनार्दन प्रसाद श्रीमती मीना पत्नी दीपक कुमार शाखा- भिलाई सुपेला** | ख.नं. 303/15, 303/2, 303/10, ब्लॉक-ई, साई विलास एवं अपार्टमेंट, टाईप-1, तृतीय तल, मौजा- जांजगिरी, वार्ड नं. 24, प.ह.नं. 44/49, आरएनएम- अहिरवारा, तहसील- धमधा, जिला- दुर्ग छ.ग., क्षेत्रफल- 0.720 हेक्टेयर, निर्मित क्षेत्रफल- 350.02 वर्गफीट में स्थित फ्लैट नं. 305. | ₹ 17.77 लाख + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 9.00 लाख / ₹ 0.90 लाख / ₹ 0.10 लाख |
| 09 | **मेसर्स वेलकम बेकरी, श्री अमर दीप जिमनानी, श्री वातूमल जिमनानी/ दुर्ग शाखा** | ख.नं. 61/139, प.ह.नं 17, क्षेत्रफल 2000 वर्ग फुट एवं ख.नं. 61/180, प.ह.नं 17 जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट, प्रेम नगर, राम नगर, सिकोला, वार्ड नं. 14, दुर्ग छत्तीसगढ़-491001, कुल क्षेत्रफल 3500 वर्ग फुट में स्थित वाणिज्यिक भूमि और भवन का विस्तार । | ₹ 5,70,000.00 + 01.02.2024 से ब्याज + कानूनी और अन्य शुल्क | ₹ 50.00 lacs / ₹ 5.00 lacs / ₹ 0.50 lacs |


**उपरोक्त संपत्तियों पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं है ।**
**ई-नीलामी की तिथि व समयः 26.09.2025, सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक ।**

पंजीकरण, लॉगिन एवं बोली नियमों के लिए देखें **ऑनलाइन ई-नीलामी वेब पोर्टल/वेबसाइट https://baanknet.in** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, किसी भी विस्तृत पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करेंः **क्र. 01 के लिएः शिल्पा खुराना/मोबा.-9755554335, क्र. 02, 03 के लिएः गौरव मिश्रा/मोबा.-7800002186, क्र. 04 के लिएः श्री प्रदीप थवाईत/मोबा.-9406455999, क्र. 05, 06 के लिएः श्री सुनील मौर्य/मोबा.-9919175656. क्र. 07 एवं 08 के लिएः श्री प्रदीप बारिक/मोबा.-7077103753 एव क्र. 09 के लिएः गौरव मिश्रा/मोबा.-7800002186.**

**उधारकर्ताओं और गारंटरों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।**

दिनांकः 10.09.2025, — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

# मंगल पर रहने के लिए क्या-क्या चाहिए? 378 दिन में चैप्टर मिशन देगा हर सवाल का जवाब



**वॉशिंगटन।** 4 लोग एक साल के लिए एक मिशन पर जा रहे हैं, जो बिल्कुल ही मंगल ग्रह पर रहने के अनुभव जैसा ही होगा। इसका मकसद यह जानना है कि अंतरिक्ष यात्री लंबी यात्रा के दौरान शारीरिक और मानसिक दबाव को कैसे संभालते हैं। 19 अक्टूबर को 4 लोग जिनके नाम रॉस एल्डर, एलेन एलिस, मैथ्यू मोंटगोमरी और जेम्स स्पाइसर है, नासा के मार्स ड्यून अल्फा में जाएंगे। यह ह्यूस्टन में स्थित 1,700 वर्ग फुट का एक 3डी घर है, जो बिल्कुल मंगल पर रहने जैसा ही अनुभव देगा। ये लोग 378 दिनों तक इस घर में रहेंगे और 31 अक्टूबर 2026 को अपना मिशन पूरा करेंगे।

### क्या है इस मिशन का मकसद?

इस पूरे मिशन का मकसद है मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्रियों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझना। इस दौरान चारों लोगों को कुछ खास परिस्थितियों का सामना करना होगा जैसे, संसाधनों की कमी, अकेले रहना, संचार में देरी, डिवाइसेज का खराब हो जाना और तेज स्पीड वाली नकली अंतरिक्ष यात्रा से भी जूझना होगा।



### इस मिशन से क्या जानकारी मिलेगी?

ये सारे प्रयोग नासा को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने वाले इंसानों के स्वास्थ्य और काम करने के तरीके के बारे में जरूरी जानकारी देने के लिए बनाए गए हैं। नासा ने मानव अनुसंधान कार्यक्रम की वैज्ञानिक सारा व्हाइटनिंग ने कहा, **NASA** जैसे-जैसे आर्टेमिस मिशन की तैयारी कर रहा है।

### इन नकली मिशन में टीम क्या काम करेगी?

सिमुलेशन के दौरान इस टीम के सदस्यों को कई तरह के काम करने होंगे जैसे- मंगल पर नकली सैर करना, रोबोट को चलाना और सब्जियां उगाना। इसके अलावा ये सभी मंगल पर लंबे समय तक रहने के लिए नई तकनीकों की जांच करेंगे जैसे कि पीने का पानी देने वाले डिस्पेंसर और मेडिकल डिवाइस। चैप्टर की मुख्य जांचकर्ता ग्रेस डगलस ने बताया, यह सिमुलेशन हमें यह नापने में मदद करेगा कि मंगल जैसे परिस्थितियों में दिमाग और शरीर कैसे काम करता है।

### क्या चैप्टर ने पहले भी काम किया है?


यह चैप्टर के तहत किया गया एक साल का दूसरे सिमुलेशन है। पहला सिमुलेशन जुलाई 2024 में पूरा हुआ था और उससे मिले डाटा ने पहले ही नासा ने मिशन की योजना को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। हालांकि, नासा अकेला नहीं है जो मंगल ग्रह के जीवन पर अध्ययन कर रहा है। भारत ने भी हाल ही में अपना खुद का ऐसा ही मिशन लॉन्च किया है।


# आसमान में कितने तारे हैं? वैज्ञानिकों ने खोज लिया दिमाग घुमा देने वाले इस सवाल का जवाब!

**नई दिल्ली।** रात के समय आसमान में टिमटिमाते तारे मन को जिज्ञासा से भर देते हैं। खासतौर पर बच्चे इन्हें देखकर कई तरह के सवाल पूछने लगते हैं, जिसका जवाब बड़ों के पास नहीं होता है। लेकिन, बच्चों के जिज्ञासा को शांत करने के लिए बनावटी जवाब देते रहते हैं। ऐसा ही एक सवाल है, जो अक्सर लोगों का दिमाग घुमा देता है- आसमान में कितने तारे हैं? इस सवाल ने सदियों से लोगों को परेशान किया है। लेकिन, अब वैज्ञानिकों ने इसका जवाब ढूंढ लिया है, और वह आपको हैरान कर देगा! बहुत समय पहले, एक मशहूर अमेरिकी वैज्ञानिक कार्ल सगन ने कहा था कि 'आसमान में जितने तारे हैं, वो धरती पर मौजूद हर रेत के कण से भी ज्यादा हैं।' सोचिए, समंदर किनारे की रेत के एक छोटे से मुट्ठी में ही लाखों रेत के कण होते हैं। ऐसे में पूरी धरती पर न जाने कितनी रेत है। भला तारे उससे ज्यादा कैसे हो सकते हैं? लेकिन, अब वैज्ञानिकों ने साबित कर दिया है कि कार्ल सगन की बात सच थी।

### सितारों की गिनती: एक नामुमकिन सा काम

मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के गणितज्ञों ने एक खास गणितीय सूत्र बनाया है, जिससे यह अंदाजा लगाया गया कि ब्रह्मांड में कितने तारे हो सकते हैं। उन्होंने सीधे-सीधे गिनती तो नहीं की, लेकिन जो तारे अब तक दिखे हैं, उनके आधार पर उन्होंने एक हिसाब लगाया। और, इस हिसाब से ब्रह्मांड में सैकड़ों अरबों तारे हैं। हर तारे के आसपास एक या उससे ज्यादा ग्रह घूमते हैं, ठीक वैसे ही जैसे हमारा सूरज और पृथ्वी।





### केपलर टेलीस्कोप ने खोले नए राज

वैज्ञानिकों ने एक खास टेलीस्कोप केपलर टेलीस्कोप बनाया है, जो दूर-दराज के तारों की निगरानी करता है। जब कोई ग्रह किसी तारे के सामने से गुजरता है, तो ये टेलीस्कोप उसका पता लगाता है। अब तक के डेटा से पता चला है कि हर तारे के पास कम से कम एक ग्रह जरूर होता है। सोचिए – अगर अरबों तारे हैं, और हर तारे के पास कोई न कोई ग्रह है, तो वहां कितनी 'नई पृथ्वी' हो सकती हैं! और हो सकता है, कहीं न कहीं जीवन भी हो!


### क्या हम अकेले हैं?

अब सवाल उठता है, क्या इस पूरे ब्रह्मांड में सिर्फ धरती पर ही जीवन है? वैज्ञानिक कहते हैं नहीं! जब इतने सारे ग्रह हैं, तो कहीं न कहीं जीवन के लिए सही हालात भी जरूर होंगे। शायद भविष्य में इंसान उन ग्रहों पर पहुंच सके जहां जीवन मुमकिन हो या फिर, कोई और सभ्यता हमसे पहले वहां रह रही हो। ये सब बातें अब सिर्फ कल्पनाएं नहीं हैं, बल्कि विज्ञान धीरे-धीरे उन्हें सच्चाई में बदल रहा है।

# यूपी का अनोखा गांव...जहां 100 सालों से नहीं हुआ कोई श्राद्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के एक गांव में 'पितृ पक्ष' के दौरान श्राद्ध कर्म न करने की लगभग सौ वर्षों से चली आ रही परंपरा का पालन आज भी किया जा रहा है। इस दौरान न तो किसी ब्राह्मण को तर्पण के लिए बुलाया जाता है और न ही गांव में भिक्षा दी जाती है। गुन्नौर तहसील के यादव बहुल भगता नगला गांव के ग्रामीणों के अनुसार, पितृ पक्ष के पूरे पखवाड़े में कोई भी श्राद्ध कर्म नहीं किया जाता। यहां तक कि भिखारी भी गांव में प्रवेश नहीं करते, क्योंकि इन दिनों कोई दान या भिक्षा नहीं दी जाती।

ग्रामीणों के अनुसार, इस परंपरा की शुरुआत लगभग एक सदी पहले हुई थी। मान्यता है कि एक ब्राह्मण महिला किसी परिजन की मृत्यु के बाद के कर्मकांड के लिए गांव आई थी, लेकिन भारी वर्षा के कारण यहीं रुक गई। जब वह कुछ दिन बाद अपने घर लौटी, तो उसके पति ने उस पर चरित्रहीनता का आरोप लगाते हुए उसे घर से निकाल दिया।



### ब्राह्मण महिला की व्यथा से जुड़ा श्राप

ग्रामीण बताते हैं कि व्यथित होकर वह महिला वापस भगता नगला लौट आई और इस दुर्भाग्य के लिए अपनी यात्रा को कारण मानते हुए गांव को श्राप देते हुए कहा, भविष्य में यदि इस गांव में श्राद्ध किया गया, तो वह दुर्भाग्य लाएगा। गांव के लोगों ने उसके शब्दों को श्राप मानकर श्राद्ध कर्म करना पूरी तरह से बंद कर दिया, तब से यह परंपरा चली आ रही है।

### आज भी गांव वाले निभा रहे हैं परंपरा

गांव की प्रधान शांति देवी और उनके पति रामदास ने बताया कि, गांव में लगभग 2,500 निवासी हैं, जिनमें अधिकतर यादव समुदाय से हैं। कुछ मुस्लिम और कुछ ब्राह्मण परिवार भी हैं। रामदास ने कहा, उस घटना के बाद हमारे बुजुर्गों ने श्राद्ध करना बंद कर दिया था। हम उनकी मान्यताओं का पालन करते हैं और आज भी यह परंपरा जारी है। यहां तक कि भिखारी भी इन दिनों गांव में नहीं आते।

### परंपरा तोड़ने पर सामने आई मुश्किलें

एक अन्य ग्रामीण हेतराम सिंह (62) ने बताया कि, अतीत में जब किसी ने इस परंपरा को तोड़ने की कोशिश की, तो भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिससे लोगों का विश्वास और दृढ़ हो गया। ग्रामीण रामफल (69) ने बताया, श्राद्ध पक्ष को छोड़कर, ब्राह्मण विवाह और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए गांव आते रहते हैं, लेकिन इन 15 दिनों के दौरान, यहां के स्थानीय ब्राह्मण भी किसी धार्मिक समारोह में भाग नहीं लेते।

# वैज्ञानिकों ने 20,000 फीट गहरे समुद्र में निकाले काले गोले, देखते ही बोले- ये तो सबसे पुराना

**टोक्यो।** वैज्ञानिकों को कुरील-कामचटका ट्रेंच में समुद्र के नीचे 20,000 फीट से भी ज्यादा गहराई में चट्टानी ढलान पर काले रंग के अंड मिले हैं। ये अंडे फ्री-लिविंग फ्लैटवर्म के हैं। यह इन जीवों के प्रजनन का अभी तक का सबसे गहरा मामला है। यह खोज बायोलॉजी लेटर्स नाम की पत्रिका में छपी है। इससे हमें ये समझने में मदद मिलेगी कि धरती के कुछ सबसे सरल जीव इतनी गहराई में कैसे जीवित रहते और बच्चे पैदा करते हैं।



### किसने की ये खोज?

लगभग 20,300 फीट नीचे की गहराई पर, जहां कम जीव-जंतु कम पाए जाते हैं, ऐसी जगह पर टोक्यो विश्वविद्यालय और होक्काइडो यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों को एक हैरान कर देने वाली चीज मिली। वैज्ञानिकों ने रिमोट से चलने वाले वाहन आरओवी का इस्तेमाल करके एक चट्टान से चिपके हुए चमकदार काले अंडे जैसे गोलों की खोज की है।

### क्या है कुरील कामचटका?

कुरील-कामचटका ट्रेंच 31,000 फीट से भी ज्यादा गहरा है, लेकिन यह अभी भी यह धरती के सबसे कम खोजे गए क्षेत्रों में से एक है। जिस जगह पर ये अंडे मिले थे वह अथाह ढलान पर है। यह जगह 11,300 से 20,000 फीट से भी ज्यादा गहरी है। ऐसा माना जाता है कि यहां एक समृद्ध लेकिन अनदेखा जीवमंडल मौजूद है।

### इस खोज से क्या साबित होता है?

यह खोज फ्लैटवर्म के प्रजनन का अभी तक का सबसे पुराना रिकॉर्ड है। इससे पहले 2006 में ओलिगोक्लाडस वोइगटे नाम के फ्लैटवर्म को 10,600 फीट की गहराई पर खोजा गया था। शोध में पाया गया कि ये भ्रूण आनुवंशिक तौर से मैरिकोला उपसमूह से जुड़े हैं जो आमतौर पर समुद्री किनारों या नदी-मुहानों में पाए जाते हैं। इसका मतलब है कि ये गहरे समुद्र में पैदा नहीं हुए, बल्कि समुद्री क्षेत्रों से धीरे-धीरे नीचे की गहराई में गए।

# पिता ने 52 साल की उम्र में पूरी की एमबीए की पढ़ाई, बेटे ने खुशी में दी सरप्राइज पार्टी

**मुंबई।** मुंबई के एक शख्स ने 52 साल की उम्र में एमबीए की डिग्री हासिल करके लोगों के लिए एक मिसाल कायम कर दी है। इस शख्स से लोगों को ये प्रेरणा मिलती है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। जिनकी कहानी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इतना ही नहीं, उनके बेटे मैत्रेय साठे ने इस पल का जश्न एक सरप्राइज पार्टी के साथ मनाया, जिसने ऑनलाइन हज़ारों लोगों का दिल जीत लिया। इंस्टाग्राम पर 'ग्रेजुएट' कैप्शन के साथ शेयर किए गए इस कार्यक्रम में एक रचनात्मक थीम थी, जहां मेहमानों ने उनके पिता के चेहरे के मास्क पहने थे और साथ ही सभी ने ग्रेजुएशन कैप पहनी थी। आयोजन स्थल को रंग-बिरंगे स्टिकी नोटों से सजाया गया था, जिन पर गर्मजोशी भरे संदेश लिखे थे, जो परिवार के गौरव को दर्शाते थे।

# 9 साल की बेटियों से किराया वसूलती है मां, पैसे न चुकाने पर लगाती है जुर्माना

**न्यूयार्क।** माता-पिता कड़ी मेहनत करते हैं जिससे वो बच्चों को अच्छी, सेहतमंद जिंदगी दे सकें. पर कुछ माता-पिता बच्चों को जीवन की सच्चाई से रूबरू करवाना चाहते हैं। ऐसा ही एक मां भी कर रही है। अमेरिका की ये महिला अपनी 9 साल की जुड़वां बेटियों से घर में रहने के लिए किराया वसूलती है और वक्त पर पैसे न चुकाने पर जुर्माना लगा देती है। आप भी ये सुनकर हैरत में पड़ गए होंगे. तो जानिए कि क्यों वो ऐसा कदम उठा रही है।

अमेरिका के अटलांटा (जॉर्जिया) में रहने वाली 38 वर्षीय ला टोया व्हिटफील्ड ने अपनी जुड़वां बेटियों को बचपन



से ही असली जिंदगी के सबक सिखाने का अनोखा तरीका अपनाया है। उन्होंने अपनी 9 साल की बेटियों ग्रेस और ऑटम से किराया वसूलना, गंदगी पर जुर्माना लगाना और समय पर भुगतान न करने पर 'घर से निकालने' तक का नियम बना दिया है। ला टोया ने यह पहल तब शुरू की जब उनकी बेटियों ने लगातार एक हफ्ते में दो बार महंगे जापानी रेस्तरां बेनीहाना में खाने की फरमाइश कर दी।

### असली जिंदगी की ट्रेनिंग

यही सोचकर उन्होंने एक नकली किराया अनुबंध तैयार किया, ताकि बच्चियों को जिम्मेदारी का एहसास हो। ला टोया ने प्ले मनी सिस्टम बनाया और बेटियों को हफ्ते की कमाई के हिसाब से खर्च तय करने को कहा। $80 (करीब 6,600) किराया, $10 (करीब 820) बिजली बिल, $5 (करीब 410) वाई-फाई और गैस। हर शुक्रवार दोनों बेटियां वेतन पर्ची अपने डाकबॉक्स से लेतीं और उसे परिवार के बैंक में जमा करके बिल चुकातीं।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com